हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 11.12.2023 | वर्ष 10, अंक 335 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

जो व्यक्ति पवित्र और साहसी है, वह जीवन में कुछ भी कर सकता है।

## क्विक न्यूज

### भाई-भाभी को कुल्हाड़ी से काटा, मौत

**भंडरा-लोहरदगा:** भंडरा प्रखंड के ख्वास खिजरी गांव में सगे भाई ने अपने भैया-भाभी की निर्मम हत्या कर दी। मृतक की पहचान वार्ड पार्षद सुकरा उरांव (48 वर्ष) व पत्नी आंगनबाड़ी सेविका गायत्री उरांव (45 वर्ष) के रुप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने घटनास्थल पहुंच जांच पड़ताल शुरु कर दी। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि ख्वास खिजरी गांव के तेतरचुवा बस्ती निवासी जीतू उरांव व सुकरा उरांव दोनों भाइयों में परिसंपत्ति बंटवारा को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। इसी दौरान रविवार को सुकरा उरांव अपने घर के आंगन में बैठकर खाना खा रहा था। तथा पत्नी दूसरी ओर बैठकर बीएलओ का कार्य कर रही थी। तभी अभियुक्त जीतू उरांव टांगी लेकर अपने बड़े भाई सुकरा के गर्दन पर हमला कर दिया। इसी बीच बचाव करने पहुंची गायत्री उरांव को भी जीतू उरांव ने टांगी से काटकर हत्या कर दी। इससे दोनों पति-पत्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### सेल्फी के चक्कर में दो युवक नदी में डूबे

**सोनभद्र :** ओबरा थाना अंतर्गत रविवार को रेणुका नदी के किनारे एक चट्टान पर खड़े होकर सेल्फ़ी लेने के प्रयास में दो लोग डूब गए । डूबने वालों में एक किशोर है। प्रभारी निरीक्षक देवी वर शुक्ला ने बताया कि ग़ाज़ीपुर के बरदहा थाना निवासी सुभाष मौर्य ओबरा थाना में तैनात हैं। उनके यहाँ मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए उनका भाई मुकेश एवं ओबरा थाने में तैनात हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार आए थे। उक्त दोनों एवं उनके साथ एक अन्य पुलिस कर्मी का रिश्तेदार आशुतोष कुशवाहा ओबरा के पास स्थित रेणुका नदी पर नवनिर्मित पुल की तरफ़ घूमने गए थे। उसी दौरान तीनों नदी में उभरी हुई चट्टान पर खड़े होकर सेल्फ़ी लेने लगे द्य सेल्फ़ी लेते समय अंकित का पैर फिसल गया और बचाव के लिए उसने मुकेश का हाथ पकड़ा जिससे वह भी असंतुलित हो गया। इन सब में आशुतोष भी असंतुलित हो गया जिससे तीनों नदी में गिर गए और पानी में बहने लगे। आशुतोष किसी प्रकार बाहर आ गया। जबकि अन्य दोनों का कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश के कार्य में लगी हुई है।

### बरेली हादसे में मरने वाले आठ लोगों की पहचान के लिए होगी डीएनए जांच

**बरेली:** शनिवार की आधी रात को हुए मार्ग दुर्घटना में कार में जलकर आठ लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों की पहचान कर ली गई है। लेकिन शव जल जाने की वजह से अब तक शव की पहचान नहीं हो पा रही है कि कौन किसकी लाश है, इसलिए अब सभी शवों का डीएनए जांच होगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने बताया कि इस दुर्घटना में जान गवाने वालों में बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव मितापुर निवासी फुरकान (25), जाम गांव निवासी मोहम्मद अय्यूब (35),सादाब (26),बाबू अली(41), मोहम्मद आरिफ (30), मोहम्मद आसिफ (23),मोहम्मद आलिम (20) और वर्षीय मोहम्मद आसिफ (34) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि बरेली सड़क हादसे में मरने वालों के नाम सामने आ गए हैं। दुर्घटना के बाद कार में आग लगने की वजह से सभी पूरी तरह से जिंदा जल गए है। कौन किसकी लाश है इसकी पहचान कराने के लिए शवों का डीएनए कराया जाएगा।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**रांची :** रांची-खूंटी रोड पर हिरण पार्क के पास सड़क दुर्घटना में रविवार को दो युवकों की मौत हो गई। बताया जाता है कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाने के पहले ही दोनों की मौत हो गई। फिलहाल युवकों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस दोनों युवकों की पहचान कराने की कोशिश कर रही है।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24⁰ |
| न्युनतम | 17⁰ |

# विष्णुदेव साय बने छत्तीसगढ़ के नए सीएम

*** अरुण साव व विजय शर्मा बने डिप्टी सीएम, पूर्व सीएम रमन सिंह होंगे स्पीकर**

*** 18 लाख आवास स्वीकृत करना मेरी पहली प्राथमिकता : सीएम**

**भाजपा के पर्यवेक्षक अर्जुन मुंडा, सर्बानंद सोनोवाल और दुष्यंत गौतम की रायपुर में नव निर्वाचित विधायकों के साथ बैठक की, जिसमें विष्णुदेव साय के नाम पर मुहर लगी।**

**छत्तीसगढ़**

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री के चेहरे से पर्दा हट गया। विष्णुदेव साय प्रदेश के नए मुख्यमंत्री होंगे। इससे पहले रायपुर स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में विधायक दल की काफी लंबी बैठक चली। भाजपा के पर्यवेक्षक अर्जुन मुंडा, सर्बानंद सोनोवाल और दुष्यंत गौतम की रायपुर में नव निर्वाचित विधायकों के साथ बैठक की, जिसमें विष्णुदेव साय के नाम पर मुहर लगी। विधायक दल की बैठक के बाद फैसला हुआ कि सीएम पद की जिम्मेदारी विष्णुदेव साय संभालेंगे। जबकि डिप्टी सीएम पद की कमान अरुण साव और विजय शर्मा को मिली। पूर्व सीएम रमन सिंह स्पीकर होंगे। विष्णुदेव साय कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। सीएम के नाम का ऐलान होने के बाद विष्णुदेव साय ने कहा कि मुख्यमंत्री के तौर पर मैं अपनी सरकार के जरिए पीएम मोदी की गारंटी को पूरा करने की कोशिश करूंगा। आवास योजना के हितग्राहियों के लिए 18 लाख आवास स्वीकृत करना नई छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किया जाने वाला पहला कार्य होगा।



### आदिवासी समाज के बड़े नेता हैं विष्णुदेव साय

छत्तीसगढ़ के नए सीएम विष्णुदेव का प्रदेश में बड़ा नाम है। वे आदिवासी समाज के बड़े नेता माने जाते हैं। इसके साथ ही साय को संगठन में काम करने का लंबा अनुभव भी है।विष्णुदेव साय 1980 में बीजेपी में शामिल हुए थे.पार्टी को मजबूत करने के लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ में जमीनी स्तर पर काम किया. इतना ही नहीं, राज्य में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में बीजेपी की जीत के लिए उन्होंने कई बार अहम भूमिका भी निभाई है. उन्होंने कुनकुरी सीट से जीत हासिल भी की है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटाए जाने के बाद भी वे पार्टी से लगातार जुड़े रहे।

### छत्तीसगढ़ की राजनीति के धुरंधर हैं विष्णुदेव साय

छत्तीसगढ़ की राजनीति में विष्णुदेव साय इसलिए बड़ा नाम है, क्योंकि वे चार बार सांसद, दो बार विधायक, केंद्रीय राज्य मंत्री और दो-दो बार के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। इसके साथ ही उन्हें संगठन में काम करने का लंबा अनुभव भी है। साल 2023 में विधानसभा चुनाव में उन्होंने कुनकुरी सीट से जीत हासिल भी की है। प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटाए जाने के बाद भी वे पार्टी से लगातार जुड़े रहे। साय ने अपनी राजनीतिक सफर की शुरुआत 1989 में की। सबसे पहले वे एक गांव के पंच के रूप में थे। संघ से जुड़े थे। भारतीय जनता पार्टी ने साल 1990 में उनके ऊपर भरोसा जताकर तपकरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक का टिकट दिया, जिसमें उन्होंने जीत हासिल की। इसके बाद वे रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र से लगातार तीन बार के सांसद भी चुने गए। साल 1999 से लेकर साल 2014 तक लगातार तीन बार सांसद रहे। विष्णुदेव साय को आदिवासी समाज का बड़ा चेहरा माना जाता है। आदिवासी कोटे से आने के कारण विष्णुदेव साय सीएम पद के लिए प्रबल दावेदार भी थे।

**उपराष्ट्रपति ने जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के छात्रों से किया संवाद**

# उद्यम का प्रतीक है जमशेदपुर : उपराष्ट्रपति

*** क्वांटम कंप्यूटिंग, ग्रीन हाइड्रोजन और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में भारत तेजी से बढ़ रहा है आगे**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी एकदिवसीय यात्रा पर झारखंड पहुंचे। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह उनका झारखंड राज्य का प्रथम दौरा था। अपनी इस यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति ने जमशेदपुर के जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत आज तेज गत से विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है और यह अब बढ़त अजेय है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था सबसे बड़ी बनने की राह पर है। हमने यूके को पीछे छोड़ा है और अब जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ने वाले हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ने कहा कि विश्व बैंक के अध्यक्ष ने कहा कि भारत ने डिजिटल क्षेत्र में पिछले एक दशक में जो करिश्मा किया है वह 47 सालों में भी संभव नहीं था। उन्होंने आगे कहा कि आज दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। हमारे यहां जितना डिजिटल ट्रांजेक्शन होता है वह अमेरिका, यूके, फ्रांस और जर्मनी के ट्रांजेक्शन से चार गुना से भी अधिक है। उन्होंने कहा हमारी प्रतिभा का तो कोई मुकाबला ही नहीं है। हम टेक्नोलॉजी को सहज ही ग्रहण करते हैं, भारत का प्रति व्यक्ति इंटरनेट डाटा कंजप्शन अमेरिका और चीन के प्रति व्यक्ति इंटरनेट डाटा कंजप्शन से भी अधिक है। जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा जमशेदपुर नवाचार और उद्यम को परिभाषित करता है। यह संस्थान उसी का प्रतीक है। इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, संस्थान के अध्यक्ष, टीवी नरेंद्रन, संस्थान के निदेशक, फादर एस. जॉर्ज, फॉदर डोनाल्ड डिसिल्वा, सुनील कुमार गुप्ता, आमंत्रित अतिथिगण संस्थान के शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### धनबाद : आईआईटी-आईएसएम के 43वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए उपराष्ट्रपति

**धनबाद :** आईआईटी-आईएसएम के 43 वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी कार्यक्रम मे उपस्थित हुए।आईआईटी-आईएसएम के चेयरमैन प्रोफेसर प्रेम व्रत, निदेशक प्रोफेसर जीके पटनायक, उप निदेशक प्रोफेसर धीरज कुमार, जिले के डीसी-एसपी आदि ने राष्ट्रपति को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर किया। उपराष्ट्रपति द्वारा दीक्षांत समारोह में 43 स्वर्ण, 15 रजत, 19 प्रायोजित पदक दिए गए। एक छात्र को राष्ट्रपति स्वर्ण पदक मिला। इस वर्ष 2021 बैच के 1917 स्कालर्स और छात्रों को डिग्री प्रदान की गयी। सबसे अधिक डिग्री बीटेक में 806 छात्रों को मिली। इसके साथ ही 372 छात्रों को पीएचडी एवं 33 छात्रों को पीजी डिप्लोमा की डिग्री दी गयी। एक बीटेक इंजीनियरिंग छात्र को 2021-22 बैच के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया।

# मायावती ने आकाश आनंद को घोषित किया अपना उत्तराधिकारी



### आकाश की लॉन्चिंग के बाद बसपा हुई कमजोर

बता दें कि यूपी में आकाश की लॉन्चिंग के बाद बसपा लगातार कमजोर ही हुई है. 2017, 2019 में पार्टी को बड़ी हार मिली तो वहीं 2022 के यूपी चुनाव में तो बसपा महज एक सीट पर सिमट गई. बसपा के प्रदर्शन में आई बड़ी गिरावट के बाद ऐसे राज्यों में जहां पार्टी की जड़ें पुरानी और गहरी तो हैं लेकिन उतनी मजबूत नहीं है.

एजेंसी

**लखनऊ :** मायावती ने बसपा की बैठक में सबके सामने ऐलान किया कि बीएसपी में उनके उत्तराधिकारी आकाश आनंद होंगे.आकाश आनंद लंदन से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कर चुके हैं. उनकी राजनीति में एंट्री साल 2017 में हुई थी, जब वह सहारनपुर रैली में पहली बार मायावती के साथ मंच पर दिखे थे. आकाश फिलहाल पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर भी हैं.आकाश आनंद के सियासी सफर की बात करें तो वो साल 2017 में राजनीति में आए. मायावती ने 2017 में एक बड़ी रैली कर आकाश आनंद को राजनीति में लॉन्च किया था. मायावती ने आकाश आनंद को भविष्य की राजनीति के लिए मैदान में उतारा है। ताकि उनको चुनावी दांव-पेंच,टिकट वितरण, चुनाव प्रचार और अन्य पहलुओं का अनुभव मिल सके। बता दें कि यूपी में आकाश की लॉन्चिंग के बाद बसपा लगातार कमजोर ही हुई है. 2017, 2019 में पार्टी को बड़ी हार मिली तो वहीं 2022 के यूपी चुनाव में तो बसपा महज एक सीट पर सिमट गई. बसपा के प्रदर्शन में आई बड़ी गिरावट के बाद ऐसे राज्यों में जहां पार्टी की जड़ें पुरानी और गहरी तो हैं लेकिन उतनी मजबूत नहीं है.

# कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर छापेमारी जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी रविवार को भी हुआ। छापेमारी का पांचवां दिन है। रांची के रेडियम रोड स्थित सुशीला निकेतन में आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम सुबह ही पहुंच गई और कार्रवाई शुरू की। लोहरदगा में छापेमारी की कार्रवाई पूरी हो चुकी है।

जबकि ओडिशा के आवास, कार्यालय सहित झारखंड की राजधानी रांची में रेडियम रोड स्थित सुशीला निकेतन में छापेमारी जारी है। छापेमारी में मिले नोटों की गिनती का काम भी जारी है। अबतक लगभग 500 करोड़ रुपये बरामद हो चुके हैं।

पहले दो-तीन दिनों की छापेमारी में 300 करोड़ से अधिक बरामद हुए थे। चौथे दिन ओडिशा में सांसद धीरज साहू के मैनेजर के घर से 200 करोड़ से अधिक की बरामदगी की बात सामने आयी है। चार दिनों की छापेमारी में आयकर विभाग को कुल मिलाकर 500 करोड़ से भी अधिक कैश मिले हैं। बताया गया है कि सांसद धीरज साहू के ठिकानों से जितने नोट बरामद हुए हैं और हो रहे हैं, उनकी पूरी गिनती होने पर आंकड़ा 800-1000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।



### कांग्रेस ने मांगा स्पष्टीकरण

रांची : कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू और उनके परिवार के सदस्यों और व्यापारिक सहयोगियों के आवास पर आयकर छापे में भारी मात्रा में नकदी पाए जाने के बाद कांग्रेस पार्टी ने सांसद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। स्पष्टीकरण में उनसे पूछा गया है कि उनके पास इतना पैसा कहां से आया और यह पैसे किसके हैं। यह जानकारी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने कहा कि सांसद धीरज साहू और उनके संयुक्त परिवार का सामूहिक कारोबार है। वह परिवार 100 वर्षों से अधिक समय से व्यवसाय में है। इतनी बड़ी मात्रा में पैसा उनके पास कहां से आया, इसकी जानकारी तो वही दे सकते हैं।

**10 दिसंबर 2023 तक राज्य के 4 लाख 90 हजार स्कूली बच्चे-बच्चियों को मिला साइकिल वितरण योजना का लाभ**

# 29 दिसंबर तक साइकिल खरीद हेतु कुल 360 करोड़ रुपए की राशि का किया जाना है वितरण

प्रभाता मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के सरकारी स्कूलों में अध्यनरत बच्चे-बच्चियों के उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निदेशानुसार राज्य सरकार द्वारा झारखंड के विभिन्न सरकारी स्कूलों में अध्यनरत 4 लाख 90 हजार बच्चे-बच्चियों को साइकिल खरीद हेतु 10 दिसंबर 2023 तक 220 करोड़ रुपए से अधिक की राशि उनके बैंक खातों में डीबीटी के तहत भेजी गई है। इसमें सत्र 2020-21, 2021-22 एवं 22-23 के 8वीं कक्षा के लाभार्थी विद्यार्थी शामिल हैं। उक्त सत्र के शेष बचे लगभग 3 लाख 10 हजार लाभार्थी विद्यार्थियों को 29 दिसंबर 2023 तक साइकिल खरीदने के लिए उनके बैंक खातों में राशि जमा की जा रही है।

### आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के शिविरों में मिल रहा है साइकिल वितरण योजना का लाभ

आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार के प्रत्येक शिविर एवं विशेष कैम्प के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल क्रय हेतु राशि का वितरण किया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण हेतु सभी जिलों के उपायुक्तों द्वारा सूची भेजी गई है। सभी जिलों को मिलाकर कल्याण विभाग को लगभग 8 लाख पात्र लाभार्थी बच्चों की सूची मिली थी। एसटी,एससी,बीसी एवं अन्य वर्ग के वैसे पात्र बच्चे जो वर्ष 2020-21 में आठवीं कक्षा में अध्यनरत थे तथा वर्तमान वर्ष में 11वीं कक्षा में अध्यनरत हैं। इसी प्रकार 2021-22 में आठवीं तथा वर्तमान वर्ष में दसवीं तथा 2022-23 में 8वीं एवं वर्तमान वर्ष में नौवीं कक्षा के विद्यार्थी हैं एवं जिनकी सूची जिला द्वारा विभाग को भेजी गई है। 10 दिसंबर 2023 तक 2878 कैम्प में लगभग 4 लाख 90 हजार बच्चों के बैंक खातों में साइकिल खरीद हेतु डीबीटी के माध्यम से 220 करोड़ से अधिक की राशि भेजी जा चुकी है। उक्त सत्र के शेष बचे लगभग 3 लाख 10 हजार लाभार्थी विद्यार्थियों को 29 दिसंबर 2023 तक साइकिल खरीदने के लिए उनके बैंक खातों में राशि जमा की जा रही है।



### बोरवेल में गिरी ढाई साल की बच्ची हार गई जिंदगी की जंग

**पटना (एजेंसी):** बिहार के गया जिले में मोहनपुर प्रखंड की अमकोला पंचायत के मसौंधा गांव में रविवार सुबह बोरवेल में गिरी आकांक्षा आखिरकार जिंदगी की जंग हार गई। लाख कोशिशों के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। वह खेलने के दौरान 105 फीट गहरे बोरवेल में गिर गयी थी। ग्रामीणों ने जेसीबी की मदद से बच्ची को बोरवेल से बाहर निकाल लिया लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी।

असर्फी कैंसर संस्थान, धनबाद
वही तरीका वही ईलाज
असर्फी हॉस्पीटल
संभव है, कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
मुँह और गले का कैंसर | अंडाशय का कैंसर | पित्ताशय का कैंसर
स्तन कैंसर | फेफड़ा का कैंसर | हड्डी का कैंसर
गर्भाशय के मुँह का कैंसर | पेट का कैंसर | मलाशय का कैंसर
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

# चितबिश्राम हाई स्कूल में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** उच्च विद्यालय चितबिश्राम के मैदान में रविवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक बालिका) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलकूद युवा कार्य निदेशालय झारखंड के निर्देश पर आयोजित इस प्रतियोगिता में नरही पंचायत के ग्राम नरही एवं ग्राम जासा के बीच मैच खेला गया। जासा की टीम ने नरही को 3-0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया.मैच का उदघाटन नरही पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर एवं जेएमएम नेता अमर नाथ पांडेय ने किया.इस अवसर पर मुखिया मनोज कुमार ठाकुर ने कहा की गांव के बच्चों के पास कोई सुविधा नहीं होती है, उनके पास पहनने के लिए किट भी नहीं है। मैं अपने स्तर से इन्हें आगे बढ़ने का प्रयास करूंगा। अमर नाथ पांडेय ने कहा की इस तरह का आयोजन कराना मुख्यमंत्री जी की एक अच्छी पहल है। गांव पंचायत स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में ग्रामीण स्तर के खिलाड़ी खेले और अपने गांव का नाम झारखंड तक पहुंचाये। पिपरडीह पंचायत के अंतर्गत सोनपुरा ग्राउंड पर खेले गये मैच में सोनपुरा की टीम ने पिपरडीह को 2-0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। भोजपुर पंचायत के अंतर्गत भोजपुर मैदान में खेले गए मैच में अलकर की टीम ने भोजपुर को 2-0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच का उदघाटन मुखिया ओम प्रकाश उरांव ने किया। अन्य पंचायत के मैच जारी है। 11 दिसंबर 2023को उच्च विद्यालय चितबिश्राम के मैदान में नगर ऊंटरी प्रखंड के सभी पंचायत के बीच प्रखंड स्तरीय मैच खेला जायेगा तथा अपराह्न 3:00 बजे फाइनल एवम् समापन होगा। उक्त आशय की जानकारी प्रखंड प्रभारी अखिलेश प्रसाद ने दिया।

# पांकीः अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट ने निकाला आक्रोश पूर्ण मशाल जुलूस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पांकी :** पलामू जिले के पांकी में करणी सेना के लोगों ने बीते दिनों हुई राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के संस्थापक सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्या के विरोध में शनिवार को आक्रोश पूर्ण मशाल जुलूस निकाला, मशाल जुलूस पुराना ब्लॉक स्थित समाजसेवी प्रिंस सिंह के आवास से कर्पूरी चौक होते हुए भगत सिंह चौक के रास्ते होते हुए अम्बेडकर चौक तक निकली जुलूस में सुखदेव सिंह अमर रहे, सुखदेव सिंह के हत्यारो को फांसी दो के जोरदार नारे लगाए गए, मशाल जुलूस अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के बैनर तले निकली गई। मौके पर प्रिंस सिंह उर्फ अविनाश सिंह, उपप्रमुख अमित कुमार चौहान उर्फ रिंकू सिंह, मुखिया मुकेश सिंह, अरविंद सिंह, बब्लू सिंह, पगार मुखिया पति रिंकू सिंह, अरुण सिंह, नित्यानंद सिंह उर्फ रिंकू सिंह, छोटू सिंह, समाजसेवी अशोक सिंह, अजित सिंह, सतीश सिंह सहित सैकड़ों लोग थे।

## कृषि विभाग में सोमवार से होगा बीज का वितरण शुरू



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रबी फसलों की बुवाई का समय चल रहा है।इसमें किसान जुटे हुए हैं। इधर सरकार द्वारा अनुदानित दर पर किसानों को बीज भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में किसानों के बीच गेहूं का बीज का वितरण सोमवार से किया जाएगा। प्रखंड कृषि अधिकारी एटीएम प्रियंका कुमारी ने जानकारी दिया की सोमवार के 11:00 बजे से सभी 25 पंचायत के किसान लाभुक के बिच 40 किलो का बैग एक एकड़ मे बुवाई करने के लिए दिया जाएगा, साथ ही उन्होंने कहा की हरेक पंचायत को 4 क्विंटल गेहूं बीज देने का निर्णय बैठक मे लिया गया है।एक किसान को 40 केजी का बैग एक एकड़ में बुवाई करने के लिए दिया जाएगा। जो सोमवार को सेमरा, खुरा कला, रबदा, पतरिया खुर्द मंगलवार को करसो, बॉडी, सलतुआ, बुढीवीर बुधवार को ओड़नार, बांसडीह, बरांव, नरसिंहपुर पथरा गुरुवार को कोशियारा,पूर्वडीहा, मंझिगावा, तलेया बंभडी शुक्रवार को महुगांवा, बंदुआ, नेऊरा, झरिवा शनिवार को भड़गांवा, चांदो, अवसाने, कंकारी, बसरिया कला इसी तरह गेंहू बीज देने का समय निर्धारित किया गया है। किसान लाभुक गेहुं बीज लेने उसी दिन आये जिस दिन उनका पंचायत को गेहुं बीज देने का समय निर्धारित किया गया है।

## उरसुला के युवक की पुणे में मौत, शव पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम

**विश्रामपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत उरसुला गांव के एक युवक की मौत पुणे में हो गई। रविवार को उसका शव जैसे ही पहुंचा पूरे गांव में मातम का माहौल छा गया। मिली जानकारी के अनुसार उरसुला गांव के हुलास राम का पुत्र गोविंद कुमार (22) कमाने के लिए मुंबई जा रहा था। गोविंद महाराष्ट्र के पुणे स्टेशन पर पानी पीने के लिय वह उतरा था। इसी बीच ट्रेन खुल गया। दौड़कर ट्रेन पर चढ़ने के क्रम में उसका पैर फिसल गया। जिससे वह प्लेटफॉर्म के किनारे गिर पड़ा और ट्रेन उसको रौंदती हुई निकल गई। घटनास्थल पर ही गोविंद की मौत हो गई.परिजनों ने बताया कि गोविंद की शादी तय हो गई थी। उसके विवाह को लेकर घर में खुशी का माहौल चल रहा था.लेकिन इस हादसे के बाद खुशी का माहौल मातम में बदल गया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर आज गांव के श्मशान घाट पर उसका दाह संस्कार किया गया। दाह संस्कार में समाज सेवी गोपाल राम, वार्ड पार्षद अजय कुमार रवि, डॉ. राजेश कुमार, राकेश कुमार, ब्रह्मदेव राम, देवनाथ राम, मनोज राम, सुदामा राम, विनोद राम, सुरेश यादव, बिष्णु राम, रविन्द्र सिपाही, भीखारी राम, अभय कुमार, संजय कुमार, ब्रजमोहन राम सहित कई लोग शामिल हुए।

## सिलेंडर से गैस रिसाव के बाद पकड़ी आग, चार झुलसे

**विश्रामपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नप मुख्यालय के दर्जी मुहल्ला में सिलेंडर से गैस रिसाव के बाद लगी आग में चार लोग झुलस गए। जिसमे से एक की हालत गंभीर है। घटना शनिवार देर शाम करीब आठ बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार अनवर खलीफा उर्फ बिट्टू के रसोई घर में सिलेंडर के रेगुलेटर से गैस रिसाव हो रहा था। इस बात से अनजान जफरीन प्रवीन व निकहत प्रवीन खाना बनाने हेतु गैस चूल्हा जलाई। जिसके बाद पूरे रसोई घर में आग की लपटें निकलने लगी। जिससे जफरीन प्रवीन और निकहत प्रवीन आग की लपटों में घिर गई। इन दोनों महिलाओं को बचाने गए अनवर खलीफा और इम्तियाज खलीफा भी आग की लपटों से झुलस गए। सभी घायलों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां सभी का इलाज हुआ। अनवर खलीफा के गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया गया।

## चाकू मारकर बाइक की लूट

**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैदरनगर जपला मुख्य पथ के चौकड़ी व बहेरा मोड़ के बीच शनिवार की देर शाम भगड़ा गांव निवासी नीरज कुमार सिंह को अज्ञात लुटेरा ने बीच रोड में खड़े होकर बाइक रोकने का इशारा किया। बाइक निकालने के चक्कर में असंतुलित होकर गिरने के बाद अपराधी ने बाइक सवार नीरज कुमार सिंह के सीने में चाकू मार कर घायल कर दिया। घायलावस्था में वह बाइक छोड़ दौड़ कर भाग कर अपनी जान बचाई। इस बीच लुटेरा नीरज कुमार सिंह की हीरो होंडा बाइक स्टार्ट कर जपला की ओर भाग गया। अपराधी के भागने के बाद घायल नीरज कुमार सिंह किसी तरह हैदरनगर पहुंच कर पुलिस को सूचना दी। हैदरनगर पुलिस घटना स्थल जाकर जायजा लिया। इस बीच नीरज कुमार सिंह अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंच कर इलाज कराया। उसके सीने में सात टांके लगे हैं। वह खतरे से बाहर है।

## अभिभावक के साथ किया बैठक

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के मुख्यालय से करीब 10 किमी की दूरी पर संचालित सरस्वती कोचिंग सेंटर ने अध्यनरत सभी बच्चें की अभिभावक के साथ समीक्षात्मक बैठक की आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता कोचिंग सेंटर की निर्देशक नितीश कुमार ने किया। इस बैठक मे मुख्य रूप से उपस्थित अभिभावक से शिक्षा से सबंधित किसी प्रकार के शिकायत है तो निर्भीक होकर अपनी बात रखने के लिए आग्रह किया और हमें और उत्तम शिक्षा आपके बच्चों के दे सके। वही पर शिक्षा संस्थान के निर्देशक नितीश कुमार ने कहा कि अपने बच्चें को मोबाइल से काफी दूर रखें क्योंकि इसे बच्चें शिक्षा पर ध्यान कम कर देते है, और बच्चें होम वर्क नहीं बना कर आते है। इस बात से सहमति जताते हुए कहा की हमलोग अपने अपने बच्चें के ऊपर विशेष ध्यान रखेगें। इस बैठक मे पूर्व पंचायत समिति सदस्य सरयू ठाकुर, दीपक सर, समाज सेवी असगर अंसारी, बिगनी देवी, बिगन साव, रहमतुल्ला अंसारी समेत काफी संख्या मे मौजूद थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायत में लगेगी शिविर

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिले के विभिन्न प्रखण्डों के पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। हैदरनगर प्रखंड के मोकहरकला पंचायत में, हुसैनाबाद प्रखंड के बेनीकला पंचायत में, पिपरा प्रखंड के तेंदुई के अन्य ग्राम में, हरिहरगंज प्रखंड के कुलहिया के अन्य ग्राम में, नौडीहा बाजार प्रखंड के सरईडीह पंचायत में, छतरपुर प्रखंड के दिनादाग पंचायत में, पांडू प्रखंड के महुगावा पंचायत में ऊंटारी रोड प्रखंड के जोगा मुख्यालय में, विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा मुख्यालय में, नावाबाजार प्रखंड के सोहदागखुर्द के अन्य ग्राम में, पड़वा प्रखंड के छेछोरी के अन्य ग्राम में, चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा पंचायत में, रामगढ़ प्रखंड के बेडमा बभण्डी के अन्य ग्राम में, सदर मेदिनीनगर प्रखंड के कौड़िया पंचायत में, पाटन प्रखंड के शोले पंचायत में, मनातू प्रखंड के रंगेया के अन्य ग्राम में, तरहसी प्रखंड के पाठक पगार पंचायत में, नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के संगवार पंचायत में, सतबरवा प्रखंड के रबदा पंचायत में, पांकी प्रखंड के डंडारकला पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा। वंही मेदिनीनगर नगर निगम के वार्ड संख्या तीन एवं नौ के लिए बाजार समिति परिसर, बैरिया में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## मुकुंदपुर पंचायत सूर्य नारायण वन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आज

**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर पंचायत के सूर्य नारायण वन मंदिर परिसर में सोमवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उक्त शिविर में राशन, पेंशन, अबुआ आवास, पशुपालन, सावित्री बाई फुले किशोरी योजना, मनरेगा, पंद्रहवें वित्त, श्रम विभाग, कृषि विभाग, भूमि संबंधित, गुरुजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड, केसीसी लोन, पेयजल सहित अन्य योजनाओं का लाभ देने के लिए ग्रामीणों से आवेदन लिया जायेगा। साथ ही ऑन द स्पॉट योजनाओं का लाभ निन्शुल्क योग्य लाभुकों को दिया जाएगा।

# मानव सेवा का पर्याय बन चुका है सर्वेश्वरी समूह : रागनी राय




प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** श्री सर्वेश्वरी समूह के प्रयागराज और पलामू प्रमंडलीय शाखा द्वारा आगामी 17 दिसंबर को विश्रामपुर जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में निःशुल्क मेघा चिकित्सा शिविर लगाया जायेगा। शिविर में 25 विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी टीम के साथ रोगियों का जांचोपरांत इलाज करेंगे। इसकी जानकारी रविवार को समूह द्वारा बिश्रामपुर राज परिवार के गढ़ में प्रेसवार्ता आयोजित कर दी गई.मेदानीनगर शाखा उपाध्यक्ष सह ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल के निदेशक रागनी राय ने बताया कि शिविर में एलोपैथ व होमियोपैथ पद्धति से सभी रोगों का इलाज होगा। शिविर में पैथलोजी सेंटर भी होगा.जांचोपरांत चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जायेगा। मरीजों को प्रमार्श और मुफ्त दवा भी दिया जायेगा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के जो मरीज शिविर तक आने मे असहाय होंगे उन्हे समूह द्वारा वाहन भी उपलब्ध कराया जायेगा। श्रीमती राय ने कहा कि सर्वेश्वरी समूह पूरे दुनिया में मानव सेवा का पर्याय बन चुका है। समूह बगैर किसी भेदभाव के सभी जरूरतमंदों का मदद करता है। हमारा लक्ष्य है कि इस मेघा चिकित्सा शिविर में पांच हजार लोगों का जांचोपरांत मुफ्त इलाज हो। उन्होंने आम लोगों से शिविर में आकर स्वास्थ जांच और उपचार कराने का आग्रह किया। समूह के विश्रामपुर शाखा मंत्री नागेंद्र प्रसाद पांडेय ने कहा कि मेघा चिकित्सा शिविर आयोजन की तैयारी जोरों पर है। समूह के पदाधिकारी एवं सदस्य शिविर की सफलता हेतु जुटे हुए हैं। प्रेसवार्ता में समूह के प्रचार मंत्री अनुराग सिंह, अजय बक्स राय, सुमन साही, डॉ नरेन्द्र पाल सहित कई लोग मौजूद थे।

# शांति प्रवक्ता प्रेम रावत का 66 वां जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी का 66 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शहर के हरिहरगंज, अररूआ खुर्द ग्रामीण क्षेत्र के तूरी, मझिगावां, बघना, पड़रिया, माडादाग, दुबरीडीह, निकटवर्ती बिहार राज्य के संडा, सरईवार, बलूवाड़ी, इब्राहिमपुर सहित कई राज विद्या केंद्रो पर बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। अररुआ खुर्द केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने प्रेम रावत जी के चित्र की आरती उतारी व पूजा अर्चना कर केक काटकर जन्म दिवस मनाया, आकाश कुमार चौधरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेम रावत जी एक ख्याति प्राप्त शांति का संदेश देने वाले महापुरुष है, इनके अनुयायी पूरे दुनिया में प्रेम का संदेश फैलाने में सहायक हैं. साथ ही राज विद्या केंद्र संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य संपूर्ण विश्व के चलाया जाता है. इनके बताए मार्ग पर चलकर, हम जीवन को सफल बना सकते हैं, उक्त सभी राज विद्या केंद्रों में शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी द्वारा अंजन टीवी के माध्यम से शांति का संदेश प्रसारण किया गया, जिसमें महिला पुरुष हजारो लोगों ने संदेश सुना वही भक्तों ने अपने-अपने केंद्रों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।श्रद्धालुओ के बीच भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र सहायक सह शिक्षिका मधु कुमारी, सेवा सहायक सह संवाददाता कृष्णा गुप्ता, प्रचार सहायक दिनेश पासवान, शिक्षक सरोज चौधरी, अमन गुप्ता, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, सुमित्रा देवी, नवीन पांडेय सहित काफी लोग शामिल थे।

# खरौंधी पुलिस के द्वारा चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौंधी :** गढ़वा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर खरौंधी थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंदुरिया के द्वारा चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत खरौंधी प्रखंड के मझिगांवा पंचायत में जागरूकता अभियान चलाने के क्रम में रविवार को सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीणों के समक्ष सड़क सुरक्षा से संबंधित बातों को रखा गया एवं थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया के द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि बिना हेलमेट, सीट बेल्ट,शराब पीकर, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई व चालान करने का हिदायत दिया गया।

# एसडीएम ने असहाय लोगों के बीच किया कंबल का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** आपकी योजना आपकी सरकार द्वार कार्यक्रम में ऊपरी कला पंचायत परिसर सचिवालय में अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण पंचायत मुखिया प्रेमा देवी उप प्रमुख इंदू देवी ने असहाय के बीच कंबल वितरण किया गया मौके पर हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने कहा कि ग्रामीणों को ठंड से बचाव के लिए झारखंड सरकार ने जरूरत मंद वृद्ध असहाय लोगो को विषेश सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है मौके पर पंचायत पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामजी राम समाजसेवी पवन कुमार पटेल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# विश्व मानवाधिकार दिवस पर एचएम ने कहा अधिकार के लिये शिक्षा आवश्यक : देवनन्दन नायक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखण्ड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड कैरो क्षेत्र के राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय के प्रांगण में 10 दिसंबर रविवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित विद्यालय के बच्चों, शिक्षको, माता समिति सदस्यो के बीच स्थानीय एवं वर्तमान व्यक्तिगत समस्याओं पर चर्चा करते हुए मानवाधिकार के निमित्त सभी 30 बिंदुओं पर सविस्तार जानकारी दी गई। जानकारी के क्रम में प्रधानाध्यापक देवनन्दन नायक ने बताया कि किसी भी जाति, धर्म, संस्कृति, लिंग रंग भाषा राजनीतिया अन्य विचार,जन्म या अन्य परिस्थिति आदि के आधार पर किसी भी व्यक्ति के साथ मानसिक और शारीरिक भेद भाव नहीं किया जा सकता है न ही उसे संवैधानिक अधिकारों से वांछित किया जा सकता है। चूंकि सभी मनुष्य जन्म से ही गरिमा और आधिकार की दृष्टि से स्वतंत्र एवं समान हैं। प्रत्येक व्यक्ति को प्राण, स्वतंत्रता और दैहिक सुरक्षा का आधिकार है।आज हमें व्यक्तिगत आधिकार की जानकारी के लिए भी शिक्षित होना बहुत जरूरी है। जबतक हम शिक्षित नहीं होंगे तबतक मानव आधिकार की जानकारी मुझे नहीं मिल पाएगी।

# श्रम दान कर पथ बना रहें चौरिया के ग्रामीणों को गटियरवा टोला के कुछ लोंगो से मिली जान से मारने की धमकी



प्रभात मंत्र सवांददाता

**खरौंधी :** अंचल कार्यालय के सामने चौरिया के ग्रामीणों ने पूर्व उपप्रमुख सह आजसू के जिला प्रवक्ता गोरखनाथ चौधरी के नेतृत्व में अंचलाधिकारी सुनील कुमार के खिलाफ शनिवार को अनिश्चित कालीन धरना पर बैठ गए। अनिश्चित कालीन धरना शाम को पाँच बजे तक चला। इसमें अंचलाधिकारी सुनील कुमार के द्वारा उनकी मांगों पर कारवाई करने के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ। इस मौके पर चौरिया के ग्रामीणों ने बताया कि रविंद्र चौधरी के घर से कुसुंदा पहाड़ तक पथ का अतिक्रमण मुक्त करने के आलोक में अंचलाधिकारी के द्वारा अंचल निरीक्षक, हल्का कर्मचारी एवं अमीन को भेज कर पथ की मापी की गई थी। इसके बाद चौरिया के ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से पथ से संबंधितकागजात मांगी थी। परंतु उनके द्वारा रिपोर्ट के कागजात नहीं दिया गया था। इस बीच चौरिया के ग्रामीण श्रमदान कर उक्त पथ का निर्माण करने लगे.इसी बीच अरंगी पंचायत के गटियरवा टोला निवासी शशि मेहता, दिनेश मेहता, ढुलू मेहता के द्वारा अस्त्र शस्त्र लेकर घटनास्थल पर आकर धमकाया गया। उनके द्वारा कहा गया कि पथ का निर्माण नहीं होगा. अगर जबरदस्ती निर्माण किया तो जान से मार देंगे.इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा अंचलाधिकारी सुनील कुमार को दूरभाष पर सूचना देने का प्रयास किया गया. परंतु उनसे बात नहीं हो पाई। इससे छुब्ध होकर हम लोग अंचल कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए. इधर गोरखनाथ चौधरी ने बताया कि दूर्भाग्य हैकि पथ का भूमि का नापी होने के बावजूद चंद लोगों के द्वारा रोका गया और धमकी दी गई। अंचल के द्वारा अगर सीमांकन करा दिया जाता तो यह नौबत नहीं आती। इस मौके पर मुखिया प्रमोद राम, राम विलास चौधरी, विद्याधर चौधरी, अरुण कुमार चौधरी, हरिनंदन चौधरी, बीरबल पटेल, शीवकुमार पटेल, मिथलेश राम आदि लोग उपस्थित थे।

**सभी कागजात जांच कर करवाई किया जायेगा**

खरौंधी आंचलाधिकारि सुनील कुमार ने बताया की मुझे पहले से कोई सूचना नहीं था लेकिन आज आवेदन प्राप्त हुआ है जिसके बाद सभी कागजातों को जांच कर करवाई किया जायेगा

# भौंरो पंचायत में केंद्र द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड के गडरपो व भौंरो पंचायत में रविवार को केंद्र सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गडरपो पंचायत के सेमरा स्कूल मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का विधिवत उद्घाटन मुखिया सुमित उरांव व पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप जलाकर किया गया। मौके पर स्वास्थ्य, शिक्षा, कल्याण, बाल विकास, अंचल कार्यालय के अधिकारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को अपने-अपने विभाग से संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ लेने को लेकर प्रेरित किया गया। इस दौरान गडरपो मुखिया सुमित उरांव को एलईओ नीता सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पंचायत में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंची जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने को लेकर सरकार कई तरह की योजनाएं संचालित कर रही है। किसानों को बेहतर पैदावार कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार किसानों को जैविक खेती के लिए प्रशिक्षण दें रही है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से खेतों में नैनो यूरिया का छिड़काव करा रही है, ताकि किसान का पैदावार में वृद्धि हो सकें। इस दौरान उन्होंने बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ लेकर ही लोग आत्मनिर्भर बन सकते है। मुखिया सुमित उरांव ने कहा कि केंद्र सरकार आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को लेकर कई तरह की योजनाएं संचालित कर रही है। पंचायत स्तर पर हेल्थ वेलनेस सेंटर का शुभारंभ किया है। गरीबों को पांच लाख रुपए तक के निशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड,गांव से पलायन रोकने के लिए मनरेगा सहित कई योजनाओं से जोड़कर उन्हें आर्थिक समृद्धि की ओर अग्रसर कर रही है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## सांसद प्रतिनिधि ने सीओ से अलाव जलाने की व्यवस्था करने की किया मांग

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता राजेश गुप्ता ने अत्यधिक ठंड को देखते हुए ओरमांझी सीओ से प्रखंड के सभी चौक चौराहा पर अलाव की व्यवस्था करने की मांग किया। जिस पर सीओ ने कहा कि कल से ही सभी चौक चौराहा पर अलाव की व्यवस्था कर दिया जाएगा।

## कपड़ा बैंक के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कपड़े व कंबल का वितरण

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के डुमरी मसिया गांव में रविवार को कपड़ा बैंक के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कपड़े एवं कंबल वितरण किया। कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में लोगों के बीच गर्म कपड़े, कंबल, साड़ी,जींस, बच्चों के कपड़े, सहित अन्य कपड़ों का वितरण किया गया। कपड़ा बैंक के सदस्यों के द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़े गरीब, परिवार के बच्चे, बुजुर्ग,पुरुष एवं महिलाओं के बीच 350 कपड़ों का वितरण किया गया। कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने बतलाया की कपड़ा बैंक विभिन्न गांवों में जाकर जरूरतमंदों के बीच कपड़ा वितरण करती है। कपड़ा बैंक बेड़ो की स्थापना 2020 में की गई थी तब से लगातार कपड़ा बैंक सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। कपड़ा वितरण में मासिया के आजाद अंसारी, कपड़ा बैंक के कैलाश कुमार, शक्ति साहू, सुनील महतो, मुकेश कुमार, रवि केशरी व अनुज कुमार गुप्ता सहियोग किया।

## पंचायत व ग्राम प्रभारी की नियुक्ति

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखंड के राजाउलातू के बरटोली में आजसू पार्टी का बैठक किया गया । जिसमें सर्वसम्मति से मंगल हेमरोम को पंचायत प्रभारी बनाया गया ।साथ ही महिला प्रभारी बहामनी कुजूर को बनाया गया। बरटोली का ग्राम प्रभारी अमयुस लकड़ा को बनाया गया। साथ ही बुजूर्ग महिला एवं पुरुष को कंबल दिया गया। मौके पर आजसू पार्टी रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, जितेंद्र सिंह, राहुल लकड़ा, सरस्वती देवी, रजनीकांत कुमार एवं सैक्डो ग्रामीण उपस्थित थे।

## यूटीआई फ्लेक्सी कैप फंड, व्यापार स्थिरता को प्राथमिकता देने वाला एक फ्लेक्सी-कैप पोर्टफोलियो

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सफल निवेश के लिए यथार्थवादी वित्तीय लक्ष्य निर्धारित करना महत्वपूर्ण है। ऐसा निवेश विकल्प चुनना जो आपको संबंधित जोखिम को समझते हुए लगातार पुरस्कृत करता हो, दीर्घकालिक इष्टतम परिणामों के लिए आवश्यक है। विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में अल्पकालिक से लेकर दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों के लिए म्यूचुअल फंड विकल्प तलाशे जा सकते हैं। यूटीआई म्यूचुअल फंड का फ्लेक्सी-कैप फंड, 1992 में लॉन्च किया गया, एक ओपन-एंडेड इक्विटी फंड है जो विभिन्न बाजार पूंजीकरण वाली कंपनियों की इक्विटी परिसंपत्तियों में कुल संपत्ति का कम से कम 65त्न निवेश करता है। 25,503 करोड़ रुपये का यह फंड अधिक के कोष के साथ उन दीर्घकालिक निवेशकों के लिए उपयुक्त है जो आर्थिक मूल्य पैदा करने की क्षमता वाले गुणवत्तापूर्ण व्यवसाय चाहते हैं। 1992 में लॉन्च किए गए इस फंड का प्रदर्शन रिकॉर्ड लगातार अच्छा रहा है और यह उन निवेशकों के लिए उपयुक्त है जो अपने धन सृजन लक्ष्यों को पूरा करना चाहते हैं।

## सम्मान समारोह का आयोजन

**जयनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ग्राम सतडीहा में मिडिल स्कूल मैदान में %एक मिशन एक सेवा% संस्थान के माध्यम से समाजसेवी सोहन लाल के द्वारा सम्मानीय वरिष्ठ नागरिक (बुजुर्गो) की सेवा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव शामिल हुए और संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में विधायक द्वारा वृद्धजन बुजुर्गों, माताओं को शॉल व अन्य वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही संस्थान के संयोजक ग्राम सतडीहा के निवासी समाजसेवी सोहन लाल जो दिल्ली के व्यवसायी है, उन्हें विधायक ने बुजुर्गों की सेवा में सामाजिक कार्यों हेतु शॉल ओढ़ाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया। समारोह का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि माता-पिता की सेवा ही परमात्मा की सच्ची सेवा हैं। कुछ लोग अपने माता-पिता और वृद्धजनों को बोझ समझकर वृद्ध आश्रमों में भेज देते हैं, जबकि उन्हें इस बात का आभास नहीं होता कि उनकी संतानें भी आने वाले समय में उनके साथ इस तरह का व्यवहार कर सकते हैं। बुजुर्गों का सम्मान व सेवा करना ईश्वर की सेवा करने के समान हैं।

## मुरी पुलिस ने झारखंड बंगाल की सीमा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरी पुलिस ने रविवार के दिन झारखंड बंगाल की सीमा पर सहायक अवर निरीक्षक आशीष रंजन के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के दरमियान हेलमेट, आरसी बुक, इंश्योरेंस तथा ट्रिपल राइडिंग एवं अन्य कागजात की जांच की गई। बिना हेलमेट तथा बिना कागजात वाले वाहन चालकों को सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया तथा भविष्य में दोबारा इस तरह की गलती नहीं करने की सलाह दी गई। मौके पर आशीष रंजन के द्वारा वाहन मालिकों को यातायात संबंधी नियमों को भी विस्तार पूर्वक बताया गया। वाहन चलाते समय हेलमेट की उपयोगिता के बारे में भी बताया गया। चेकिंग अभियान में सशस्त्र पर भी मौजूद रहे।

## बुद्ध पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शनिवार के दिन बुद्धा पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने प्राप्त शिक्षा का उम्दा प्रदर्शन किया। अभिभावकों ने प्रदर्शनी को देखकर काफी खुश और संतुष्ट नजर आए एवं नन्हे वैज्ञानिकों की भूरी भूरी प्रशंसा की। बच्चों ने अभिभावकों को प्रदर्शनी में लगे सारे सिस्टम के बारे में बारकी से जानकारियां दी। प्रदर्शनी में चंद्रयान-3, रूफटॉप फार्मिंग, एटीएम मशीन, पाचन क्रिया, वायु प्रदूषण, चारमीनार, सोलर सिस्टम, जल शुद्धीकरण, श्वसन तंत्र, सोलर एनर्जी, आटा चक्की और वायु दबाव इत्यादि का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने कहा कि इस तरह का आयोजनों से बच्चों में बुद्धि का विकास होता है। विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर जितेंद्र, राकेश, राहुल भद्रा, गोविंद, नकुल बडाईक, लंकेश्वर, प्रतिमा देवी, सुषमा सिंह, सुमित्रा कुमारी, अंजली कुमारी, आशा चौधरी, शालिनी कुमारी समेत सभी शिक्षक और विद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कोयलांचल के पुरानीराय रेलवे फाटक मे अंडरपास पुल का हुआ शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** देश को अरबो रूपये का राजस्व देने वाले राय रेलवे स्टेशन के पुरानी राय स्थित रेलवे फाटक के समीप पांच करोड की लागत से अण्डर पास पुल निर्माण कार्य का रविवार को समारोहपूर्वक शिलान्यास किया गया।

रेलवे प्रबंधन बरकाकाना द्वारा आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे रांची सांसद संजय सेठ और विशिष्ट अतिथि मे कांके विधायक समरीलाल, बरकाकाना के एडीआरएम अमित कुमार,सीनियर डीईए हंसराज मीणा,एएसटीई प्रभात कुमार,एईएम संजय संगीत्रा,टीआई उमेश कुमार, राय रेलवे स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार सहित कई रेलवे अधिकारी मौजुद थे।अतिथियों के आगमन पर खलारी पिपरवार क्षेत्र के भाजपा कार्यकत्ताओ सहित बरकाकाना रेलवे प्रबंधन के द्वारा बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद इस सांसद संजय सेठ और विद्यायक समरीलाल ने विधिवत पूजा अर्चना कर शिलापट्ट से पर्दा हटाकर अंडरपास पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।इस समारोह को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि भारत की आजादी के 76 वे वर्ष मे पहली बार संपूर्ण देश में एक साथ एक हजार अण्डर पास पुल और फ्लाई ओवर ब्रिज का शिलान्यास और निर्माण का कार्य होने जा रहा हैं।आज का दिन इस क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक दिन हैं।वर्षो से रेलवे अंडरपास पुल निर्माण की मांग की जा रही थी,जिसे आज सफल होते देखा जा रहा।

## झारखण्ड विधि महाविद्यालय में मना अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस झारखण्ड विधि महाविद्यालय परिसर में भावपूर्ण अनुष्ठान आयोजन के साथ मनाया गया। उक्त सभा में महाविद्यालय की सचिव डॉ?एन?मिश्रा, प्राचार्य डॉ0 विकास राय, डॉ0राखी कुमारी गुप्ता, डॉ0 सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय, प्रो0कौशल कुमार, प्रो0राघवेन्द्र दत्त सह अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मानवाधिकार दिवस का उद्भव इतिहास प्रयोजनियता एवं आज का वैश्विक परिप्रेक्ष में इसका जरूरत के ऊपर विभिन्न वक्ताओं ने अपना-अपना प्रकाश डालें। वर्तमान वैश्विक स्थिति से ज्यादातर वक्ताओं ने आशंका जताया कि जहां भुवनायित वित्तिय व्यवस्था में देश एवं मानवों में सद्भाव एवं मैत्री बनें रहना चाहिए उस जगह क्षुद्र स्वार्थ एवं स्वल्प लाभ के लिए देश एवं गोष्ठीओं के बीच बर्बरता की प्रकाश हावी होते जा रहा है, लेकिन आपसी मतभेद को व्यक्तिगत अभिलाषपूर्ण करने में मानवों का न्यायपूर्ण अधिकार को बलिदान दिया जा रहा है। छात्र-छात्राओं ने कविता एवं स्वयं प्रस्तुत भाषण के माध्यम से आज के दिन की महत्व पर प्रकाश डाला। सभा में क्रमशः शिवानी कुमारी, अभिनव यादव, सुरूची कुमारी, इशिता कुमारी इत्यादि छात्र-छात्राओं अपना अपना मंथन उपस्थापना की।

# नरकोपी में ए.आर. कम्पयूटर इंस्टीट्युट का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के ग्रामीण बैंक सड़क नरकोपी में रविवार को ए.आर. कम्पयूटर इंस्टीट्युट का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन उपप्रमुख मोद्दसिर हक, कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उराँव, मुखिया सरिता एक्का, पूर्व पंचायत समिति सदस्य असलम अंसारी ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। मौके पर उपप्रमुख मोद्दसिर हक ने कहा कि आज के समय में नौकरी, व्यवसाय सहित सभी क्षेत्र में कम्पयूटर का ज्ञान जरूरी है। कम्प्यूटर से नये रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं।

किताबी शिक्षा के साथ-साथ कंप्यूटर की शिक्षा बहुत जरूरी है। नरकोपी क्षेत्र में ये पहला कम्पयूटर प्रशिक्षण केन्द्र है। अब हमारे क्षेत्र के बच्चों को कम्पयूटर कोर्स के लिए बाहर जाना नहीं पड़ेगा। केन्द्र संचालक अतिक अंसारी ने कहा कि हमारे यहां छात्र-छात्राओं के सुविधा के हिसाब से अलग-अलग बैच बनाकर डीसीए, डीटीपी, टैली सहित अन्य कोर्स कराया जायगा। कोर्स पूरा होने पर आईएसओ द्वारा प्रमाणित सर्टिफिकेट दिया जायगा। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जायगा। मौके पर प्रशिक्षक डीआई टेक्निकल से अनिल कुमार, थाना के एएसआई कंचन कुमार सिंह, पिंटु अंसारी, देवनाथ उराँव, धनंजय कुमार, गोयंदा उराँव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नामकुम प्रखंड प्रमुख के द्वारा शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** खिजरी विधायक श्री राजेश कच्छप जी के निर्देशानुसार नामकुम प्रखण्ड के अंतर्गत तुपुदाना वार्ड नं 53 के रांची खूंटी रोड से राज अस्पताल होते हुए महेश सिंह घर से सरकारी स्कूल तक एवं तुपुदाना रिंग रोड शान्ति नगर न्यू हुलहुन्डू में विनोद सिंह के घर से स्वेता कुमारी के तक एवं नामकुम के कालीनगर में विमल घोष के घर के पास पी सी सी पथ का निर्माण कार्य का शिलान्यास नामकुम प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप जी एवं विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा जी के द्वारा किया गया ।

# 50 गरीब असहाय लोगों के बीच किया गया कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड अंतर्गत मलती पंचायत के चटवल ग्राम मे जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी ने रविवार को गरीब, असहाय, निर्धन लोगों को ठंड से बचाव के लिए गांव के लगभग 50 लोगों के बीच कम्बलों का वितरण किया। इस दौरान रबुल अंसारी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के वैसे लोग जो लाचार, बेबस व गरीब होने के कारण इस कड़ाके की ठंड में किसी तरह अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं। उनलोगों को चिन्हित कर कम्बल का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आने वाले समय मे ठंड का प्रकोप ओर ज्यादा बढ़ने की संभावना है।

## भाजयुमो रांची ग्रामीण जिला की कार्यसमिति बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** भारतीय जनता युवा मोर्चा, रांची जिला ग्रामीण की कार्यसमिति बैठक जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल के नेतृत्व में सरला बिरला विद्यालय के सभागार, टाटीसिलवे में आयोजित की गई। इस कार्यसमिति बैठक में मुख्य रूप से मंडल सशक्तिकरण आभियान के माध्यम से इस बात पर चर्चा की गई कि कैसे आगामी चुनावों में युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाए और युवा शक्ति अधिक से अधिक पार्टी से जुड़े। बैठक की अध्यक्षता भाजयुमो रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल ने किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो प्रदेश प्रभारी विनय जायसवाल के साथ विशिष्ट अतिथि भाजयुमो राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शशांक राज और भाजपा रांची ग्रामीण जिला महामंत्री नरेंद्र कुमार,भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा,भाजयुमो रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष विक्रांत तिवारी, रंजन कुमार, संजय साहू,महामंत्री उमेश महतो एवं शशिकांत सिंह, दीपक महतो, लाल कृष्ण नाथ सहदेव, टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष सत्यजीत सिंह, चंदन गुप्ता, शुभम चेल, रोहन बर्मन, संजीत सिंह, मनीष केशरी, अजीत कुमार, अशीष बर्मन, सुप्रेश महतो, सहित सभी जिला कार्यसमिति के सदस्य एवं मंडल अध्यक्ष और महामंत्री शामिल हुए।

# बहुचर्चित तमाड़ पूर्वी प्रखंड और बीरबांकी की मांग के लिए संघर्ष करेंगे : सिंगराय टूटी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के बहुचर्चित तमाड़ पूर्वी प्रखंड की मांग को लेकर रविवार को बड़ी संख्या में समाजसेवीयों, जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवीयों और युवा वर्ग के लोगों की एक मंथन सभा का आयोजन रांगामाटी स्थित पंचवटी सभागार में तमाड़ पुर्वी प्रखंड संघर्ष समिति के संयोजक लक्ष्मीकांत महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास मंत्रालय (झारखंड सरकार)के पूर्व मुख्य अभियंता सिंगराय टूटी उपस्थित हुए।इस इस दौरान उनका प्रबुद्ध जनों के फुल माला पहनाकर और पुष्प गुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं बुद्धि वर्गों के लोगों ने तमाड़ पूर्वी प्रखंड अंचल थाना और बालिका आवासीय विद्यालय बनाने कि मांग सिंगराय टूटी के समक्ष रखा जिसपर उन्होंने उपस्थित लोगों को आस्वस्त करते हुए कहा की जब मैं सरकार के प्रशासनिक सेवा के पद पर था तब संवैधानिक दायरे में था बहुत कुछ चाहकर भी सीमा तक ही कर पाता था फिर भी तब मैंने तमाड़ बुंडू अड़की के सुदूरवर्ती क्षेत्र में जहां सड़क का निशान नहीं था वहां सड़कों का जाल बिछाया और ये मैं बता देना चाहता हूं कि अगर आपलोगों का साथ होगा तो तमाड़ पुर्वी प्रखंड अंचल थाना बालिका आवासीय विद्यालय और बीरबांकी प्रखंड की मांग के लिए आपलोगों के साथ सरकार के हर दरवाजे पर जाऊंगा।सिंगराय टूटी ने कहा अब मैं अब सेवानिवृत्त हो चुका हुं और अपनी माटी तमाड़ बुंडू अड़की कि जनता की सेवा करना चाहता हूं जिसके लिए आप सभी के साथ की अपेक्षा है।मौके पर जिला परिषद सदस्या भवानी सिंह मुंडा, गौरांग सिंह मुंडा,अमर सिंह मुंडा, सुशील नाग,कुंअर सिंह मुंडा, मंगल स्वांशी,धीरज प्रमाणिक, रंजित मुंडा, सुदर्शन महतो, शत्रुधन महतो, दीनबंधु महतो, नेपाल महतो,कलेवर पुराण, चंद्रमोहन महतो, रामदयाल मुंडा, राधाकृष्ण? मुंडा,मजहर अंसारी, कालीचरण सिंह मुंडा,रवि पातर, प्रमिला देवी, शांति देवी आदि सहित सैकड़ों की संख्या लोग उपस्थित थे ।

## हमारे पुर्वज मुंडाओं का राजा थे साजिश के तहत क्षत्रिय कर दिया गया : महेंद्र नाथ शहादेव मुंडा



**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ राज परिवार अपनी कुल परंपरा के अंतर्गत दीरी रचा हाड़गड़ी कार्यक्रम अपने पुरखों का दो-तीन पीढ़ी से छूटा था उसे तमाड़ के पतरा स्थित सासांग दीरी स्थल पर अपनी धार्मिक परंपरा के अनुसार दिनांक रविवार दस दिसंबर को पहान ग्राम प्रधान और हजारों मुंडाओं के साथ आज मुंडा समाज के मान्यताओं के अनुसार विधी पुर्वक अपने पुर्वजों की हड़गड़ी किया गया जिसमें सैकड़ों महिलाएं अपने माथे में जल लेकर और भारी संख्या में मुंडा समुदाय के लोग पारंपरिक धोती गंजी पहनकर पारंपरिक हथियार भाला बरछी धनुष तीर कमान लेकर बाजे गाजे के साथ तमाड़ राजाबाड़ी से पैदल पतरा ससानदीरी पहुंचे और बड़े पुर्वजों के नाम खुदाये बड़े बड़े शिलाओं का और भूमी का पुजन किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य रूप राजा उपेंद्रनाथ सहदेव मुंडा ,राजा प्रताप चंद्रनाथ सहदेव मुंडा ,प्रधान राधा मोहन नाथ शाहदेव मुंडा, ठाकुर गौरंगनाथ सहदेव मुंडा,राजा अमरेंद्र नाथ शाहदेव मुंडा कर रहे थे।कार्यक्रम का शुभारंभ से पुर्व राजबाड़ी तमाड़ परगना में विधिवत पूजा अर्चना करके जुलूस की शक्ल में हाड़गड़ी स्थल के लिए प्रस्थान किया।सैनाथ पहान, राम सिंगार पहान ,मुंडा पहान ,जगरनाथ पहान? ,भोलेनाथ मुंडा पहान ,जगमोहन मुंडा, शंकर सिंह मुंडा, विकास सिंह मुंडा, गुंजल इकिर मुंडा ,प्रधान मुंडा गणेश पुराण, उमाकांत मानकी, देवी सिंह मानकी, नरेश मुंडा, लक्ष्मी सिंह मुंडा ,शिव शंकर मुंडा संबल मुंडा, तीव्रनाथ मुंडा ,रीता मुंडा ,विजय मुंडा, विमल पातर ,दीलीप सेठ, देवेन्द्र नाथ मुंडा बब्लू मुंडा,गोपाल पुराण,अमर सिंह पुराण,अरूण मांझी आदि उपस्थित थे।

## थाना प्रभारी के नेतृत्व में चला जागरूकता अभियान

**सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस अधीक्षक कोडरमा के आदेशानुसार सतगावां पुलिस ने थाना प्रभारी आनंद कुमार साह के नेतृत्व में रविवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। बता दें की कोडरमा पुलिस परिवहन की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान तहत विभिन्न बातों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।लोगों से सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया। कहा गया कि हम यातायात नियमों का गंभीरता से पालन करें। इससे न सिर्फ हमारी यात्रा सुरक्षित होगी, बल्कि सड़क पर चल रहे दूसरे लोग भी सुरक्षित रहेंगे।बाइक चालकों को हेलमेट का प्रयोग करने तथा चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट को अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की सलाह दी। कहा कि यदि नियमों की अनदेखी करते पकड़े जाएंगे तो भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

# प्रखंड स्तरीय चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** नगरभवन कर्रा में दुकानदार संघ कर्रा का एक विशेष बैठक दिनेश गुप्ता की अध्यक्षता में रविवार को किया गया। बैठक में विशेष रूप से कर्रा चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रिज का गठन खूंटी चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रिज के पदाधिकारी की उपस्थिति में किया गया।

जिसमें अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता सचिव जय मंगल मुंडा कोषाध्यक्ष सितेश कुमार गुप्ता के अलावा 12 कार्यकारिणी सदस्य बालकिशन महतो मनोज कुमार महतो रंजीता देवी मोहम्मद शाहबाज राजेंद्र साहू द्वारिका केसरी अविनाश कुमार समीर होरो सतीश गुप्ता प्रिंस अहमद अमित कुमार महतो और सुधीर महतो का चुनाव किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए खूंटी से आए चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष प्रियंक भगत ने कहा कि संगठन में ही शक्ति है और चुने गए सभी सदस्य संगठन को निस्वार्थ भाव से चलाएं जिला से हर प्रकार का सहयोग के लिए हम लोग हमेशा खड़े हैं । दुकानदारों की समस्या के लिए हम लोग हमेशा आपके साथ हैं मौके पर चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज खूंटी जिला के सचिव मुकेश कुमार जायसवाल कोषाध्यक्ष अनूप साहू शाह कोषाध्यक्ष सुमित जैन कार्यकारिणी के सदस्य दिलीप शाह सुशांत कुमार सुभाष उर्फ लल्ला गुप्ता महेश साहू विजय भगत गौतम गुप्ता गणेश साहू के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे ।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मित्तल ग्लैक्सी कदमा में खुला पतंजलि का एक्सक्लुसिव शो-रूम



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को मित्तल ग्लैक्सी, भाटिया बस्ती, (चंडी बाबा मंदिर के बगल में) कदमा में 3000 वर्गफीट में बने पतंजलि मेगा स्टोर का शुभारम्भ निर्मल मित्तल के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। पतंजलि मेगा स्टोर के संचालक इशांत मित्तल ने कहा कि कदमा में पतंजलि के उत्पादों की एक्सक्लुसिव वातानुकुलीत एक ऐसी शो-रूम की कमी थी जहाँ पतंजलि के राशन के सामान से लेकर पतंजलि के सारे उत्पाद, दवाईयाँ एवं आरोग्य केन्द्र के सभी उत्पादों सहित एक हजार से अधिक उत्पाद यहाँ उपलब्ध हैं। उक्त कमी को यह स्टोर ने पुरा किया। इसके साथ ही पतंजलि के आर्युवेदिक डॉक्टर भी अपनी सेवाएं देंगे ताकि ग्राहकों को उत्पात खरीदने में सहूलियत होगी। उक्त उद्घाटन के अवसर पर मित्तल परिवार के अलावा, अशोक भालोटिया, स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता की पत्नी सुधा गुप्ता, अशोक चौधरी, जे के चन्नानी, उमेश शाह, अशोक अग्रवाल, नरेश मोदी, अशोक मोदी, अरुण बाकरेवाल, साहित शहर के अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

## पीपुल्स वेलफेयर ने जरूरतमंद लोगों के बीच किया कंबल वितरण




**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को चक्रधरपुर प्रखंड अंतर्गत अयोध्या गांव में शिविर लगाकर पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा 110 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं सचिव सह समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई ने एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे कार्यों को विस्तार पूर्वक ग्रामीणों को बताया। डॉ विजय सिंह गागराई ने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए विभिन्न गांव में शिविर लगाकर जरूरतमंद लोगों के बीच का कंबल का वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष खिरोद चंद्र महतो, कोषाध्यक्ष अवनी महतो, दयानिधि महतो, सरोज महतो, बाबु महतो, राहुल महतो, रघुनाथ महतो, मारकुश गागराई, वीरसिंह हांसदा, रामराई सामड का सराहनीय योगदान रहा।

## शहर में पहली बार आ रहा हैं सूरजगढ निशान 21 को

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाबा श्याम के प्रिय सूरजगढ निशान (दिब्य निशान) को लेकर कपिल इंदौरिया अपने पुरी मण्डली के साथ पहली बार जमशेदपुर 21 दिसम्बर को पधार रहे हैं। इस दिब्य निशान का सभी श्याम प्रेमियों को दर्शन हो और 21वां महोत्सव को सफल बनाने के लिए रविवार 10 दिसम्बर की शाम को सोनारी राजस्थान मंदिर में एक बैठक श्याम सेवा संघ सोनारी के अध्यक्ष अशोक दीवान की.अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे सभी श्याम प्रेमियों से दिब्य निशान का दर्शन करने के लिए गुरूवार 21 दिसम्बर को दोपहर 12.30 बजे सोनारी पहुँचने का अनुरोध किया। अध्यक्ष अशोक दीवान ने बताया कि जूनियर कारमेल स्कूल के पीछे गुरूवार की रात में बाबा श्याम का भव्य दरबार सजेगा और भजनों की अमृत वर्षा होगी। राजस्थानी धमालो के लिए प्रसिद्ध कोलकाता के भजन गायक विवेक शर्मा (जीतू) एवं प्रयागराज से रोमा निषाद को आमंत्रित किया गया है। इस बैठक मे मुख्य रूप से नरेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, ललित अग्रवाल, मामराज गुप्ता, जीतेन्द्र साबु, अमित अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, आदि मौजूद थे।

## विधायक ने नकुल बेसरा को नमन कर श्रद्धांजलि



**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर पारगाना चौक में रविवार को पातकोम दिशोम मांझी पारगाना महाल की ओर से स्व. नकुल बेसरा की 71वां जयंती मनाया गया। मौके पर ईचागढ़ विधायक सविता महतो उनके मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान समाज के सभी लोगों ने बारी बारी से माल्यार्पण कर नमन किया। पारगाना बाबा रामेश्वर बेसरा ने लोगों को समाज के प्रति जागरूक होकर एकजुट रहने का आव्हान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मामा केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कु, केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, गुतेश्वर महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, प्रमुख गुरुपोदो मार्डी, श्यामल मार्डी, पंचान्न पातर, अमित सिन्हा, नरेन गोप, किसुन किस्कु, पशुपति बागची, मधु गोप आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आईएचआरसी वॉलिंटियर टीम पहुंची बेसहारा परिवार के घर, हालात का लिया जायजा

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के दिन अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारआयोग के रीजनल वालंटियर कोऑर्डिनेटर बैरम खान के नेतृत्व में बांझीकुसुम के रहने वाले बेसहारा परिवार से मिलने गये। आईएचआरसी वॉलिंटियर टीम द्वारा सभी को गर्म जैकेट व शाल के साथ आर्थिक सहयोग दिया गया। बैरम खान ने कहा है कि इस बेसहारा परिवार के लिए राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग को सूचना दिया गया है और इस मामले में शिकायत दर्ज कर ली गई है। पीड़ित परिवार को वर्तमान में अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि बच्चे मुख्यधारा से जुड़े हुए रहे। उन्हें शिक्षा भोजन, सुरक्षा व समस्त सुविधाएं पूरी मिले। टीम में कार्यकर्ता गिलमान अनवर, तारिक सुल्तान, मो तौकीर, मो नाईम, सबाब नय्यर, अबुजर आदि मौजूद रहे।

### एक्सएलआरआइ के प्लैटिनम जुबली समारोह में शामिल हुए उपराष्ट्रपति धनखड़ व राज्यपाल राधाकृष्णन

# संस्थान ने बिजनेस लीडर तैयार कर भारत के विकास में दिया महत्वपूर्ण योगदान : उपराष्ट्रपति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को एक्सएलआरआइ के टाटा ऑडिटोरियम में प्लैटिनम जुबली समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मौजूद थे. उन्होंने टाटा स्टील के ग्लोबल सीइओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन, एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा, डीन एकेडमिक प्रो. संजय पात्रो के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान के लिए सफलता पूर्वक 75 साल पूरे करना बड़ी बात होती है. लेकिन जब किसी संस्थान के 75 साल होने के बाद भी जब उसके प्रति लोगों में सम्मान का भाव रहे तो यह वाकई में गौरवान्वित करने वाली बात होती है. उन्होंने एक्सएलआरआई को उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण के 75 वर्ष पूरे करने पर बधाई दी. कहा, एक्सएलआरआइ अकादमिक उत्कृष्टता, नैतिक नेतृत्व, व्यापक भलाई के प्रति प्रतिबद्धता की गहरी भावना पैदा करने के प्रतीक के रूप में खड़ा है. यह संस्थान प्रबंधन शिक्षा में हमारे देश के पहले बिजनेस स्कूल के रूप में गौरवपूर्ण स्थान रखता है. एक्सएलआरआई ने ऐसे बिजनेस लीडर को तैयार करके भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है जो न केवल आर्थिक प्रगति करने में सक्षम हैं, बल्कि हमारे समाज के नैतिक मूल्यों और इसकी जरूरतों का पोषण करने में भी सक्षम हैं. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इस समय भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकॉनमी है, लेकिन इस दशक के अंत तक यानी 2030 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनेगी.



### छात्रों को संसद दौरा करने का मिला आमंत्रण

मौके पर एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा ने भी संबोधित किया. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक्सएलआरआइ के छात्रों को भारतीय संसद का दौरा करने के लिए भी आमंत्रित किया है. साथ ही कहा कि 31 जनवरी 2024 से पहले इंटरनेशनल काउंसिल फॉर वर्ल्ड अफेयर्स व एक्सएलआरआइ के बीच एक एमओयू होगा, जिसके जरिए नये आइडिया का आदान प्रदान हो सकेगा.

### राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहें पूर्व छात्र : राज्यपाल

इस दौरान झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सभी सभी को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि एक्सएलआरआई पिछले 75 वर्षो से प्रबंधन शिक्षा में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है. कहा कि सफल पूर्व छात्र इस बात को प्रदर्शित करते हैं कि यहां की शिक्षा कितनी प्रभावशाली है. वे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं और हमारे राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं.

### उपराष्ट्रपति को जिला प्रशासन ने दी गार्ड ऑफ ऑनर



**जमशेदपुर :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का पूर्वी सिंहभूम जिला में आगमन पर जिला प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जमशेदपुर स्थित एक्सएलआरआइ के प्लेटियम जुबली समारोह में उप राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्यपाल, झारखण्ड सी पी राधाकृष्णन भी शामिल हुए। इससे पूर्व सोनारी एयरपोर्ट पर महामहिम उप राष्ट्रपति का जिले के प्रभारी मंत्री सह मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड मिथिलेश ठाकुर, आयुक्त कोल्हान प्रमंडल(सिंहभूम) मनोज कुमार, डीआईजी अजय लिंडा, उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई थी।

## करीम सिटी कॉलेज में इग्नू का परिचय सत्र आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इग्नू (इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी) के अध्ययन केंद्र करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर में आज वर्तमान सत्र 2023 में नए छात्र-छात्राओं का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। सभा कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित हुई जिसके अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने की। इस अवसर पर अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ याहिया इब्राहीम ने सभा को संबोधित कर इग्नू की शिक्षण व्यवस्था से विद्यार्थियों को अवगत करते हुए यह बताया कि वर्तमान समय में शिक्षा के लिए इग्नू एक बेहतरीन माध्यम है। उनके अतिरिक्त इतिहास की प्राध्यापिका डॉ कौसर तस्नीम तथा अंग्रेजी की प्राध्यापिका डॉ बसूधरा राय ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर इतिहास विभाग के डॉ शाहनवाज अहमद तथा अध्ययन केंद्र की जिम्मेदार जमशेद अहमद मौजूद रहे।

### प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर 2006 का चुनाव संपन्न, 117 स्थाई सदस्यों में 110 ने किया वोट

# संजीव भारद्वाज अध्यक्ष, विकास बने महासचिव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर का चुनाव संपन्न संजीव भारद्वाज अध्यक्ष, विकास महासचिव बने जमशेदपुर प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर 2006 के (2023-2026) के नए अध्यक्ष संजीव भारद्वाज चुने गए हैं जबकि महासचिव पद पर विकास श्रीवास्तव को चुन लिया गया। इसी तरह उपाध्यक्ष (दो) पद के लिए दैनिक हिंदुस्तान के राकेश सिंह एवं द टाइम्स भारत के सुमित कुमार झा, सह सचिव (दो) पद के लिए दैनिक जागरण के अमित तिवारी एवं दैनिक उदितवाणी के वेद प्रकाश गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष (एक पद) के लिए न्यूज टाइम्स के गंगाधर पांडे उर्फ मनमोहन पांडे चुने गए। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी भवन साकची के सभागार में मतदान एवं मतों की गिनती की प्रक्रिया पूरी की गई। सुबह दस बजे मतदान प्रारंभ हुआ और पूर्व अध्यक्ष



श्रीनिवास ने सबसे पहले मत डाला। 117 स्थाई सदस्यों में से 110 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। एक बजे मतदान समाप्त हुआ और दो बजे से मतों की गिनती प्रारंभ हुई और साढ़े तीन बजे सभागार में विजयी उम्मीदवारों को जीत का प्रमाण पत्र दिया गया तथा गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया गया। पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास, पूर्व महासचिव गुलाब प्रसाद सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष वीरेंद्र ओझा, पूर्व पर्यवेक्षक रघुवंश मणि सिंह, सुनील आनंद, कुलविंदर सिंह, बसंत कुमार सिंह, देबाशीष सरकार, कौशल सिंह ने प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के लीगल एडवाइजर अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू उपस्थित रहे। वहीं आकाश कुमार, अभिषेक सिंह, अजीत कुमार, शानू सरकार ,अभिषेक कुमार, तारकेश्वर गुप्ता, अविनाश शर्मा, राहुल कुमार सिंह आदि एसोसिएट मेंबरों ने सक्रिय रूप से सहयोग दिया। विधि व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस बल की भी पर्याप्त व्यवस्था जिला पुलिस के द्वारा की गई थी। जमशेदपुर के इतिहास में पहली बार पत्रकार संगठन के सदस्यों ने मताधिकार का प्रयोग किया और इसके लिए सभी ने चुनाव संचालन समिति के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया। वही संचालन समिति के सदस्यों ने मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से सफल होने पर सभी स्थाई सदस्यों, रेड क्रॉस सोसाइटी के मानद सचिव एवं संपादक विजय कुमार सिंह, उम्मीदवारों और एसोसिएट सदस्यों के प्रति आभार जताया है।

## विधिक जागरूकता सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरूलडीह :** कुकडु प्रखंड सभागार में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मानवधिकार दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय विधिक जागरूकता सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर चांडिल कोर्ट के एसीजेएम डॉ रवि प्रकाश तिवारी ने उपस्थित ग्रामीणों के बीच जानकारी दी और चयनित लाभुको के बीच कम्बल,कृषि ऋण स्वीकृति पत्र, बिरसा सिचाई कूप स्वीकृति पत्र,ट्राइसाइकिल आदि का वितरण किया गया। मौके पर कुकडु बीडीओ राकेश गोप, थाना प्रभारी चित्तरंजन कुमार, सीडीपीओ जेएलडीआई हंसदा, महिला पर्यवेक्षिका संगीता कुमारी, पीएलवी विकास महतो, पीएलवी फागुरम महतो आदि उपस्थित थे।

## कुटिमाकली फुटबॉल टूर्नामेंट में स्माईल क्लब कुटिमाकली बना विजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र के कुटिमाकली में रविवार को हर साल की भांति इस साल भी देश बंधु क्लब कुटिमाकली के तत्वावधान में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल भाजपा नेता विमल बैठा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्तकर किया। टूर्नामेंट में विजेता बनी स्माईल क्लब कुटिमाकली को 10 हजार रुपये और 20 किलो जिंदा पोल्ट्री, उप विजेता हलुदबनी टीम को 7 हजार रुपये और 15 किलो जिंदा पोल्ट्री, तीसरे व चौथे स्थान पर रहे लायलम एवं चांडिल टीम को 5 -5 हजार रुपये और 10 -10 किलो जिंदा पोल्ट्री देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुख्य रूप से भोलानाथ मांडी, राजेन्द्र नाथ महतो, उमेश महतो, उपेंद्र नाथ मांडी, राजू सिंह, हरि चरण बिरुआ व आनंद सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## पटमदा में सर्पदंश से बच्ची की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत महुलबना गांव के लायाडीह टोला में शनिवार की रात करीब 8 बजे जहरीले सांप के काटने से एक बच्ची की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताते हैं कि पेशे से मजदूर अमित महतो अपनी पत्नी व बेटी के साथ ही जमीन पर सो रहे थे कि घर में घुसे चीती सांप ने 6 वर्षीय रिंकू महतो के पैर में काट लिया। बच्ची के रोने की आवाज पर सभी लोग जगे तो तो सामने चीती सांप को देखा और सांप को मार दिया। इसके बाद रात करीब 9 बजे एमजीएम अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के पिलीद स्टेडियम में प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुखिया रिंकी देवी व पूर्व पंचायत समिति सदस्य उमाकांत महतो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व किक मारकर किया। वहीं पातकुम पंचायत टीम को हराकर बान्दु पंचायत की टीम विजेता बनी। वहीं बालिका वर्ग में तुता को हराकर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय टीकर विजेता बनी। दोनों विजेता टीम अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। विजेता टीमों को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं खेल संयोजक दिलीप कुमार साव ने बताया कि एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 14 पंचायत के 14 व 2 बालिका टीम भाग लिया।

# रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मना संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर का स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला :** घाटशिला का एक प्रमुख विद्यालय संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर की 40 वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चे एवं अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोल्हन विश्वविद्यालय का रजिस्ट्रार डॉ राजेंद्र भारती, विद्यालय सचिव सुलोचना देवी बगारिया, सह सचिव एस के देवड़ा, विद्यालय प्रशासिका



शोभा गनेरीवाल, विद्यालय प्रबंधक डॉ प्रसेनजीत कर्मकार, प्रचार्या नीलकमल सिन्हा एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य आर जी चौमाल, दीपक बजाज, निर्मल झुनझुनवाला, विनोद सिंघानिया, ओ.पी चनानी, कैलाश बुबना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ की। विद्यालय प्राचार्या नीलकमल सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत फलों की टोकरी, स्मृति चिन्ह तथा शॉल देकर किया गया। विद्यालय स्थापना दिवस के इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका अंकुर का विमोचन किया गया। शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के कक्षा 10वीं व 12वीं के बोर्ड टॉपर्स को सम्मानित किया गया। इसी के साथ विद्यालय के चारों सदनों में से श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए नंद सदन को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में फन फिस्टा का आयोजन किया गया। इसमें कई अलग अलग फूड स्टॉल, गेम स्टॉल, आर्ट प्रदर्शनी , विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

# टीएसएफ का ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील फाउंडेशन ने आज जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मेगा ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस आयोजन को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और 1200 से अधिक बच्चों ने पंजीकरण कराया और जमशेदपुर के विभिन्न स्थानों से इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतिभागियों ने आईसीसी विश्व कप, माई अर्थ ग्रीन अर्थ और आजादी का अमृत महोत्सव जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करके चार अलग-अलग श्रेणियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पंजीकरण का काम टीएसएफ के बैनर तले संचालित 12 सामुदायिक केंद्रों के माध्यम से पूरा किया गया। इस कार्यक्रम में इंद्रजीत पॉल, चीफ पेलेट प्लांट, टाटा स्टील मुख्य अतिथि के रूप में और आभा विश्वकर्मा, प्रिंसिपल, केरला पब्लिक स्कूल, मानगो सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई दी।

### विभिन्न श्रेणियों में विजेता थे

**ग्रुप एः** प्रथम - अयांश कुमार (टीएसएफ कार्यालय) द्वितीय - सौम्यी दास सागरा (किताडीह) तृतीय - आशी सिंह मोदक (किताडीह)

**ग्रुप बीः** प्रथम - आयुष हलधर (किताडीह) द्वितीय - अनुश्री ससमल (भालुबासा) तृतीय - सृष्टि दास (सीतारामडेरा)

**ग्रुप सीः** प्रथम - पी सौम्या (बारीडीह) द्वितीय- वैभवी (कीताडीह) तृतीय - निलसा पंडा (नामदा)

**ग्रुप डीः** प्रथम- अजीन अफशां (नामदा) द्वितीय - देब कुमार महतो (नामदा) तृतीय - ऋषिका महतो (बारीडीह)

संपादकीया

# जलवायु संकट के लिए मुख्य परू से विकसित देश जम्मिेदा

**दुनिया** भर में बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन को लेकर पिछले कई वर्ष से लगातार चिंता जताई जा रही है। अब इसकी वजहें स्पष्ट हैं। मगर मुश्किल यह है कि जब भी उन वजहों को दूर करने की बात आती है, तो विकसित देश अपनी भूमिका को कम करके पेश करते हैं और इसके हल के लिए उठाए जाने वाले कदमों को लागू करने की जिम्मेदारी विकासशील देशों पर थोप देते हैं। जबकि समूची धरती पर जलवायु संकट जिस स्तर तक गहरा हो चुका है, उसमें मुख्य रूप से विकसित देशों की जिम्मेदारी रही है। इसके बावजूद इस मसले पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हर बैठक या सम्मेलन में तीसरी दुनिया के या विकासशील देशों ने समस्या के समाधान को लेकर अपेक्षित गंभीरता दिखाई है, उसमें अपनी ओर से हर संभव योगदान किया है। इसी को इंगित करते हुए प्रधानमंत्री ने विकास देशों को अपेक्षित जलवायु वित्तपोषण और प्रौद्योगिकी संबंधी हस्तांतरण सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि इस पर गौर किया जाना चाहिए कि इन देशों ने जलवायु संकट बढ़ाने में कोई योगदान नहीं किया है, इसके बावजूद वे इसके समाधान का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं। दरअसल, सीओपी28 में भाग लेने दुबई गए प्रधानमंत्री ने एक तरह से जलवायु संकट पर विकासशील देशों के सामूहिक रुख को प्रतिनिधि स्वर दिया है। सच यह है कि बढ़ते तापमान और उसकी वजह से पैदा होने वाली पर्यावरणीय समस्या के पीछे विकसित देशों की ही भूमिका ज्यादा है। खासकर कार्बन डाईआक्साइड के उत्सर्जन को लेकर दुनिया भर में विशेष उपायों को अपनाने या लागू करने पर जोर दिया जाता है। इस समस्या के बढ़ने में अपनी बहुत बड़ी जिम्मेदारी न होने के बावजूद कार्बन उत्सर्जन कम करने को लेकर जब भी कोई मानक तय किया गया, उस पर अमल के लिए विकासशील देशों ने अपनी ओर से हर संभव उपाय किए, सरोकार जताया, जबकि विकसित देशों ने अलग-अलग कारण बता कर इसमें भागीदारी निभाने को लेकर टालमटोल ही किया। कई बार ऐसे मौके आए जब विकासशील देशों को आर्थिक सहायता मुहैया कराने के मामले में पर्यावरण असंतुलन को कसौटी बनाया गया। इसे रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने भी कहा कि जलवायु वित्तपोषण पर प्रगति इस मसले पर जरूरी कार्रवाई पर बढ़ती महत्त्वाकांक्षाओं के अनुरूप दिखनी चाहिए। यह किसी से छिपा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन एक सामूहिक चुनौती है, जिससे निपटने के लिए एकीकृत वैश्विक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। जहां तक भारत का सवाल है, नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता और संरक्षण, वनीकरण जैसे कई क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियां इसकी प्रतिबद्धता का सबूत हैं। यह सब दरअसल जलवायु संकट या बढ़ते तापमान की समस्या को दूर करने के लिए कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लक्ष्य से उठाए गए कदम हैं। भारत के अलावा भी विकासशील देशों ने अपनी सीमा में इस मसले पर योगदान दिया है, ताकि इस वैश्विक चिंता से निपटने में मदद मिल सके। हालांकि यह समझना मुश्किल है कि बढ़ते तापमान को एक सबसे बड़े संकट के रूप में पेश करने वाले विकसित देश अपने यहां कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने या कम करने को लेकर ईमानदार पहल क्यों नहीं करते। जरूरत इस बात की है कि जिन विकासशील देशों में इस समस्या के हल को लेकर अपेक्षित गंभीरता दर्शायी जा रही है, उन्हें वित्तीय सहायता मुहैया कराई जाए। मगर जलवायु संकट में कमी तब तक संभव नहीं है, जब तक विकसित देश इस दिशा में जरूरी इच्छाशक्ति के साथ काम न करें।

धरती पर जलवायु संकट जिस स्तर तक गहरा हो चुका है, उसमें मुख्य रूप से विकसित देशों की जिम्मेदारी रही है। इसके बावजूद इस मसले पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हर बैठक या सम्मेलन में तीसरी दुनिया के या विकासशील देशों ने समस्या के समाधान को लेकर अपेक्षित गंभीरता दिखाई है, उसमें अपनी ओर से हर संभव योगदान किया है। इसी को इंगित करते हुए प्रधानमंत्री ने विकास देशों को अपेक्षित जलवायु वित्तपोषण और प्रौद्योगिकी संबंधी हस्तांतरण सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि इस पर गौर किया जाना चाहिए कि इन देशों ने जलवायु संकट बढ़ाने में कोई योगदान नहीं किया है, इसके बावजूद वे इसके समाधान का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं। दरअसल, सीओपी28 में भाग लेने दुबई गए प्रधानमंत्री ने एक तरह से जलवायु संकट पर विकासशील देशों के सामूहिक रुख को प्रतिनिधि स्वर दिया है। सच यह है कि बढ़ते तापमान और उसकी वजह से पैदा होने वाली पर्यावरणीय समस्या के पीछे विकसित देशों की ही भूमिका ज्यादा है। खासकर कार्बन डाईआक्साइड के उत्सर्जन को लेकर दुनिया भर में विशेष उपायों को अपनाने या लागू करने पर जोर दिया जाता है। इस समस्या के बढ़ने में अपनी बहुत बड़ी जिम्मेदारी न होने के बावजूद कार्बन उत्सर्जन कम करने को लेकर जब भी कोई मानक तय किया गया, उस पर अमल के लिए विकासशील देशों ने अपनी ओर से हर संभव उपाय किए, सरोकार जताया, जबकि विकसित देशों ने अलग-अलग कारण बता कर इसमें भागीदारी निभाने को लेकर टालमटोल ही किया।

## वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही में सेवा क्षेत्र में रिकॉर्ड की गई वृद्धि दर ने जरूर निराश किया

# आत्मनिर्भर बनने के लिए उठाये गये कदमों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाया है

प्रह्लाद सबनानी

इस वर्ष अल नीनो के प्रभाव के चलते देश के कई क्षेत्रों में मानसून की बारिश ठीक तरह से नहीं हो पाई है। इसका विपरीत प्रभाव कृषि क्षेत्र पर स्पष्टत: पड़ता हुआ दिखाई दिया है। कृषि क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही में केवल 1.2 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जा सकी है, जोकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 2.5 प्रतिशत की रही थी। भारत में कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिये जाने की अत्यधिक आवश्यकता है क्योंकि रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते पूरे विश्व में ही खाद्य उत्पादों की भारी कमी महसूस की जा रही है। भारत, इस स्थिति का लाभ उठा सकता है एवं पूरे विश्व को ही खाद्य पदार्थों की आपूर्ति कर सकता है।

**वित्तीय** वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही, जुलाई-सितम्बर 2023 के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि के आंकड़े भारत सरकार द्वारा जारी कर दिए गए हैं। इस वर्ष द्वितीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर विभिन्न वित्तीय संस्थानों द्वारा लगाए गए अनुमानों से बहुत ऊपर रही है। विभिन्न अर्थशास्त्रियों द्वारा दिए गए 6.8 प्रतिशत के अनुमान से बहुत अधिक अर्थात यह वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत की रही है, जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 की द्वितीय तिमाही में 6.2 प्रतिशत की रही थी। भारत में इस वर्ष द्वितीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में दर्ज की गई वृद्धि की तुलना में अन्य देशों के सकल घरेलू उत्पाद में तिमाही के दौरान वृद्धि दर बहुत कम रही है। फिलिपींस में 5.9 प्रतिशत, रूस में 5.5 प्रतिशत, वियतनाम में 5.33 प्रतिशत, अमेरिका में 5.2 प्रतिशत, चीन में 4.9 प्रतिशत, मलेशिया में 3.3 प्रतिशत, थाईलैंड में 1.5 प्रतिशत, ब्रिटेन में 0.6 प्रतिशत, यूरो क्षेत्र में 0.1 प्रतिशत, जर्मनी में रिणात्मक 0.4 प्रतिशत एवं जापान में रिणात्मक 2.1 प्रतिशत वृद्धि दर दर्ज की गई है।

इस प्रकार भारत पूरे विश्व में लगातार सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। हर्ष का विषय तो यह है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद में जुलाई-सितम्बर 2023 तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर में मुख्य योगदान उद्योग क्षेत्र का रहा है। भारत के उद्योग क्षेत्र ने इस दौरान 13.2 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है, जोकि हाल ही के समय में अपने आप में एक रिकॉर्ड है। वित्तीय वर्ष 2022-23 की द्वितीय तिमाही, जुलाई-सितम्बर 2022 के दौरान उद्योग क्षेत्र ने रिणात्मक 0.5 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की थी। उद्योग क्षेत्र के अंतर्गत, विनिर्माण क्षेत्र ने 13.9 प्रतिशत की विकास दर हासिल की है जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान रिणात्मक 3.8 प्रतिशत थी। ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र ने 10.1 प्रतिशत की वृद्धि दर, माइनिंग क्षेत्र ने 10 प्रतिशत, कन्स्ट्रक्शन क्षेत्र ने 13.3 प्रतिशत की आकर्षक वृद्धि दर हासिल की है। इन समस्त क्षेत्रों में रिकार्ड वृद्धि दर से भारत में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित हुए हैं, जिसके चलते बेरोजगारी की दर में भी कमी दृष्टिगोचर हुई है।

भारत में प्रत्येक वर्ष अक्टूबर-नवम्बर माह में दीपावली एवं अन्य कई महत्वपूर्ण त्यौहारों का मौसम रहता है। इन त्यौहारों के दौरान भारत के नागरिकों द्वारा विभिन्न उत्पादों की भारी मात्रा में खरीददारी की जाती है। ऐसा आभास है कि अकटोबर-नवम्बर में पड़ने वाले विभिन्न त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए जुलाई-सितम्बर 2023 तिमाही में




ऑटोमोबाइल, फ्रिज, टीवी, मोबाइल फोन, आदि जैसे विभिन्न उत्पादों का भारी मात्रा में उत्पादन विनिर्माण इकाईयों द्वारा किया गया है। जिसके चलते इस तिमाही में विनिर्माण इकाईयों ने भारी भरकम 13.9 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है। भारत में कन्स्ट्रक्शन क्षेत्र ने भी रफ्तार पकड़ ली है, जिसके चलते इस क्षेत्र में आकर्षक 13.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल कर ली गई है। अक्टूबर 2023 माह में भी कोर क्षेत्र के उद्योगों ने 12.1 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है। इस वर्ष अल नीनो के प्रभाव के चलते देश के कई क्षेत्रों में मानसून की बारिश ठीक तरह से नहीं हो पाई है।

इसका विपरीत प्रभाव कृषि क्षेत्र पर स्पष्टतः पड़ता हुआ दिखाई दिया है। कृषि क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही में केवल 1.2 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जा सकी है, जोकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 2.5 प्रतिशत की रही थी। भारत में कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिये जाने की अत्यधिक आवश्यकता है क्योंकि रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते पूरे विश्व में ही खाद्य उत्पादों की भारी कमी महसूस की जा रही है। भारत, इस स्थिति का लाभ उठा सकता है एवं पूरे विश्व को ही खाद्य पदार्थों की आपूर्ति कर सकता है। रबी मौसम की बुआई का कार्य प्रगति पर है। यदि खाद्य पदार्थों की बुआई के क्षेत्रफल में भारी विस्तार किया जा सके तो खाद्य पदार्थों के उत्पादन में भारी वृद्धि की जा सकती है। आज पूरा विश्व ही खाद्य पदार्थों के लिए भारत की ओर टकटकी लगाए है एवं आशाभरी नजरों से भारत की ओर देख रहा है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही में सेवा क्षेत्र में रिकॉर्ड की गई वृद्धि दर ने जरूर निराश किया है। इस दौरान सेवा क्षेत्र ने 4.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में दर्ज की गई वृद्धि दर 9.4 प्रतिशत की तुलना में बहुत कम है। इस वर्ष द्वितीय तिमाही में हासिल की गई वृद्धि दर से आश्चर्य भी हुआ है क्योंकि विभिन्न बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों में वृद्धि दर लगातार दहाई के आंकड़े पर बनी हुई है, होटल लगातार अपनी स्थापित क्षमता का भरपूर उपयोग करते हुए दिखाई दे रहे हैं, रेलवे एवं हवाई जहाज का उपयोग भी लगातार उच्चत्तम स्तर पर बना हुआ है। फिर भी, वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र ने 6 प्रतिशत एवं व्यापार एवं होटल क्षेत्र ने 4.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है। इसी प्रकार निजी क्षेत्र में अंतिम उपभोग में भी केवल 3.1 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जा सकी है। भारत को यदि शीघ्र ही विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में देखना है तो भारत के निजी क्षेत्र के लिए अपने उपभोग में वृद्धि करना अब आवश्यक हो गया है।

यह तो सरकारी क्षेत्र के अंतिम उपभोग में भारी भरकम 12.4 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई है, एवं केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में भारी भरकम वृद्धि रही है जिसके चलते देश में पूंजी निर्माण में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। जो अंततः इस तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने के पीछे मुख्य कारक बन गया है। आगे आने वाले समय में लोक सभा चुनावों को देखते हुए सम्भवतः केंद्र सरकार के अंतिम उपभोग में और अधिक वृद्धि होने की सम्भावना है एवं इस दौरान केंद्र सरकार का पूंजीगत व्यय भी अभी और तेजी से बढ़ेगा जिसके कारण वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय एवं चतुर्थ तिमाही में भी सकल घरेलू उत्पाद में आकर्षक वृद्धि दर रहने की भरपूर सम्भावना है। साथ ही, इस वर्ष नवम्बर 2023 माह में दीपावली एवं अन्य त्यौहारों के चलते लगभग 4 लाख करोड़ रुपए का व्यापार दर्ज हुआ है तथा देश में विभिन्न तीर्थ स्थलों पर भारी मात्रा में भारतीय नागरिक धार्मिक पर्यटन करते हुए दिखाई दे रहे हैं और आगे आने वाले माह में देश में शादियों के मौसम के चलते भी नागरिकों के खर्च में भारी भरकम वृद्धि होगी, इसका प्रभाव, तृतीय तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर पर भी देखने को मिलेगा। कुल मिलाकर भारतीय सनातन संस्कृति के पालन (धार्मिक स्थलों पर दर्शन के लिए जाते भारतीय, विभिन्न भारतीय त्यौहारों को बड़े उत्साह से मनाते भारतीय) से भी भारतीय अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है और देश के सकल घरेलू उत्पाद में प्रथम तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि के बाद अब द्वितीय तिमाही में भी 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जा सकी है। अब तो पूरा विश्व ही आश्चर्य कर रहा है भारत विभिन्न उत्पादों के लिए अपनी आंतरिक मांग के आधार पर अपने सकल घरेलू उत्पाद में अतुलनीय वृद्धि दर हासिल कर रहा है एवं इस दृष्टि से भारत की विदेशी व्यापार पर निर्भरता बहुत ही कम है।

दृष्टि कोण

# हम कहानी के बिना जी नहीं सकते...आख्यानों में अनंत काल से दोहराई जा रही हैं दास्तानें

**किस्सागोई** की जादुई दुनिया निराली है। बचपन में सुने बाबा-दादी या नाना-नानी के किस्से-कहानियां तो सभी की यादों में बसे होते हैं। आखिर क्या खास होता था, उन कहानियों में? दरअसल, उन कहानियों को सुनाने का अंदाज इतना दिलचस्प होता था, मानो दृश्य आखों के सामने चल रहे हों। ये किस्से ही बाद में यादों के स्टेशन बन जाते हैं, जो जिंदगी में सुकून ढूंढने वालों को पनाह देते हैं। ये कहानियां मनुष्य की शुरुआती सभ्यताओं से जुड़ी हैं। कुछ शोधकर्ताओं का मानना है कि भाषा की उत्पत्ति दो करोड़ साल से भी ज्यादा वक्त पहले हुई थी, जबकि लेखन का अस्तित्व करीब 3,200 ईसापूर्व का है। सदियों पुराने गुफा चित्र, प्राचीन चर्म पत्रों में उल्लिखित प्राचीनतम कहानी/कविताओं से विकसित होता हुआ साहित्य वर्तमान दौर में पहुंच गया है। तो इस सवाल का जवाब, कि हम कहानियां क्यों सुनते हैं, ये होगा कि क्योंकि हम इंसान हैं। हम कहानियां सुनाते हैं,



जिससे हम ज्यादा मानवीय बनते हैं। कहानी सुनाना उस प्राचीन बटन को दबाने जैसा होता है, जिससे हम उस प्राचीन मूल मनुष्य की तरह बनते हैं, जो कारणों और उद्देश्यों की तलाश करते हुए खुद की खोज करने वाला है। मनुष्य का मन चीजों को संबंध के आधार पर समझता है। मन में आया हुआ हर विचार मनुष्यता का हायपरलिंक होता है, जो हमें वास्तविकता का विश्लेषण करने की अनुमति देता है। कोई कहानी एक बिंदु से दूसरे बिंदु तक की प्रगति है, जो इसमें शामिल तथ्यों व घटनाओं को समझाती है। आप अपनी पसंदीदा पुस्तक का कोई पृष्ठ एकाएक खोलें और जो पहला वाक्य आपको दिखे, उस पर गौर करें। आप तुरंत समझ जाएंगे कि आप कहानी के किस बिंदु पर हैं, कौन-सी घटनाएं घट चुकी हैं और कहानी कहां खत्म होगी। इसी तरह संपूर्ण अस्तित्व को एक ही बिंदु में समाहित किया जा सकता है। यह पूरा ब्रह्मांड एक कहानी है, जो शुरू से अंत तक एक ही समय में मौजूद है। आप जिस पल का अनुभव कर रहे हैं, वह पृष्ठ खुल चुका है। हर बिंदु में पूरी कहानी समाहित है। हम सभी एक ही कहानी के हिस्से हैं। इससे कहानियों की गहरी प्रकृति का पता चलता है। कहानियां सुनाना वास्तविकता से बाहर आभासी दुनिया बनाने के लिए कल्पना का उपयोग करने की एक महत्वपूर्ण और अद्वितीय मानवीय क्षमता है। अभी तक इस बात का सबूत नहीं है कि पृथ्वी पर किसी अन्य प्रजाति के पास यह शक्ति है। कहानियों द्वारा बनाई गई आभासी दुनिया विचारों की प्रयोगशाला की तरह होती है, जिसमें प्रकृति विभिन्न चरम स्थितियों में काम कर सकती है। जब कई लोग एक कहानी सुन रहे होते हैं, तो वे एक साथ एक आभासी ब्रह्मांड में प्रवेश करते हैं। जब तक लोग सांस लेंगे, बोलेंगे, लिखेंगे तब तक, कहानियां सुनाएंगे। कहानियां तब से मौजूद हैं, जब मनुष्य के पास उन्हें सुनाने की क्षमता भी नहीं थी। आदिम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी की जटिलताओं और उनके बीच भावनाओं के आदान-प्रदान ने कहानियों का निर्माण किया होगा। जब मनुष्यों ने बातचीत करना और सामाजिक संबंध बनाना शुरू कर दिया, तब कहानियों में जीवंतता आती गई और ये मनोरंजन और शिक्षा देने के उद्देश्यों को भी पूरा करने लगीं। मनुष्य सभ्यता के हर अंग में कहानियां उसकी सबसे भरोसेमंद साथी बनती आई हैं। बच्चों को जो कहानियां सुनाई जाती हैं, उनमें परिवार, पड़ोसी, खेत, पुस्तकें, न्याय, संस्कार, विश्वास, अच्छाई, बुराई, बुद्धि, अज्ञान, प्रकृति इत्यादि विषय हमेशा से मौजूद रहे हैं।

कुछ अलग

# भारत ने चुना सही रास्ता



**अमेरिका** की एक अदालत में वहां अधिकारियों ने यह आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है कि एक भारतीय व्यक्ति ने किसी अज्ञात भारतीय अधिकारी के कहने पर उसके नागरिक की हत्या की साजिश रची। वाइट हाउस का कहना है कि इस मामले को शीर्ष स्तर पर भारत के सामने उठाया गया है। हालांकि भारत ने अमेरिका के ऐसे किसी सार्वजनिक आग्रह के काफी पहले ही इसकी जांच के लिए हाई लेवल कमिटी गठित कर दी थी। इस नागरिक को प्रेरित करने के पीछे अमेरिका किसी अज्ञात भारतीय अधिकारी का रोल बता रहा है। लेकिन वह अधिकारी कौन है, इस बारे में मुकदमे में किसी का नाम नहीं है। यूं तो अमेरिकी नागरिक का भी नाम नहीं दिया गया है, लेकिन यह संकेत मिला है कि इशारा खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर है। पन्नू भारत में घोषित आतंकवादी है और वह लगातार भारत विरोधी बयान देता आया है। इस मामले में भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका ने जो आरोप लगाया है, वह भारत की नीति नहीं है। मगर जिस तरह से यह मामला सामने आया है, वह अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। अपने आरोपों में अमेरिका ने भी माना है कि यह साजिश उन लोगों के खिलाफ रची गई थी, जो खालिस्तान समर्थक हैं। ऐसे में अमेरिका को यह समझना चाहिए कि भारत विरोधी इन तत्वों को संरक्षण देना ठीक नहीं है। वह भारत को स्वाभाविक सहयोगी मानता है। हाल के वर्षों में चीन के उभार को रोकने के लिए दोनों देश और करीब आए हैं। अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर लोकतंत्र है तो भारत सबसे बड़ा। अगर कोई शख्स खालिस्तान का समर्थन कर रहा है तो वह भारतीय लोकतंत्र के खिलाफ है। दूसरी बात यह है कि दूसरे देशों के नागरिकों की हत्या हो या तख्तापलट, इस मामले में अमेरिका का अपना रेकॉर्ड अच्छा नहीं है। उसने खालिस्तानी निज्जर के मामले में जिस तरह से कनाडा की तरफदारी की थी, वह भी मुनासिब नहीं थी। खासतौर पर यह देखते हुए कि भारत विरोधी तत्वों को वहां संरक्षण मिल रहा था। खैर, अमेरिका और भारत ताजा मामले में जिस तरह से सहयोग कर रहे हैं, वह परिपक्वता का सबूत है। वहीं, भारत ने इस मामले की जांच शुरू कर अच्छा कदम उठाया है। बेहतर होगा कि यह जांच जल्द पूरी की जाए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए। सवाल यह भी उठता है कि कहीं यह सब भारत और अमेरिका के संबंधों में दरार डालने की साजिश तो नहीं है।

देश दुनीया से

# क्लास रूम तक ड्रग्स की दस्तक, शिक्षण संस्थाएं फिर भी चुप?

कॉलेजों के भीतर छिटपुट घटनाएं पूर्व में भी बहुतेरी हुई जिसे कॉलेज प्रशासन द्वारा दबाया गया। कई बार क्लास रूम में छात्रों ने नशे में साथी क्लासमेट के साथ खूनी वारदात को भी अंजाम दिया, फिर भी कोई एक्शन नहीं लिया गया। इस पूरे खेल की जानकारियां शिक्षा संस्थाओं के टॉप मैनेजमेंट को बहुत पहले से थी। लेकिन, बदनामी का डर कहें, या शिक्षा की दुकानें बंद होने भय? इन दोनों के डर के चलते सच्चाई पर पर्दा डाला जाता रहा। स्थानीय पुलिस-प्रशासन के बड़े ओहदेदार अफसर इस बात को स्वीकारते हैं कि उन्हें पूरे तंत्र की जानकारियां मौखिक रूप से तो थी, लेकिन, ठोस सबूत और मुकम्मल सूचनाएं नहीं होने से कार्रवाई से वंचित थे।

**ड्रग्स** तस्करी में छात्रों की गिरफ्तारी ने 'शिक्षा मंदिरों' की विश्वसनीयता पर सीधे सवाल खड़े कर दिए हैं। एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न नामी शिक्षण संस्थाओं में फैला 'ड्रग्स का सिंडिकेट खेल, कोई आज का नहीं, बहुत पहले का है। कॉलेजों के भीतर छिटपुट घटनाएं पूर्व में भी बहुतेरी हुई जिसे कॉलेज प्रशासन द्वारा दबाया गया। कई बार क्लास रूम में छात्रों ने नशे में साथी क्लासमेट के साथ खूनी वारदात को भी अंजाम दिया, फिर भी कोई एक्शन नहीं लिया गया। इस पूरे खेल की जानकारियां शिक्षा संस्थाओं के टॉप मैनेजमेंट को बहुत पहले से थी। लेकिन, बदनामी का डर कहें, या शिक्षा की दुकानें बंद होने भय? इन दोनों के डर के चलते सच्चाई पर पर्दा डाला जाता रहा। स्थानीय पुलिस-प्रशासन के बड़े ओहदेदार अफसर इस बात को स्वीकारते हैं कि उन्हें पूरे तंत्र की जानकारियां मौखिक रूप से तो थी, लेकिन, ठोस सबूत और मुकम्मल सूचनाएं नहीं होने से कार्रवाई से वंचित थे। पर, बीते सोमवार यानी 27 नवंबर का दिन शायद मुकर्रर था जिसके बाद पूरा तंत्र एक्सपोज हुआ। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कई ड्रग्स तस्करों के एक साथ नोएडा में दबोचा। लेकिन ये कार्रवाई अचंभित करने वाली रही। पुलिस भी दंग रह गई, जो तस्कर दबोचे गए इनमें ज्यादातर नोएडा के नामी शिक्षण संस्थानों के छात्र हैं। पूछताछ हुई तो प्रशासन के होथ ही उड़ गए। आरोपी छात्रों ने कबूला कि वो एक नहीं, बल्कि नोएडा के तकरीबन सभी प्रसिद्ध कॉलेजों में ड्रग्स की सप्लाई सालों से करते आए हैं। इस खेल में छात्र ही नहीं, हर क्षेत्र के लोग संलिप्त बताए जाते हैं। छात्र ड्रग्स की सप्लाई स्नैपचैट, टेलीग्राम, व्हाट्स ऐप व छोटा पार्सल के जरिए करते थे। उन्हें नशीला पदार्थ देता कौन था? उपलब्ध कहां से और कौन करवाता था? इसका भी उन्होंने खुलासा करके कइयों को नंगा कर दिया। सफेदपोश से लेकर इस खेल के तार विदेशों तक जुड़े हैं। जो गिरोह फिलहाल पकड़ा गया है उसका मुखिया मियां-बीवी बताए गए हैं। पति नोएडा में ही रहता है और उसकी बीवी विदेश में रहकर समुद्र के जरिए नोएडा में ड्रग्स भिजवाती थी। छात्र इस तंत्र में कैसे फंसे, इसका भी खुलासा हुआ है। दरअसल, ड्रग्स तस्कर अच्छे से जानते हैं कि छात्रों को लालच देकर आसानी से फंसाया जा सकता है। सबसे पहले उन्हें इसका सेवन करवाते थे। फिर ज्यादा कमाने की लालच देते थे। कॉलेजों के अलावा छात्र नोएडा में कई सफेदपोशों, व्यापारियों, अधिकारियों आदि को भी उनकी डिमांड पर ड्रग्स मुहैया करवाते थे। ड्रग सिंडिकेट के इस तंत्र के एक्सपोज होने के बाद पेरेंट्स को होशियार होना होगा? अभिभावक अपने सपनों को सच करने के लिए अपनी कमाई का सारा हिस्सा पेट काटकर अपने बच्चों को नामी शिक्षण संस्थाओं में भेजते हैं। लेकिन उन्हें क्या पता, उनका बच्चा वहां पढ़ाई करता है या फिर कुछ और? नशा एक ऐसा चस्का है जो एक बार चख ले, फिर आसानी से नहीं छोड़ता। प्रत्यक्ष रूप से शिक्षण संस्थाओं को दोष इसलिए नहीं दे सकते, क्योंकि उन्हें तो शिक्षा के नाम से व्यापार करना होता है? उनके यहां आपका बच्चा नहीं पढ़ेगा, तो किसी दूसरे का पढ़ेगा? यहां जरूरी ये हो जाता है कि शिक्षण संस्थाओं के अलावा अभिभावकों को भी अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ बाकी अन्य गतिविधियों पर बराबर नजर बनाए रखनी की आवश्यकता है। कुछ प्वाइंटों पर अभिभावकों को सतर्क होना पड़ेगा। जैसे, अगर बच्चों के हाथों में महंगे फोन्स, मार्डन इलेक्ट्रानिक्स गैजेट्स, पार्टी-फंक्शन में जाने वाले महंगे से महंगे कपड़े जब देखें, तो तंरत सावधान हो जाएं और बिना देर किए उनसे सवाल करके पूछना चाहिए कि ये सब कहां से आए? नामी शिक्षण संस्थाएं बेशक छात्रों को अपने यहां सभी सुविधाएं उपलब्ध क्यों न करवाते हो? बावजूद इसके अभिभावकों को समय निकालकर बच्चों के हॉस्टल जाकर उनकी तमाम गतिविधियों और सामानों की निगरानी करनी चाहिए। जरा भी शक हो, कॉलेज प्रबंधन को अवगत कराएं और हो सके तो मनोचिकित्सकों से अपने बच्चों की काउंसिलिंग भी करवाएं। नोएडा ड्रग्स तस्करी में जितने भी छात्र धरे गए हैं, अधिकांश गरीब और बेहद सामान्य घरों से ताल्लुक रखते हैं। पर, उनके शौक, महंगी गाड़ियां, फैशनेबल कपड़े, बड़े होटलों में रोजाना करते पार्टियों को देखकर कोई भी नहीं कह सकता था, ये मध्यम परिवारों के बच्चे हैं। मादक तस्करी में कूदे सभी छात्र जल्दी और ज्यादा से ज्यादा पैसा कमाना चाहते थे। आधुनिकता की चकाचौंध ने यूनिवर्सिटीज के छात्रों को फैशन, टशन, हीरो जैसे दिखने और सहपाठियों से बेहतर करने की लालसा भरी प्रवृति ने जकड़ लिया है। ऐ ऐसे कुछ कारण हैं जिसके चलते छात्र नशे के आदी होते जा रहे हैं। दरकार यही है कि समय रहते छात्रों को इन आफतों से बचाया जाए। उन्हें ऐसे चक्रव्यूहों से निकालने की जिम्मेदारी सिर्फ कॉलेज प्रबंधकों पर नहीं होनी चाहिए, बल्कि अभिभावकों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। नोएडा की धरपकड़ में जो सरगना पकड़ा गया है, वो स्नातक पास छात्र है, जो शुरू से नशे का आदी रहा।

आप का नजरीया

# हिंसक होते बच्चे, सामाजिक सजगता से ही संभव है इस प्रवृत्ति पर अंकुश

**एक** निजी स्कूल में चौथी कक्षा के एक छात्र पर उसके ही तीन सहपाठियों ने ज्योमेट्री कंपास से 108 बार हमला कर घायल कर दिया। इस घटना में शामिल सभी बच्चे 10 वर्ष से कम उम्र के बताए जा रहे हैं। इस घटना से मुझे कुछ समय पहले की वह बात याद आ गई, जब मेरा 10 वर्षीय चचेरा भाई बगल में बैठा ऑनलाइन गेम खेल रहा था, जिसमें उसे जीतने के लिए अपने दुश्मनों को मारना था। मैं उसकी खुशी देख सकता था, जो उसे गेम में अपने दुश्मनों को मारने से मिल रही थी। मुझे आश्चर्य हो रहा था कि गेम जीतने की खुशी का प्रतिद्वंद्वी को मारने से कितना गहरा संबंध है! जब इतनी कम उम्र में बच्चों में हिंसक प्रवृत्ति देखने को मिली हो। बीते मई में भी तीन बच्चों ने मिलकर अपने एक 12 वर्षीय दोस्त की हत्या कर दी थी। आए दिन ऐसी खबरों से हमारा सामना होता रहता है, जिसमें कम उम्र के बच्चे या किशोर हिंसक घटनाओं को अंजाम देते दिखते हैं। यह हिंसा केवल ऑफलाइन माध्यमों तक ही सीमित नहीं है। ऑस्ट्रेलिया की ई-सेफ्टी कमिश्नर जूली इनमैन ग्रांट ने बताया कि उन्हें अगस्त में बच्चों द्वारा अपने साथियों को धमकाने के लिए उनकी यौन छवियां बनाने की पहली शिकायत मिली थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि दो से 17 वर्ष की उम्र के एक अरब बच्चे एक ही वर्ष में शारीरिक, यौन या भावनात्मक हिंसा या उपेक्षा का अनुभव करते हैं। महात्मा गांधी ने कहा था, 'अहिंसा ताकतवर लोगों का हथियार है', लेकिन वास्तव में स्कूलों में हिंसा बच्चों में घरों से बाहर अधिकार की भावना पैदा कर रही है। बच्चों में हिंसक प्रवृत्ति कहां से आती है, उन कारकों पर विचार करना बेहद आवश्यक है। पहला है, सामाजिक वातावरण, यानी जहां बच्चे का पालन-पोषण होता है, वह उनके व्यवहार को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है। घर, समाज या मीडिया में हिंसा देखकर उनके व्यवहार में उसी तरह की धारणाएं आकार लेती हैं। दूसरा, बच्चे अंतर्निहित मनोवैज्ञानिक विषयों या पिछले दर्दनाक अनुभवों के कारण भी हिंसक प्रवृत्ति प्रदर्शित कर सकते हैं। कुछ बच्चे अपने भावनात्मक दर्द को कम करने के तरीके के रूप में भी हिंसा का सहारा लेते हैं। तीसरा, बच्चे अपने साथियों के आक्रामक व्यवहार की नकल करते हैं। शक्तिशाली होने या माने जाने की इच्छा उन्हें हिंसक कार्यों की ओर प्रेरित कर सकती है। चौथा, कभी-कभी बच्चों की पूरी न हुई जरूरतें भी उन्हें हिंसा की ओर धकेल सकती हैं। पांचवां, प्रौद्योगिकी के विकास के साथ साइबर बुलिंग और हिंसक ऑनलाइन गेमों का जोखिम तेजी से बढ़ रहा है। हिंसक ऑनलाइन गेम छात्रों को हिंसा के रूप में अपनी आक्रामक ऊर्जा को व्यक्त करने का मौका देते हैं। इससे उन पर स्थायी मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ सकता है। छठा, बच्चे के जीवन में सकारात्मक रोल मॉडल या सलाहकारों की अनुपस्थिति भी बच्चे को गलत संगति की ओर मोड़कर हिंसक बना सकती है।

## हंटरगंज बीडीओ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई

# आपकी योजना आपकी सरकार के द्वार कार्यक्रम को और अधिक प्रभाव शाली बनाया जाए : बीडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हंटरगंज :** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बीडीओ निखिल गौरव कामन कच्छप की अध्यक्षता में एक अतिमहत्व पूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनहित कार्यक्रम आपकी योजना आप की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाने को लेकर कई अहम दिशा निर्देश दिया गया। इस बैठक में प्रखण्ड के कर्मी, पंचायत सेवक,जन सेवक, पंचायतों के मुखिया और जन प्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक में कहा गया की हंटरगंज प्रखंड के पंद्रह पंचायतों में अब तक आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम सफलता पूर्वक प्रखण्ड प्रशासन और जन प्रतिनिधियों के सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न कराने में सफलता प्राप्त हुई है।शेष बचे तेरह पंचायों में और अधिक प्रभावशाली कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर विचार विमर्श किया गया।कम्प्यूटर ऑपरेटरों को सख्ती से निर्देश दिया गया की शिविर में आए आवेदनों का हर हाल में ऑन लाइन किया जाना चाहिए।अब तक जिस तरह से कार्यों को सुचारू और सुसज्जित ढंग से किया गया है।उस से भी अधिक बल और हौसला के साथ कार्यों का निबटारा किया जाना चाहिए। शिविर में ग्रामीणों के द्वारा दिए गए आवेदनों पर हर हाल में प्राथमिकता के तौर कार्य किया जाए। शिकायत मिलने पर संबंधित कर्मियों और कंप्यूटर ऑपरेटरों पर सख्त कार्रवाई किया जायेगा।इस मौका पर सीओ अरुण कुमार मुंडा,मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव,बीईओ कानन पात्रा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष वकील खां, मुखिया संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, मुखिया बसंती पन्ना, बबलू कुमार,मदन चौधरी, युगेंद्र यादव, रेणु देवी, नरेश यादव,बाबू नंद पासवान, दूधनाथ यादव, दीपा भारती, मो शमशाद आलम एनजीओ की प्रतिनिधि कालिंदी कुमारी के अतिरिक्त दर्जनों कर्मी और जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कौलेश्वरी पहाड़ की तलहटी धार्मिक सामग्रियों के दर्जनों दुकान जलकर राख



**हंटरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कौलेश्वरी पहाड़ के तलहटी में अवस्थित दुकानों में अज्ञात उपद्रवियों द्वारा बीते रात्रि आग लगा दी गई। जिसमें दर्जनों दुकान जलकर राख हो गई। दुकानदारो का संदेह है कि किसी अनजान व्यक्ति के द्वारा आगजनी की घटना को कारित किया गया है।आगजनी की घटना को अंजाम देकर व्यक्ति भागने में सफल रहा।दुकानदारों के द्वारा सरकार से मुआवजा का मांग किया जा रहा है। आगजनी की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना प्रभारी सनोज कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आग को बुझाया गया। तब तक दर्जनों दुकान जलकर कर राख हो गई। लगभग एक माह पूर्व 13 नवंबर को भी ऐसी ही घटना को अंजाम दिया गया था। आज तक ऊनलोगों का भी कोई अता पता नहीं चल पाया है।उस समय भी पांच दुकान को जलाकर राख कर दिया गया था। कौलेश्वरि के तलहटी में आसपास के ग्रामीण ही दुकान लगा कर जीवन यापन और अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं।ऐसे में दुकानदारों के बीच भूख मरी की स्थिति उत्पन्न हो जाना स्वभाविक है। दुकानदारों ने छती पूर्ति के लिए अंचल कार्यालय एवं थाना में लिखित आवेदन देने की बात बता रहे हैं।घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर तरवा गड़ा के पूर्व मुखिया दिलीप कुमार दास घटना स्थल पर पहुंच कर दुःख प्रकट किया है।दुकानदारों में विनय चौधरी, अनिल चौधरी, दशमेश सिंह, पिंटू लाल, गोपाल प्रजापति, कैलाश राम, जितेंद्र सिंह, अशोक लाल, नरेश राम, कैलाश राम, मुरारी दुबे, विनय चौधरी की दुकानें जल कर राख हो गई है।

## ठोकर लगने से वृद्ध की मौत

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के सांसग पंचायत के समीप कोड़ास ग्राम के पास ठोकर लगने से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान लातेहार पांडेपुरा पंचायत के मानिकपुरा निवासी भगवती साव 70 वर्ष के रूप में की गई है। सूत्र के मुताबिक मृतक अहले सुबह अपने घर से किसी काम को लेकर सांसग ग्राम आ रहे थे। कि तकरीबन 9-30 बजे कब्रिस्तान के पास बड़े से पत्थर में उनकी पैर टकरा गई जिससे वह गिर गए और पत्थर में चोट लगने से उनकी मौत हो गई। जब ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना उनके परिजनों को दिया गया सूचना मिलने के बाद परिजन वहां पहुंचे और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## जिला खेल स्टेडियम में बिधायक ने फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला खेल स्टेडियम में सद्भावना फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया है।इसका शुभारंभ विधायक बैद्यनाथ राम, एसडीओ मो.परवेज आलम, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार व युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल को किक मारकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि जिले में प्रतिभा कि कमी नहीं है।खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच मिला है। जहां खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे।मौके पर जिले के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सहायक अध्यापकों की बैठक की गई

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के बाबा घाट मैदान में रविवार को जिले के प्रत्येक प्रखंड से आए हुए सहायक अध्यापकों का एक बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता और राजेश कुमार सिंह और संचालन ध्रुवनाथ शर्मा ने किया। राज्य कमिटी से घोषित आंदोलन के क्रम के अनुसार संगठन की मजबूती तथा आंदोलन में पूरी बढ़-चढ़कर भाग लेने का निर्णय लिया गया। राज्य कमेटी द्वारा गठित समन्वय समिति के निर्देशानुसार चतरा में भी सभी संगठनों का समन्वय स्थापित करते हुए चतरा से भी बढ़-चढ़कर आंदोलन को तेज एवं धारदार करने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रत्येक प्रखंड के सहायक अध्यापकों से बारी-बारी से अलग-अलग अपने-अपने विचार मंतव्य लिया गया। इसके बाद चतरा जिला में 24 सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया गया। जिसका संयोजक ज्योति कुमारी को बनाया गया।एवं प्रत्येक प्रखंडों के लिए प्रखंड प्रभारियों का भी चयन किया गया। 19दिसम्बर को घोषित विधानसभा के घेराव में प्रत्येक सहायक अध्यापक को ले जाना सुनिश्चित किया गया।अगर सरकार के द्वारा किए गए वायदे के मुताबिक यथाशीघ्र वेतनमान देने की घोषणा नहीं की जाती है तो सरकार के चौथे वर्षगांठ के अवसर पर 29दिसम्बर को आयोजित कार्यक्रम के विरोध के लिए 28 दिसंबर से ही अनिश्चितकालीन मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का निर्णय लिया गया।जिसके लिए सभी62000सहायक अध्यापक रांची में महजुटान करेंगे। जिसके सरकार स्वयं जबाबदेह होगी।प्रतापपुर प्रखंड के लिए रवींद्र सिंह एवं उदय सिंह को,लावालौंग के लिए गोपेन्द्र कुमार यादव, कुंदा के लिए अभय सिंह, इटखोरी के लिए मिथलेश पाण्डेय कान्हाचट्टी के लिए रामकुमार यादव टंडवा के लिए अभय सिंह को प्रखंड प्रभारी बनाया गया। आज की बैठक में मिथिलेश कुमार सोनू नागेंद्र कुमार यादव रणधीर सिंह ब्रजेश यादव, मनोज यादव रविन्द्र सिंह, विनोद यादव कुमुद सिंह साकेत पांडेय ज्योति कुमारी राजेश सिंह,अभय सिंह,गोपेन्द्र कुमार यादव, जागेश्वर महतो कृष्णा पासवान जिलाध्यक्ष,ध्रुवनाथ शर्मा अशोक ठाकुर संजय साहू, विकास सिंह सन्दीप कुमार आदि समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# लोक प्रेरणा केंद्र और क्रिया नई दिल्ली के संयुक्त 16 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिमरिया :** लोक प्रेरणा केंद्र सिमरिया और क्रिया नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में अनुमंडल स्तरीय चल रहे सेरनदाग पंचायत भवन में राष्ट्रीय मानवाधिकार के अवसर पर जेंडर आधारित 16 दिवसिय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।मौके पर संस्था की सचिव मौसमी बाखला ने बताई की महिला एवं किशोरियों के साथ समुदाय एवं छूटे हुए वर्गों के साथ भेदभाव एवं हिंसा किया जाता है ।इस तरह बहुत सारे हिंसाएं होती है जिसे हम जानबूझकर नहीं करते हैं, लेकिन उनके मन में तकलीफ हो जाती है और हमारी हंसी भी उन्हें दर्द दे जाती है । इसलिए यदि हम मानते हैं कि सभी को समान अधिकार मिलना चाहिए तो शुरुआत हमें खुद से ही करना होगा ।संस्था अध्यक्ष अधीन महतो ने बताया कि मानवाधिकार का मतलब होता है कि मानव का अधिकार यदि हम मानव के रूप में जन्म लेते हैं,और अलग-अलग पहचान के साथ जी रहे होते हैं फिर भी हमें समान अधिकार होना चाहिए ।चाहे वह हमारा कार्य क्षेत्र हो या मानदेय क्षेत्र हो। उपस्थित सहिया साथी सुनिता देवी ने बतायी की 16 दिवसीय अभियान भले ही 16 दिन का होता है, लेकिन हमारे मन में व कार्यक्षेत्र में चलता रहना चाहिए ताकी समुदाय में हो रहे भेदभाव एवं हिंसा को खत्म किया जा सके ।

# यातायात नियमों का पालन को लेकर राहम सेवा फाउंडेशन ने चलाया जागरूकता अभियान

## बिना हेलमेट के बाइक सवार को टंडवा पुलिस ने माला पहनाकर किया जागरूक

**राहुल कुमार सिंह@प्रभात मंत्र**



**टंडवा :** प्रखंड के राहम सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने के लिए सड़क में चलने वाले राहगीरों को जागरूक किया गया। जिसमे सड़क सुरक्षा मानकों के तहत चार पहिया वाहन को सीट बेल्ट लगाकर चलने, शराब पीकर वाहन ना चलाने, अधिक जन संख्या वाले क्षेत्रो में धीमी गति से वाहन चलाने, हेलमेट पहनकर एवं धीमी गति से बाइक चलाने, सड़क की बाई तरफ चलने तथा ओवरलोड लेकर न चलने की अपील की गई। सड़क पर हेलमेट पहने चालक एवं चारपहिया वाहनो में सीट बेल्ट लगाए चालकों को फाउंडेशन के सदस्यों के द्वारा गुलाब फूल देकर स्वागत किया गया एवं बिना हेलमेट वाले व बिना सीटबेल्ट वाले को टंडवा पुलिस द्वारा माला पहनाकर प्रेरित किया गया साथ ही सड़क सुरक्षा नियमो को बताया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट का भी शुभारंभ किया गया। सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करने को लेकर शपथ दिलाई गई। मौके पर टंडवा अंचलाधिकारी राजेंद्र दास, टंडवा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य सुभास यादव, झामुमो नेता सह सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा, राहम पंचायत मुखिया विस्वजीत उरांव, एस. आई. सुखनाथ पांडेय, आदि थे ।

# प्रखंड स्तरीय भूइयां समाज की हुई बैठक अध्यक्ष बने विजय भारती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत कौलेश्वरी मंदिर प्रांगण में प्रखंड स्तरीय अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण की बैठक रविवार को संपन्न हुआ। बैठक सदानंद भुइयां की अध्यक्षता में की गई। बैठक में पूरे प्रखंड से भुइयां समाज के लोग उपस्थित थे। जहां सर्व समिति से भुइयां समाज के प्रखंड अध्यक्ष विजय भारती गिद्धौर निवासी को बनाया गया है। एवं सचिव पूर्व मुखिया पति बिरेंद्र भुइयां बंदिया गांव निवासी को बनाया गया है। कोषाध्यक्ष पोखन राम गिद्धौर निवासी को चयन किया गया है। इन सभी प्रभारी का चुनाव होने के बाद समाज की ओर से पुष्पमाला पहनकर स्वागत किया गया। एवं लोगों ने समाज की उत्थान करने की कार्यभार इन लोगों को सोपा गया है। ताकि समाज में जिस प्रकार की भी कुरुतियां हो उसे मिटाना है वं शिक्षा की ओर बढ़ना है। और समाज का कल्याण करना है। बैठक में मुख्य रूप से कामेश्वर भुइयां उपेंद्र भुइयां रोहित राम जय कुमार भुइयां संजय भुइयां पंकज कुमार भुइयां राजेश भारती मुकेंद्र भुइयां राजेंद्र भुइयां निर्मल भुइयां तपेश्वर भुइयां अर्जुन भुइयां आदित्य भुइयां कामेश्वर भारती के साथ दर्जनों भुइयां समाज के लोग बैठक में उपस्थित थे।

# सड़क तोड़ने पर ग्रामीणों में आक्रोश किया कार्रवाई की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित बहेराटाड़ में विधायक कोटा से बने पीसीसी ईंट सोलिंग सड़क को तोड़कर बांउड्री देने से नाराज ग्रामीणों ने सदर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई कि मांग किया है। दिए गये आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि बहेराटांड़ में विधायक कोटा से मनोज पासवान के घर से संतोष भुइयां के घर तक पीसीसी ईंट सड़क बना हुआ है। जिसको तोड़कर चेतन यादव पिता दशरथ यादव ने सड़क तोड़ कर बांउड्री दे रहा है। जिससे आसपास के ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रहा है। जब आसपास के लोगों के द्वारा बातचीत से समस्या का हल नहीं हुआ तो रविवार को सुबह सदर थाना में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई कि मांग किया है।वहीं सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के नेतृत्व में विवादित स्थल पर पुलिस बल को भेजकर कार्य को रोकवा दिया गया है। वहीं आजसू जिला उपाध्यक्ष विजेन्द्र दास ने कहा कि ऐसा करना विलकुल गलत यह स्थानीय ग्रामीणों के साथ अन्याय है। जिला प्रशासन से प्रतिवादी पर कानूनी कार्रवाई करते हुए सड़क मरम्मत कराने कि मांग किया है। मौके पर आजसू जिला उपाध्यक्ष बिजेंद्र दास, मुकेश कुमार, मंटू राम, मनीष दास, महेंद्र मांझी इत्यादि कई लोग मौजूद थे।

# जिप सदस्य ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने रविवार को प्रखंड के गाडी गांव स्थित भंडार टोला में नये विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया।जानकारी देते हुए जिप सदस्य राम ने कहा कि इस टोला में विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति के लिए पूर्व में लगाया गया ट्रांसफॉर्मर बीते छ- माह से जली हुई थी। जिससे गांव में रहने वाले लगभग 40 घरों में विद्युत की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी जिस कारण टोला के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर थे और विभाग द्वारा बिजली बील लगतार आ रहा था। ग्रामीणों द्वारा कई बार विभाग को सूचना देने के बाद भी कुछ पहल नहीं हुआ।इसके बाद ग्रामीणों ने मुझे जानकारी दिया। जिसके बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर टोला में एक सौ केवीए का ट्रासफार्मर लगाने व छ माह का बिजली बील मांफ कराने का मांग किया। नया ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों मे काफी खुशी देखी गई। जिप सदस्य राम ने विभाग से गरिबों का छ- माह का बिजली बील मांफ करने का अपील भी किया है।इस मौके पर ज्योति प्रसाद, राजन भुईया, जितु भुईया, बैजु यादव, मनोज यादव, सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## कांग्रेस पार्टी के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

# झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर : अशोक शर्मा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चतरा :** भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा के नेतृत्व में जतराहीबाग चौक पर कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस नेता धीरज साहू के खिलाफ धरना प्रदर्शन दिया गया। धरना प्रदर्शन से पूर्व चतरा केसरी चौक पर एकत्रित हुए और केसरी चौक से भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर पैदल मार्च के जतराहिबाग चौक पहुंचे। जतराहीबाग चौक पर धरना में भाजपा नेताओं ने लोगों को संबोधित किया और भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के खिलाफ आवाज उठाया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह नें किया।जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि आज झारखंड में भ्रष्ट जेएमएम की सरकार गद्दी मे बैठी हुई है और उनके सहयोगी कांग्रेस पार्टी के नेता धीरज साहू जी घर से इनकम टैक्स के द्वारा 350 करोड़ से ज्यादा की रकम बरामद की। जनता अब जान गई है ।कांग्रेस पूरी तरह से भ्रष्ट है और पूरे देश से कांग्रेस को कांग्रेस मुक्त भारत बनाने का संकल्प ले ली है।आज जनता के आशीर्वाद से ही मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा की जीत हुई है।

और झारखंड से भी जनता इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी 2024 में फिर से केंद्र मे मे सरकार बनेगी और झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य काली सिंह, प्रदीप सिंह, अक्षयवट पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष रजनीकांत सिन्हा, नविन साह,जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष तिलेश्वर राम, भाजपा नेता राकेश झा, शिवकुमार चौबे, गोविंद दांगी भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश पासवान, मंडल अध्यक्ष विद्यासागर आर्य, जितेंद्र सिंह, कपिल दांगी, विनोद दांगी, दयानिधि सिंह, रंजय भारती, अमित साहू, उज्जवल दास, गायत्री साहू, चंपा देवी, नीरा देवी, नीरज सोनी, राजकुमार वर्मा, राजा मालाकर, जितेंद्र पांडे, धीरज सिन्हा, अमित राम शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर डीटीओ ने सभी बस संचालकों के साथ बैठक की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले के परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सभी बस संचालकों के साथ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना से संबंधित बैठक की.इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के मार्गो का चयन करने को लेकर एमभीआई व बस संचालकों संग विचार-विमर्श किया.मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण और सुदूर क्षेत्र में रह रहे लोगों को शहर से जोड़ने व आवागमन की बेहतर व्यवस्था करने के उद्देश्य से यह योजना की शुरुआत की जा रही है.उन्होंने कहा कि रुट निर्धारण इस तरह से किया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शहर के स्कूल, कॉलेज,साप्ताहिक हाट,रेलवे स्टेशन व अस्पताल आने में कोई परेशानी न आये साथ ही इस योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिक, झारखंड आंदोलनकारी, दिव्यांग और विधवा को बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी.इसके अलावे निर्धारित रूटों पर बस संचालित करने वाले बस संचालकों को वाहन खरीद पर सब्सिडी दी जाएगी साथ ही परमिट और फिटनेस शुल्क पर भी रियायत दी जायेगी.इस योजना के तहत वित्तीय प्रोत्साहन के तहत मात्र 1 रुपये के शुल्क में मार्ग कर,परमिट शुल्क, वाहन निबंधन शुल्क देना होगा. बैठक में डीटीओ,मोटरयान निरीक्षक,समेत कई बस संचालक उपस्थित रहे।

## चन्द्रीकला देवी मंडप के पास एक जंगली नीलगाय की बिजली तार के चपेट मे आने से मौत

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**प्रतापुर :** बिजली तार के चपेट मे आने से एक जंगली नीलगाय की मौत हो गई है।मामला प्रतापपुर प्रखंड के चन्द्रीगोबिन्दपुर पंचायत स्थित चंद्रीकला देवी मंडप के पास की है।चन्द्रीकला के ग्रामीणो रागिव,राजु,प्रवेज,रहमत सहित कई अन्य ग्रामीणो ने शनिवार को बताया कि बिजली विभाग के द्वारा खींचे गये तार काफी नीचे है,तथा कई बिजली खंभे के पास तार मे बिजली प्रवाहित होती है।विभाग के द्वारा तार का मेन्टेनेस नही करने के कारण नीलगाय बिजली तार के चपेट मे आयी और उसकी मौत हो गई।हलांकि ग्रामीणो ने मृत नीलगाय को प्रतापपुर वन विभाग को सूचना देकर मृत नीलगाय को सौप दिया है।वन विभाग के कर्मियो ने मृत नीलगाय को वन विभाग के वाहन के द्वारा वन विभाग कार्यालय ले गये।

## संक्षिप्त खबरें

### चेडरा पंसस मुन्नी देवी ने राज्य सरकार द्वारा प्राप्त कम्बल का किया वितरण

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के चेडरा पंचायत में झारखण्ड सरकार द्वारा आवंटित कंबल का अत्यंत गरीब एवं असहायों के बीच चेडरा पंसस मुन्नी देवी ने वितरित की। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक 25 लोगो की सूची बनाई है,जिन्हें पहले कभी कंबल नही मिला है उन्हें कंबल की अत्यंत आवश्यकता है। उन्ही लोगो को चिह्नित कर कंबल का वितरण किया जा रहा,ताकि कोई गरीब इस लाभ से वंचित ना हो।25 की सूची में अबतक लगभग 10-12 लोगो को कंबल दिया जा चुका,और बाकियो को जल्द कम्बल दिया जायेगा।

### बराय में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध में महिलाओ ने निकाली रैली

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखंड के बराय पंचायत में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान रैली निकाली गई। जिसका नेतृत्व अंजू कुमारी ने किया उन्होंने रैली के उद्देश्य के बारे में उपस्थित महिलाओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी इसके पूर्व शपथ दिलाई गई। इस मौके पर काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। इस मौके पर अंजू कुमारी, बैंक सखी अनीता कुमारी सीमा देवी प्रमिला देवी मंजू देवी पल्लवी देवी सोनिया देवी सावित्री देवी खेमिया देवी रीना कुमारी सुनीता देवी सोनी कुमारी किरण देवी पुतुल कुमारी बसंती देवी कमली देवी दुलारी देवी पूजा देवी सरिता देवी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद रजवार का असामयिक निधन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बरसोत निवासी अरविंद रजवार का असामयिक निधन रांची के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओ में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बताते चलें कि अरविंद रजवार सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। बरही के गणमान्य समेत बड़ी संख्या में लोगों ने उनके आवास जाकर शोक संतप्त परिवार का ढांढस बंधाया। पूर्व विधायक मनोज यादव ने श्मशान घाट पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया और उन्होंने अरविंद रजवार के निधन को अपूर्णीय क्षति बताया। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि अरविंद रजवार का निधन उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। सामाजिक और राजनीतिक जीवन में उन्होंने काफी काम किया था। उनके निधन पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता महेश ठाकुर, बासुदेव यादव, हरी कुशवाहा, पंसस सुजीत कुमार, मुकेश बक्शी, उमेश चंद्रवंशी, सूरज सिंह, संतोष रजवार, बिश्नुधारी महतो, रूपेश कुमार, संतोष रजवार, मुकेश बक्सी, अजीत चंद्रवंशी, सूरज सिंह समेत कई लोग शव यात्रा में शामिल हुए और शोक व्यक्त किया।

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित नॉलेज ओलंपियाड में बड़ी संख्या में विद्यार्थी हुए शामिल

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में रविवार को 10वीं, 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए नॉलेज ओलंपियाड का आयोजन किया गया, जिसमें आईसेक्ट इंटर कॉलेज, इंटर साइंस कॉलेज, बिरसा मेमोरियल हाई स्कूल, प्लस टू हाई स्कूल बगोदर, गुरूग्राम पब्लिक स्कूल, विवेकानंद सेंट्रल स्कूल, प्लस टू हिंदू स्कूल, आरएम प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल टाटीझरिया, रेड रोज़ स्कूल, रामलखन साइंस कॉलेज, अल्फा कॉर्नर, एलेन कैमेस्ट्री एकेडमी, विजय फिजिक्स, रेजोनेंस एकेडमी, जेपी साइंस एकेडमी, एक्सेल एकेडमी सहित विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों व संस्थानों से हजारों की संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। नॉलेज ओलंपियाड में अलग-अलग वर्गों के कुल 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए, जिसमें सामान्य ज्ञान, तर्क ज्ञान, सामान्य विज्ञान, संख्यात्मक क्षमता और कंप्यूटर पर आधारित प्रश्न पूछे गए थे। सभी विद्यार्थी परीक्षा के बाद काफी उत्साहित नजर आए। विद्यार्थियों ने कहा कि ऐसे परीक्षाओं से हमसब का आत्मविश्वास बढ़ता है और जिंदगी में कुछ बेहतर करने की प्रेरणा भी मिलती है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने इस बाबत बताया कि ओएमआर शीट पर आयोजित परीक्षा का परिणाम फरवरी माह में प्रकाशित किए जायेंगे, जिसके बाद विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हर वर्ग के प्रथम तीन विजेताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को स्मार्ट फोन, द्वितीय स्थान के लिए ब्लूटूथ स्पीकर और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को स्मार्ट वॉच देकर पुरस्कृत किया जाएगा। डॉ गोविंद ने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय अपने शुरुआती दिनों से ही गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने जैसे प्राथमिक उद्देश्यों को पूर्ण करने के साथ साथ अपने सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करता रहा है। उन्होंने कहा कि दरअसल ऐसे परीक्षाओं से ना सिर्फ विद्यार्थियों का आत्मबल मजबूत होता है बल्कि एक ऐसा वातावरण भी मिलता है, जो उनके सफलता हासिल करने में मददगार भी साबित हो सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि नॉलेज ओलंपियाड 2023 में शामिल सभी प्रतिभागियों को आगामी सत्र जून 2024 एवं जुलाई 2024 में आईसेक्ट की ओर से संचालित किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश पर पंजियन शुल्क पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। मौके पर इंटर साइंस कॉलेज के प्राचार्य बसंत झा भी पहुंचे और परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के कई स्कूलों व कॉलेजों से शिक्षक मौके पर पहुंचे थे जिसमें इंटर साइंस कॉलेज के प्रभु कुमार, बिरसा मेमोरियल हाई स्कूल के प्राचार्य सुनिल कुमार राणा, संतोष कुमार, अल्फा कॉर्नर के निदेशक महेश कुमार, यूएन हाई स्कूल झरपो के अनिल राणा सहित अन्य के नाम शामिल हैं। नॉलेज ओलंपियाड को सफल बनाने एसएनके उपाध्याय, माधवी मेहता, डॉ रोजीकांत, डॉ प्रीति व्यास, आशा गुप्ता, हिमांशु चौधरी, सुरेश कुमार, अभिमन्यु पाण्डेय, मुकेश कुमार, बिरेंद्र कुमार, अमित कुमार, राजेश कुमार, राहुल कुमार, रोहित मिंज समेत अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सदर विधायक की अनूठी पहल, 14 दिसंबर को 25 जोड़े का कराएंगे सामूहिक विवाह

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर विधायक मनीष जायसवाल और उनके परिवार के द्वारा एक अनूठी और प्रेरक पहल की शुरुआत की जा रही है। जिसके तहत जरूरतमंदों के सामाजिक स्थिति में सुधार करने और कन्या विवाह के बोझ को कम करने के उद्देश्य से उन्होंने समाज के 25 जोड़े का सामूहिक विवाह कराने का संकल्प लिया है। अपने संकल्प के अनुरूप 25 जोड़े के सामूहिक विवाह समारोह की तैयारी भी जोर- शोर से शुरु कर दी गई। पिछले दिनों विधायक मनीष जायसवाल ने सुबह के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से मिलकर उन्हें इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया । विधायक मनीष जायसवाल द्वारा यह आयोजन आगामी 14 दिसंबर 2024 को डीपीएस स्कूल मैदान में आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए पूर्व में ही विधायक मनीष जायसवाल और उनकी टीम के द्वारा समाज के 25 जरूरतमंद जोड़ों का चयन किया गया है। विधायक द्वारा इस समारोह के माध्यम से सभी 25 जोड़ों के परिणय सूत्र में बंधने और उसके उपरांत विदाई के साथ ही बेरोजगार दूल्हा को रोजगार से जोड़ने हेतु टोटो भेंट करने या जो पूर्व से रोज़गार से जुड़े होंगे उन्हें बाइक या फिर दुल्हन के नाम से एफडी भेंट करने के साथ सभी जोड़ों को गृहस्थी का सामान सहित कई उपहार भी देने की योजना है । आयोजन को लेकर विधायक मनीष जायसवाल बताते हैं कि पहली बार हमारे द्वारा इस प्रकार की सामूहिक विवाह की शुरुआत की जा रही है हमारा कोशिश होगा कि यह निरंतरता बनी रहे।

## लईक अहमद की अध्यक्षता में बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** रविवार को चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत ग्राम पिपरा तापिन थाना चरही जिला हजारीबाग के जमा मस्जिद के सामने एदारे शरिया के तहत चलाये जा रहे मुहिम तहरिक बेदारी के ताअलुक से एक बैठक किया गया जिसका अध्यक्षता सिग्रेटरी लईक अहमद ने किया । इस बैठक में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया तमाम लोगों ने अपना-अपना नेक मशवरा दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि शादी विवाह में डी जे, बेंजु, ढोल नगाडा, नाच गाना , आतिश बाजी,पूर्ण रूप से बंद रहेगा साथ ही शादी में नगद लेंन देंन भी नही करना है। साथ में शादी पूरे इस्लामी तौर तरीके से करना है और बाराती जाने व आने का तादाद 50 तक रहेगा।। वही लड़की वाले हस्बे औकात दहेज दे सकते हैं किसी तरह का दहेज का डिमांड भी नहीं करना है विवाह पूरे सुन्नत तरीका से करना है वही पंचायत का लोग अगर नियम को तोड़ते हैं तो उसको 5000 से लेकर 10000 तक आर्थिक दंडित किया जाएगा साथ में उसका नाम एदारे सरिया को दे दिया जाएगा ।

## हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा हरिजन बस्ती व विभिन्न इलाकों में किया गया कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा जिले में प्रचंड ठंड को देखते हुए पहली पाली में 500 कंबल का वितरण किया गया था वहीं दूसरी पाली के लिए 500 कंबल मंगाया गया है, इसी क्रम में कदमा स्थित हरिजन बस्ती तथा जिले के विभिन्न इलाकों में जरूरतमंद, असहाय, वृद्ध जनों के बीच कंबल का वितरण किया गया। करीब 100 से भी अधिक लोगों को कंबल दिया गया। कंबल वितरण की सेवा फरवरी माह तक निरंतर रूप से चलता रहेगा इस बीच शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की जाएगी। जरूरतमंद, असहाय, वृद्ध जनों को कंबल प्राप्त होने के बाद उनके चेहरे पर एक अलग खुशी देखने को मिली उन्होंने उपस्थित सभी पाधिकारियों एवं सदस्यों को अपना आशीष आशीर्वाद प्रदान किया।

## सावित्री देवी पंचतत्व में हुई विलीन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** पूर्व रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष सह सूर्य षष्ठी छठ पूजा फल वितरण समिति के सचिव एवं भाजपा के युवा नेता सुधीर यादव पिक्कू की माँ सावित्री देवी का बड़ा बाजार मल्लाह टोली स्थित आवाश से शव यात्रा शहर का भ्रमण करते हुए खिरगांव मुक्ति धाम पहुँचा।शव यात्रा में शहर व आस पास के लोगों सहित विभिन्न समुदाय,वर्ग के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।हर लोगों के जुबान पर एक ही बात थी की सावित्री देवी धार्मिक सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया करती थी। तथा गरीब गुरबों के दुःख के समय खड़ा रहा करती थी।मृदभाषी होने के नाते हर वर्ग समुदाय जाती विरादरी में सम्मान की दृष्टि से देखी जाती थी।मुहल्ले,परिवार एवं समाज में काफी लोकप्रिय थी।यही वजह है कि इनके शव यात्रा में सैकड़ो लोगों की आँखे नम थी।स्व0चमरू गोप की 67 वर्षिय पत्नी सावित्री देवी लंबे समय से बीमार चल रही थी।शनिवार को दोपहर में अपने आवास में अंतिम सांस ली।

## सद्भावना विकास मंच का होगा वृहद विस्तार : राजसिंह चौहान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** अनुमंडल सहित कई जिलों में सामाजिक कार्यों में कई कृतिमान हासिल करने वाले सद्भावना विकास मंच का अब वृहद विस्तार हो रहा है। इस निमित 10 दिसंबर को बरही के करसो स्थित हर्षित राज होटल में मंच का एक बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान मौजूद थे। बैठक में चंदवारा, चौपारण तथा पदमा प्रखंड के कई लोगों ने मंच की सदस्यता ग्रहण किया। इस दौरान राजसिंह चौहान ने कहा कि सद्भावना विकास मंच का उद्देश्य समाज में सामाजिक सौहार्द को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि आज जागरूकता के आभाव में लोगों में कटुता बढ़ती जा रही है। जिसे हम सबों को मिल कर मिटाने की आवश्यकता है। सनद हो कि 2017 में मंच के स्थापना के बाद से कई सामाजिक कार्यों का निर्वहन किया है। खासकर कोरोना काल में लोगों के बीच विभिन्न प्रकार के सेवा प्रदान कर प्रशासन तथा आम जनता की सराहना हासिल किया है। मौके पर पिपराडीह के पूर्व मुखिया धीरज कुमार, कोषाध्यक्ष आजाद हुसैन, उप सचिव मनोज कुमार कुशवाहा, तोहिद अली, संगठन मंत्री प्रद्युमन सिंह, व्यवस्थापक जियाउल हक, सक्रिय कार्यकर्ता विकास सिंह, पंसस जीतू ठाकुर, महिला अध्यक्ष पायल देवी, सचिव सुनीता देवी, सक्रिय सदस्य गायत्री देवी, ममता देवी, ममता देवी, केसरी देवी, संजू देवी, मंटू सिंह, अभिमन्यु सिंह, मंटू कुमार दांगी, सद्दाम अंसारी, किशोर दास, काजल देवी, घुंघरू कुमारी, मंजीत कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अंजू देवी, सुरेश कुमार दांगी, ललिता देवी, प्रेमा देवी, सावित्री देवी सहित कई भारी संख्या में महिला - पुरुष मौजूद थे।

## पीएमओ कार्यालय ने ऑनलाइन शिकायत पर जर्जर सड़क का लिया संज्ञान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** जदयू प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता ने बेड़ाहरियारा पंचायत के जर्जर सड़क को लेकर पीएमओ कार्यालय से ग्रामीण कार्य विभागकार्य प्रमंडल हजारीबाग से निरक्षण के लिए आए अधिकारी को अवगत कराया।

इस संबंध में जदयू प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता ने चौदह नवंबर को चलानिया से विष्णुगढ़ तक दो किलोमीटर कालीकरण, इटवाटाड़ टावर से बेड़ाहरियारा दुर्गा मंदिर तक 3.5 किलोमीटर कालीकरण सड़क को लेकर पीएमओ कार्यालय मे ऑनलाइन शिकायत दर्ज की थी।जिसके बाद विभाग द्वारा संज्ञान में लेते हुए कनीय अभियंता रामप्रसाद गोराई को निरक्षण के लिए भेजा गया।निरक्षण के दौरान तीन पुलिया मरम्मती,गाडवाल एवं जर्जर सड़क निर्माण का निरक्षण किया।

## बेड़ा हरियारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रसार हेतु कृषक गोष्ठी की गई आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विकसित भारत संकल्प यात्रा में सॉइल हेल्थ कार्ड के प्रचार प्रसार हेतु एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (कृषि उन्नति योजना) अंतर्गत शनिवार को विष्णुगढ़ प्रखण्ड के पंचायत बेड़ाहरियारा में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस गोष्ठी में जैविक खेती के लिए किसानों को प्रशिक्षण देने के साथ सत्तर किसानों को खाद, बीज के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया।इसके अलावे मिट्टी जांच का सैंपल लिया गया।गोष्ठी में सॉइल हेल्थ कार्ड के विषय में किसानों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक संख्या में कृषक को सॉइल हेल्थ कार्ड बनवाने हेतु उसके लाभ पर चर्चा किया गया।इस मौके पर बेड़ाहरियारा पंचायत के पूर्व समिति सदस्य दीपक कुमार रजक ने किसानों को जागरुक करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा देशभर के नागरिकों के साथ संबंधों को बढ़ावा देने वाला एक परिवर्तनकारी अभियान बनकर उभरी है जिसका किसान लाभ उठाएं।इस गोष्ठी में मुख्य रूप से बेड़ाहरियारा पंचायत मुखिया रामचंद्र यादव,उपमुखिया राहुल कुमार गुप्ता, पूर्व पंचायत समिति सदस्य दीपक रजक,प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राणा,सहायक तकनीकी प्रबंधक सुशील कुमार,कृषक मित्र धर्मबीर यादव, धनंजय यादव, बालेश्वर यादव,महेश प्रजापति,मथुरा मांझी,देवलाल प्रजापति,संजय महतो समेत कई प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

## बड़कागांव में झामुमो प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, संजय सिंह अध्यक्ष चुने गए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड मुख्य संयोजक संजय सिंह व संचालन इंद्रदेव राम एवं विशेश्वर राम ने किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार परिवहन प्राधिकार सदस्य सह केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदीया, केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी व अन्य उपस्थित अतिथियों को बुक के देकर एवं माला पहनकर स्वागत किया गया। बड़कागांव प्रखंड में पार्टी संगठन को मजबूत करने को लेकर प्रखंड कमेटी का गठन किया गया जिसमें संजय सिंह को प्रखंड अध्यक्ष, सरोज महतो को सचिव, मोहन सोरेन को उपाध्यक्ष, इंद्रदेव राम को कोषाध्यक्ष तथा संजय भुईया को मीडिया प्रभारी बनाया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारी को माला पहनकर स्वागत किया गया और जल्द प्रखंड कमेटी का विस्तार करने को कहा गया। इसके पूर्व बड़कागांव प्रखंड के सभी 23 पंचायत के अध्यक्ष सचिव को संजीव ने पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। सम्मेलन में पूरे प्रखंड से लगभग 3000 कार्यकर्ताओं ने भाग लिए। आगामी चुनाव के लिए लोगों को तैयार रहने के लिए कहा गया।

मौके पर संजीव कुमार बेदिया ने कहा बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में प्रत्येक मंगलवार को झामुमो जनता दरबार लगाएगी और लोगों का काम को पूरा कराएगी। झामुमो ही झारखंड के गरीब गुरबा लोगों का हक व अधिकार दिला सकती है। झारखंड अलग राज्य निर्माण में इस पार्टी ने बहुमूल्य योगदान निभाया है। संजीव ने प्रखंड बीडीओ और सीओ को आम ग्रामीण के लिए निष्पक्ष तरीके से काम करने को कहा। उन्होंने भाजपा एवं आजसू पर निशाना साधते हुए कहा कि बड़कागांव से लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा एवं आजसू मुक्त करना है। आगे उन्होंने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह अच्छा से आम लोगों के लिए काम नहीं करेगी तो झारखंड मुक्ति मोर्चा कभी उसको बर्दाश्त नहीं करेगा। काम करने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा उसके साथ खड़ी है। साथ ही कंपनियों में 75प्र स्थानीय लोगों को रोजगार में रखने पर जोर दिया। वहीं केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा एक ऐसी पार्टी है जो सिर्फ और सिर्फ झारखंड वासियों के हित के बारे में सोचती है। आगे उन्होंने सरकार की योजनाओं को बताते हुए पूरे विधानसभा में पार्टी मजबूती पर जोर दिया। बेहतर तरीके से कार्यकर्ता सम्मेलन करने को लेकर प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह की सराहना की। मौके पर मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया, केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, कमल नयन सिंह, नीलकंठ महतो, इजहार अंसारी, संजय करमाली, राजा खान, मुकेश रावत, मनोहर राम, रश्मि टुड्डू, निसार अहमद, दिगंबर मेहता, राकेश मिश्रा, बसंत ठाकुर, इलियास अंसारी, गुड्डू राम, किशोर राणा, हेमंत भुइंया, नंदकिशोर भुइंया, पवन तुरी, मोती भुइंया, गणेश राम, नरशिंग तुरी, सोमर भुइंया के अलावा हजारों लोग उपस्थित थे।

## बरही में खुला ओम डायग्नोस्टिक सेंटर पूर्व विधायक मनोज यादव ने किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** रविवार को बरही के धनबाद रोड में ओम डायग्नोस्टिक सेंटर का पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने शुभारंभ किया। इसके पहले पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्घाटन किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने ओम डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक उमेश कुमार दास व राजकुमार केशरी को शुभकामना दी। सेंटर के संचालक ने पूर्व विधायक मनोज यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, विहीप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता को बुके देकर स्वागत किया। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि ओम डायग्नोस्टिक सेंटर के खुलने से मरीजों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। पूर्व विधायक श्री यादव ने अल्ट्रासाउंड सेंटर में दी जा रही आधुनिक सुविधा की तारीफ की और कहा कि बरही में एक स्थान पर ऐसे ही सुविधाओं की सख्त जरुरत थी। कहा क्षेत्र में लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवा के लिए यह डायग्नोस्टिक सेंटर काफी मदद करेगा।

## तिलैया डैम में बिजली आपूर्ति को लेकर धरना पर बैठे प्रदर्शनकारियों के साथ पूर्व विधायक मनोज यादव के साथ डीवीसी ने किया वार्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** पिछले छह दिनों से डीवीसी ने तिलैया बस्ती के लोगों का बिजली आपूर्ति बाधित कर रखा था। जिसके बाद तिलैया बस्ती की सैकड़ो महिलाओं ने तिलैया डैम इंटकवेल के पास अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठी हुई थी। महिलाएं प्राथमिकी वापस लेने और विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग कर रही थी। छठे दिन बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में डीवीसी के चीफ इंजीनियर संजय कुमार सिंह व बिनोद राय ने महिलाओं व ग्रामीणों के साथ वार्ता किया।

महिलाएं व ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर डीवीसी प्रबंधन से अपनी बात रखी। महिलाओं ने बताया कि तिलैया बस्ती गांव दो दो बार विस्थापित हो चुका है, इंटक वेल में पहली बार जमीन अधिग्रहण हुआ और फिर बांझेडीह पावर प्लांट में दुबारा उनका विस्थापन हुआ। बावजूद इसके गांव को मूलभूत सुविधा अब तक नही मिल पाया है। महिलाओं ने बताया कि पिछले 40 वर्षो से लगातार बिजली जला रहे है, लेकिन डीवीसी के एक पदाधिकारी अजित शर्मा उन्हें बेवजह परेशान कर रहे है। लगातार उन्हें तिलैया बस्ती और कांटी के लिए थ्री फेज दिया जा रहा था लेकिन हाल के दिनों में दो फेज कर दिया गया है।

जिसके बाद पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने हस्तक्षेप कर कहा कि कड़कड़ाती ठंड में महिलाएं डीवीसी के संवेदन शीलता नही रहने के कारण बैठी हुई है, विस्थापितों की मांग जायज है। डीवीसी गांव के विस्थापितों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करे। साथ ही ग्रामीणों पर झूठा प्राथमिकी दर्ज कर मानसिक रूप से दबाव बनाना चाहती है वह बिल्कुल बर्दाश्त नही किया जाएगा। डीवीसी प्रबंधन तत्काल ग्रामीणों को बिजली बहाल करना सुनिश्चित करें अन्यथा विधानसभा के सभी सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ताओ के साथ धरना पर बैठने को मजबूर हो जाऊंगा। डीवीसी के चीफ इंजीनियर संजय कुमार सिंह व बिनोद राय ने विस्थापित रैयतों को आश्वस्त किया कि तत्काल प्राथमिकी को सुलह समझौता कर समाप्त कर दिया जाएगा।

## लक्ष्मी देवी जायसवाल मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब लगातर दूसरी बार एंजल्स हाई स्कूल टीम ने जीता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लक्ष्मी देवी जायसवाल मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 का फाइनल रविवार को वेल्स क्रिकेट मैदान में हुआ। फाइनल मैच एंजल्स हाई स्कूल हज़ारीबाग और एलेक्स पब्लिक स्कूल बरही के बीच खेला गया। जिसमें एलेक्स पब्लिक ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 29.4 ओवर में 10 विकेट पर कुल 93 रन बनाए। इसके जवाब में एंजल्स हाई स्कूल की टीम ने 32.3 ओवर में 6 विकेट खोकर 94 रन बनाए और 4 विकेट से जीतकर विजेता का खिताब एंजेल्स हाई स्कूल टीम ने अपने नाम कर लिया। एंजल्स हाई स्कूल की टीम ने लगातार दूसरी बार यह ख़िताब जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया है । एलेक्स के तरफ से नीतीश कुमार ने 20 रन बनाए और एंजल्स के दानिश और यथार्थ ने 4- 4 विकेट लिए। एंजल्स के अविरल राज ने 32 रन और दानिश ने 21 रन बनाए।

एलेक्स के शिव यादव ने 2 विकेट लिए। फाइनल मैन के ऑफ द मैच एंजल्स के यथार्थ बने। फाइनल मैच में अंपायर मनोहर सिंह और रंजीत कुमार ने अहम भूमिका निभाया।हजारीबाग के प्रतिष्ठित जायसवाल परिवार की ओर से एचडीसीए के सहयोग से पीछले 17 वर्षो से हजारीबाग में उक्त क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। वर्तमान बरस टूर्नामेंट में जिले भर के कुल 15 इंटर स्कूल क्रिकेट टीम ने भाग लिया था । मौके पर एचडीसीए के विकास चौधरी, आशीष दा, बंटी तिवारी, रितेश सिन्हा, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए और विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी भेंट किया ।

## हेसला में पोलियो रोकथाम की खुराक बच्चों को गई पिलाई

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेसला सामुदायिक भवन के प्रांगण समेत आसपास के अरगड्डा- सिरका के चौक, चौराहो, स्कूल में स्थापित शिविरों में 0-5 साल के बच्चों को रविवार को पोलियो बचाव संबंधी खुराक पिलाई गए। बताया गया कि इसके दूसरे दिन से डोर टू डोर पोलियोकर्मी पोलियो रोकथाम की दवा दो बूंद जिंदगी के बच्चों को पिलाने का कार्य करेंगे। मौके पर हेसला में सहिया द्रौपदी, सहिया राणा यासमीन आदि उपस्थित थे।



## हेसला में बच्चों को पिलाया गया पोलियो ड्रॉप

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पल्स पोलियो अभियान के तहत पतरातू प्रखंड के हेसला पंचायत की मुखिया के द्वारा बच्चों को पोलियो का ड्राप पिलाया गया। पंचायत में बिरसा मार्केट एवं इकोनोमिक्स स्कूल के समीप सहिया दीदी मंजू देवी एवं अनिता देवी के द्वारा रविवार को विशेष कैम्प के तहत बच्चों को पोलियो का ड्राप पिलाया गया। वहीं पंचायत की मुखिया ने जानकारी दी कि कल से घर -घर जाकर बच्चों को ड्राप पिलाया जाएगा।

## पतरातु अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में गिरने से मजदूर हरदयाल महतो की मौत

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के पतरातु अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में काम करने के दौरान मजदूर हरदयाल महतो ग्राम कटिया गरवाटांड की मौत हो गई।जानकारी अनुसार प्रतिदिन की तरह हरदयाल महतो अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में काम कर रहे थे लेकिन आज अचानक काम के दौरान हॉपर में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे आनन-फानन में स्थानीय मुखिया किशोर महतो द्वारा रांची अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। जिसके बाद पुलिस द्वारा पंचनामा करते हुए डेड बॉडी की पोस्टमार्टम किया जा रहा है। वहीं मजदूर की मौत की खबर के बाद इलाके में शौक़ की लहर दौड़ गई।सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार ग्रामीण द्वारा डेड बॉडी को अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के पास रखकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा ताकि मृतक के परिजन को हक अधिकार मुआवजा मिल सकें। पूरे मामले पर पतरातु पुलिस अल्ट्राटेक सीमेंट के घटनास्थल के पास पहुंचकर अपने स्तर से जांच पड़ताल की और प्लांट के आसपास सक्रिय है ताकि विधि-व्यवस्था बनी रहे।

## कोयला खनन के लिए सिरका को गिद्दी से मिली पुरानी एलएनटी मशीन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र प्रबंधन के खुली खदान सिरका से सीटीओ मिलने के बाद कोयला निकालने के लिए संसाधन जुटाने में लगा हुआ हैं। कोलयरी गिद्दी ए से पुरानी एलएनटी मशीन टेलर में लादकर लाया गया। जिसकी जांच पड़ताल रविवार को किया गया। प्रबंधन ने आशा वक्त किया है कि सिरका खदान के गर्भ से निकले कोयलो को उठाकर भारी मशीनो में लदाई करने में तीव्र सुविधा बढ़ेगी। जिससे अरगड्डा क्षेत्र की कोयला उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। सूत्रों से पता चला है कि कोलियरी सिरका को अरगड्डा क्षेत्र के गिद्दी ए, रेलीगढ़ा, गिददी सी, वाशरी से ट्रांसफर होकर करीब 173 कामगार मिलने वाले हैं। इससे भी सिरका का मैन पावर पांच सौ के उपर चला जाने वाला हैं। मौके पर इंजीनियर पुष्पेन्दर यादव, ओवरमैन शांता कुमार, सुरक्षा हवलदार गंगा राम आदि आंपरेटर उपस्थित था।

## सोनडीमरा उप स्वास्थ्य केंद्र में सुविधा बहाल करने के लिए ग्रामीणों ने विधायक को दिया आवेदन

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नावाडीह पंचायत स्थित सोनडीमरा उप स्वास्थ्य केंद्र में इलाज में सुविधा बढ़ाने के संबंध में वर्तमान विधायक सुनीता चौधरी को ग्रामीणों ने आवेदन दिया है। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि उप स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत उपचार हेतु लगभग 50000 की जनसंख्या आश्रित है जिसमें उपार्जित सुविधा नहीं होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला जाना पड़ता है। इस दौरान गोला समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने के क्रम में चार रेल फाटक से होकर गुजरना पड़ता है जिसमें अकसर ज्यादातर फाटक बंद होने के कारण मरीज स समय नहीं पहुंच पाते हैं जिसमें बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में गर्भवती महिला प्रस्व,आकस्मिक सड़क दुर्घटना, उप स्वास्थ्य केंद्र सोनडीमरा मे सुचारू रूप से उपचार हेतु बेड, दवाइयां, नर्स,कंपाउंडर और आपातकालीन सेवा हेतु एंबुलेंस मुहैया कराए जाने की मांग किया है। आवेदन देने वालों में किशोर कुमार महतो रूपेश कुमार महतो धर्मेंद्र कुमार महतो राज किशोर महतो दिनेश महतो का नाम शामिल है।

## सयाल दक्षिणी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल दक्षिणी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता शामिल हुए। इस दौरान सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विधायक अंबा प्रसाद ने ग्रामीणों को झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा योजनाओ कि संपूर्ण जानकारी दी।वहीं मुखिया जगदीश साव ने बताया कि आज के इस शिविर में सरकार आपके द्वार आई है वहीं इस शिविर में अनेक स्टाल लगाए गए हैं जिनमें राशन कार्ड बनाना, आधार में सुधार, प्रखंड द्वारा मेडिकल जांच, मनरेगा योजना आदि का लाभ ग्रामीणों को दिया गया।वहीं विधायक अंबा प्रसाद के हाथों बुजुर्ग ग्रामीणों को कंबल,अबुआ आवास योजना का लाभ दिया गया।वहीं इस मौके पर पंचायत के मुखिया, उपमुखिया, वार्ड सदस्य,सेविका सहायिका व ग्रामीण उपस्थित थे।



# पल्स पोलियो अभियान का उपायुक्त ने किया शुभारंभक

**12 दिसम्बर तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान**
**1 लाख 72 हजार 425 बच्चों को दी जाएगी पोलियो की खुराक**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रविवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा सदर अस्पताल, रामगढ़ में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। मौके पर उपायुक्त ने नवजात शिशु को पोलियो की खुराक पिलाने के उपरांत सभी जिले वासियों से अपने 5 वर्ष तक के बच्चे को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक जरूर पिलाने की अपील की। इस दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा उपायुक्त को 12 सितंबर तक जिले में चलने वाले पल्स पोलियो अभियान एवं लक्ष्य की प्राप्ति हेतु तैयार किए गए माइक्रो प्लान की जानकारी दी गई वहीं उपायुक्त द्वारा सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सफलतापूर्वक पल्स पोलियो अभियान संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दी गई। गौरतलब होकि प्लस पोलियो अभियान के प्रथम दिन यानी 10 दिसम्बर को अभिभावक बूथ पर जाकर अपने बच्चे को पोलियो की खुराक पिला सकते हैं वही 11 एवं 12 दिसम्बर को सहियाओं व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले के लगभग 1लाख 72 हज़ार 425 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जानी है। इस दौरान डीआरसीएचओ, जिला मलेरिया पदाधिकारी, डब्लूएचओ के एसएमओ, पल्स पोलियो अभियान से संबंधित राज्य स्तरीय पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## 23 दिसंबर 2023 को पतरातू ओवर ब्रिज का होगा शिलान्यास : महेंद्र महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** माननीय सांसद जयंत सिन्हा के अनुशंसा पर लगभग 65 करोड़ रूपया की लागत से बनने वाली पतरातू रेल फाटक पर रोड ओवर ब्रिज का शिलान्यास माननीय सांसद जयंत सिन्हा के कर कमलों द्वारा 23 दिसंबर 2023 को होगा।उक्त बातों की जानकारी महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी आगे उन्होने कहा इस रोड पर ओवर ब्रिज बनाने के लिए रेल मंत्रालय भारत सरकार ने मेसर्स एम जी कॉन्टेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को कार्या आदेश जारी कर दिया है।तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र कुमार महतो के नेतृत्व में बनने वाला ओभर ब्रिज स्थल का निरीक्षण किया। निरिक्षण के क्रम में महेंद्र महतो ने कहा कि इस रोड पर ओवर ब्रिज बनने से रामगढ़ हजारीबाग रांची बड़कागांव टंडवा चतरा भुरकुंडा उरीमारी सयाल जाने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी इस ओवर ब्रिज बनाने के लिए इस क्षेत्र की जानतऔ ने सांसद से कई बार मिलकर आवेदन किए थे। शिलान्यास के तिथि तय होने पर क्षेत्र के लोगों में खुशियाँ की लहर है।निरीक्षण के क्रम में मंडल महामंत्री पंकज कुमार सिंह, अवधेश सिंह, चंदन सिंह,संजय साहु, कृष्णागिरी, टिंकू कुमार,मोदी कुमार दुर्गा प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## आर ए माइनिंग एवं पी एस एम ई कंपनी मजदूरों का कर रही शोषण : सुखदेव प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल डी परियोजना में कोयला खनन का काम कर रही दोनों निजी कंपनियां आर ए माइनिंग एवं पीएसएमई कंपनी के द्वारा लगातार मजदूरों का शोषण किया जा रहा है इसकी शिकायत मजदूरों द्वारा जनता मजदूर संघ के केन्द्रीय संगठन सचिव सुखदेव प्रसाद को मजदूरो द्वारा दिया गया है। वहीं सुखदेव प्रसाद ने बताया कि दोनों कंपनियां एचपीसी का उल्लंघन कर रही है भारत सरकार के द्वारा जो राशि तय की गई है वह मजदूरों को नहीं दिया जा रहा है और न्यूनतम मजदूरी दर का उल्लंघन किया जा रहा है साथ ही साथ मजदूरों को 8 घंटे के बजाय 12 घंटे काम लिया जा रहा है और उसे अतिरिक्त काम का कोई ओटी नहीं दिया जा रहा है साथ ही कई मजदूरों का तो फॉर्म बी में हाजिरी भी नहीं बनाया जा रहा है झारखंड सरकार के नियमावली



जिसमें स्थानीय को 75त्न रोजगार देने की गारंटी पर उसका भी खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन किया जा रहा है दोनों कंपनियों में एक भी स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दिया गया। वहीं इस मामले पर जनता मजदूर संघ गंभीर है एवं दोनों कंपनियों के खिलाफ जनता मजदूर संघ के केन्द्रीय संगठन सचिव सुखदेव प्रसाद द्वारा जन आंदोलन की जाएगी और जरूरत पड़ी तो दोनों का कोयला खनन का काम भी संघ के द्वारा बंद कराया जाएगा। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी।

## झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन में उरीमारी से सैकड़ों लोग बड़कागांव रवाना हुए



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के जरजरा चौक स्थित रविवार को झामुमो केन्द्रीय सदस्य सोनाराम मांझी के नेतृत्व में सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता बड़कागांव रवाना हुए। मौके पर झामुमो के केन्द्रीय सदस्य सोनाराम ने बताया कि बड़कागांव जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय के सभागार भवन में झामुमो का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन होगा जिसमें बड़कागांव प्रखंड कमिटी का गठन किया जाएगा। मालूम हो कि पुर्व में हजारीबाग जिला कमिटी को पुरी तरह भंग कर दिया गया था। जिसके बाद नये शिरे से जिला कमिटी व प्रखंड कमिटी एवं पंचायत कमिटी का गठन किया जा रहा है। इसे लेकर झामुमो द्वारा हजारीबाग जिले के प्रखंडो में प्रखंड कमिटी बनाया जाएगा। जरजरा से रवाना होने वालों में पुर्व जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, मोहन सोरेन, रेशमी टुडू, जीतन मुंडा, मनोज सिंह, बिनोद हेम्ब्रोम, पंकज हेम्ब्रोम, रविन्द्र सोरेन, सुरज बेसरा,राजू बेसरा, अजय मरांडी, सत्यनारायण बेदिया, दिनेश मुंडा, राजेन्द्र गंझू, अजय करमाली, बिजय बेसरा, बिजय सोरेन, अजय मरांडी, बंशी मुर्मू, सुखराम बेसरा आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की हुई आवश्यक बैठक, परिवर्तन यात्रा को लेकर हुई चर्चा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुलमी :** किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक दुलमी प्रखंड के ग्राम होन्हे में हुई। बैठक की अध्यक्षता पवन नायक व संचालन जिलानी खान ने किया। इस बैठक में आगामी परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने को लेकर व्यापक चर्चा की गई। यह भी फैसला लिया गया कि इसे लेकर पूरे प्रखंड से कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई जायेगी। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से सुमंत नायक का प्रखंड प्रभारी के रुप में चयन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के बतौर किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने सबों का माला पहनकर स्वागत किया और कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते हैं। जिस प्रकार बिना सेनापति के युद्ध नहीं जीता जा सकता उसी सेनापति की भूमिका में आने वाले समय में दुलमी प्रखंड में सुमंत नायक हर पंचायत हर गाँव में जाकर संगठन में लोगों को जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधानसभा में परिवर्तन की लहर है, पूर्व मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी के कार्यकाल में सिर्फ जमीन की लूट हुई। पूरे दुलमी प्रखंड की अधिकांश जमीन पूर्व मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी ने अपने परिजनों व कार्यकर्ताओं के नाम से खरीद कर भ्रष्टाचार के पैसे को खपाया है ।

## सयाल में पासवान कल्याण समिति की हुई बैठक, पतरातू डैम में होगा मिलन समारोह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल स्टाफ क्वार्टर स्थित पासवान कल्याण समिति पतरातु प्रखंड कमिटी की बैठक रविवार को समिति के संरक्षक बिरेन्द्र पासवान के आवास पर हुई। वहीं इस बैठक की अध्यक्षता उपेन्द्र पासवान ने की व संचालन बिजेंद्र पासवान ने किया।वहीं इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि दस जनवरी को पतरातु डेम परिसर में मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर पासवान समिति के द्वारा तैयारियां जोरों शोरों से शुरू कर दी गई है।मौके पर संरक्षक खजांची राम ने कहा कि इस मिलन समारोह में रामगढ़, रांची, हजारीबाग, गढ़वा, पलामू, लातेहार, बोकारो, धनबाद, जमशेदपुर सहित बिहार से पासवान समिति के लोग इस मिलन समारोह में शामिल होंगे।वहीं उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को समिति के द्वारा उक्त तिथि पर सम्मानित किया जाएगा।वहीं इस मौके पर संरक्षक खजांची राम, बिरेन्द्र पासवान, सुरेन्द्र पासवान, प्रभु पासवान, संजय पासवान, अध्यक्ष उपेन्द्र पासवान, सचिव इन्द्रदेव राम, युवा प्रखंड अध्यक्ष शशी पासवान,बटई पासवान, प्रेम पासवान, ,प्रमोद पासवान, वृदा पासवान,अजय पासवान, प्रवेश पासवान, सुबोध पासवान आदि लोग मौजूद थे।

## झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति की हुई बैठक चाड़ी पंचायत कमिटी का किया गया विस्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति गोला प्रखण्ड इकाई के द्वारा चाड़ी पंचायत के कुसुमडीह गाँव में पंचायत कमिटी विस्तार सह जन जागरूकता की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता राहुल करमाली एवं संचालन चंद्रशेखर महतो के द्वारा किया गया। बैठक में पवन कुमार, सहदेव महतो, राजेश महतो, सुधीर अकेला, पांडव महतो, पंकज महतो, रूपा देवी ने संबोधन कर लोगों के बीच जयराम महतो के विचारधारों को बताया साथ ही उन्होंने कहा कि अब सभी झारखंडियों को एकजुट होकर अपने हक की लड़ाई लड़नी होगी। 2024 में हमें सता परिवर्तन कर झारखंड के शोषित, वंचित, पीड़ित लोगों की सामाजिक न्याय करनी होगी। चाडी पंचायत के संरक्षक सुरेंद्र महतो, अध्यक्ष समीर अयुबी, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर महतो, सचिव सनी देओल, उपसचिव अशोक बेसरा, एवं सुधीर कुमार महतो, कोषाध्यक्ष मुकेश महतो, संगठन सचिव छत्रु महतो, मिडिया प्रभारी जयदीप महतो, ताराचंद महतो एवं चंद्रशेखर महतो को सर्व सहमति से चयन किया गया।

## मांडू प्रखंड में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के आदेशों का पालन करते हुए। मांडू प्रखंड अंतर्गत नवाडीह पंचायत के ग्राम चैनपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लोगों को, बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन ) अधिनियम 1986 एवं बालक ( श्रम गिरवीकरण) अधिनियम 1933,बंधवा मजदूरी एवं ठेका श्रम से संबंधित कानून ,मजदूरी संदाय अधिनियम 1936,अंतर राजकीय प्रवासी श्रमिक अधिनियम 1979, इत्यादि कानून की जानकारी देकर जागरूक किया गया, साथ ही सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं जन कल्याणकारी योजना के जानकारी के तहत बाल श्रम शिक्षा प्रोत्साहन योजना, झारखंड कौशल विकास योजना ,साइकिल सहायता योजना, श्रमिक औजार सहायता योजना, की जानकारी देकर जागरूक किया गया।




## सोना सोबरन धोती - साड़ी योजना के तहत 150 लाभुकों के बीच साड़ी-धोती का वितरण हुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मांडू प्रखंड के मांडू चट्टी पंचायत में कार्डधारियों के बीच पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने सोना सोबरन धोती -साड़ी योजना के तहत 150 लाभुकों के बीच साड़ी-धोती का वितरण किया । यह कार्यक्रम मनोज कुमार मोदी के जन वितरण दुकान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित हाफिज अंसारी मोहम्मद मिस्टर आलम आशा देवी समाजसेवी छोटेलाल भुईयां समेत कई लोग उपस्थित थे।



# झारखंड इस्पात में आयकर विभाग टीम 84 घंटे से गहन जांच पड़ताल में लगी


प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** रामगढ़ जिला के उद्योगपति रामचंद्र रुंगटा के हेसला झारखंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड स्पंज फैक्ट्री में बीते 84 घंटे से चौथे दिन रविवार को भी आयकर विभाग की टीम डटी रही। टीम के सदस्य लगातार जांच के विस्तार को बढ़ाते जा रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते रात्रि शनिवार को आईटी के करीब 14 अधिकारियों ने झारखंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के कोयला स्टॉक की नापी कर रिकॉर्ड अपने कागजातों पर दर्ज किया। इस दरमियान आरसी रूंगटा के एक और बगल की फैक्ट्री इंडेक्शन प्लांट में भी आईटी के अधिकारियों ने यहां उत्पादित हो रहे लोहे के चादरो की गिनती किया। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी में दुर्गा सीमेंट फैक्ट्री पर भी आईटी के अधिकारियों की नजर हैं। जिसे लेकर कागजी दस्तावेजों को खंगाल जा रहा हैं। सूत्र बताते हैं कि दुर्गा सीमेंट फैक्ट्री के अंदर सीमेंटेड ईट बनाने का कार्य किया जा रहा था। जो पूरी तरह से लीगल नहीं हैं। बताया जाता है कि पूर्व में यहां सीमेंट बनाने का कार्य किया जाता हैं। लेकिन झारखंड इस्पात फैक्ट्री निर्माण होने के बाद तकरीबन 6 से 8 साल के अंतराल में इंडेक्शन प्लांट भी आरसी रोंगटा ने बनवाया। जिसमें लोहे के चादर अन्य कलपुर्जे बनाकर बाहर भेजे जाते थे। इसके बाद रूंगटा ने दुर्गा सीमेंट फैक्ट्री पर अपनी नजर गड़ाई और इसे भी



अपने अधीन कर लिया। इसके बाद अलग प्लान के तहत कार्य ढूंढा जाने लगा। बताया जाता है कि वर्तमान में सीमेंट से ईट बनाने का कार्य यहां जारी था। पूरे जिले में कुजू आलोक फैक्ट्री, हेहल के छिन्नमस्ता फैक्ट्री और रूंगटा के रामगढ़ कार्यालय में अभी तक जांच पड़ताल आईटी के द्वारा की जा रही हैं। हर एक कोयला, स्पंज की लेनदेन पर कंप्यूटराइज उपकरणो, राशि लेनदेन कागजातों के हिसाब मिलाये जा रहे हैं। झारखंड इस्पात में हो रही कार्रवाई में फैक्ट्री के कर्मचारी कृष्णा, पंकज को साथ लेकर आईटी के कर्मचारी लगातार अपनी रणनीति के अनुसार कार्य कर रहे हैं। साथ ही कई प्रकार के उलट पलट कर सवाल जवाब और इसके विकल्पों को तलाशा जा रहा हैं। चर्चा है कि आगामी 12 दिसंबर तक आयकर विभाग की टीम अपनी सुरक्षा में आए सीआरपीएफ जवानों के साथ आरसी रूंगटा के फैक्ट्री में अपने कार्रवाई को अंजाम देते जाएंगे।

## रामगढ़ में 21 जनवरी को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का प्रोग्राम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत नीतीश जोहर कार्यक्रम को लेकर दिन रविवार को कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर जदयू के वरिष्ठ नेता मधुकर सिंह एवं झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार संयुक्त रूप से रामगढ़ जिला पहुंचे तथा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया, 21 जनवरी 2024 को देश के लोकप्रिय नेता बिहार मुख्यमंत्री नितीश कुमार झारखंड की धरती रामगढ़ जिला में जनसभा को संबोधित करेंगे इसी को लेकर सभा स्थल का भ्रमण एवं निरीक्षण कर स्थिति की जानकारी ली गई, तथा कोऑर्डिनेटर के द्वारा अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा निर्देश दिया गया की आगामी कार्यक्रम को लेकर दिनांक 16/ 12/2023 को हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला का संयुक्त बैठक रामगढ़ जिला में होगी । इस बैठक में सभी प्रकोष्ठों के प्रखंड से लेकर जिला एवं प्रदेश के नेतागन इस बैठक में भाग लेंगे इस मौके पर प्रदेश महासचिव जगदीश महतो युवा जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिन्हा युवा जदयू के रामगढ़ जिला अध्यक्ष भूषण उरांव हजारीबाग युवा जिला अध्यक्ष प्रदीप रजक डाडी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष अमित राम एवं जिला के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा ने किया आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के तत्वावधान में स्थानीय सुभाष चौक के निकट भ्रष्टाचारी कांग्रेस के विरोध में आक्रोश प्रदर्शन जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। संचालन जिला महामंत्री रंजन फ़ौजी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन शिव कुमार महतो द्वारा किया गया। आक्रोश प्रदर्शन में मांडू विधायक विधानसभा सचेतक व प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल ने बतौर मुख्य वक्ता ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी रही है।आज भाजपा सम्पूर्ण झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन कर रही है। सबको मालूम है चार दिन से लगातार कांग्रेस के झारखंड के सांसद धीरज साहु के ठिकानों से करोड़ों रुपए नकदी मिलना बहुत ही चिंताजनक है। उन्होंने इस पुरे मामले को आइडी के हवाले करने की मांग केंद्र सरकार से की। उन्होंने झारखंड में बढ़ते अपराध पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज रामगढ़ में दिन में भी गोली चल रही है।भाजपा नेता कुंटु बाबु ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस झामुमो और राजद गठबंधन सरकार ने जनता को सिर्फ लूटने काम किया है।वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि यह तो स्पष्ट है कांग्रेस पार्टी भ्रष्ट है। आज आइटी के सर्वे में राज्य सभा सांसद धीरज साहु के ठिकानों से कई सौ करोड़ नकदी निकलना ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड दिया। आक्रोश प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि झारखंड के गरीब किसान, कामगार एवं आदिवासी भाई बहनों का पैसा कांग्रेस के तिजोरी में कैसे पहुंचा आक्रोश प्रदर्शन में वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, प्रकाश मिश्रा, रणजय कुमार उर्फ कुंटु बाबु, जिला उपाध्यक्ष बलराम महतो, अखिलेश प्रसाद, जिला मंत्री संजीव कुमार बावला, किरण देवी, बसुध तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, लोकसभा विस्तारक सत्यजीत चौधरी मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, भीमसेन चौहान सहित भाजपा के कई नेता मौजूद थे।



# गिरिडीह : 8 लाख 29 हजार के साथ 6 साइबर अपराधी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस ने एक बार फिर से साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर 6 शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जिन साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उसमें बेंगाबाद थाना क्षेत्र के साठीबाद निवासी पवन कुमार मंडल, सरिया थाना इलाके के केशवारी निवासी लव कुमार मंडल, डुमरी थाना क्षेत्र के नारंगी निवासी सतीश मंडल, बेंगाबाद थाना क्षेत्र के फुरसोडीह निवासी छोटी कुमार मंडल, डुमरी थाना क्षेत्र के नावाडीह का रहने वाला क्रिश कुमार मंडल और बिरनी थाना क्षेत्र के बराय गांव निवासी सोनू कुमार मंडल शामिल है। इन 6 शातिर साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने 8 लाख 29 हजार 600 नगद,



12 मोबाइल फोन, 18 सिम कार्ड, 21 एटीएम कार्ड, 12 पासबुक, 6 चेक बुक, 4 पैन कार्ड और 2 आधार कार्ड बरामद किया है। उक्त आशय की जानकारी गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने रविवार को पपरवाटांड स्थित समाहरणालय में प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध के खिलाफ गिरिडीह पुलिस जीरो टॉलरेंस के तहत कार्य कर रही है और लगातार गिरिडीह जिले से साइबर अपराधियों की धर-पकड़ की जा रही है। इसी कड़ी में गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग थाना क्षेत्र में साइबर डीएसपी संदीप सुमन समदर्शी के नेतृत्व में छापेमारी कर 6 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया की गिरफ्तार सभी साइबर अपराधी ऐप के जरिए लोगों को न्यूड वीडियो कॉल कर उसका स्क्रीनशॉट लेकर ठगी करने का काम करते थे। इसके अलावे पोषण ट्रैकर के माध्यम से गर्भवती महिलाओं के मोबाइल में कॉल कर मातृत्व लाभ राशि दिलाने का झांसा देकर ठगी करते थे। बताया कि साइबर अपराधियों के खिलाफ गिरिडीह पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, बताया की गिरिडीह जिले से साइबर अपराध को खत्म किया जाएगा, जिसे लेकर यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

छापेमारी दल में साइबर डीएसपी संदीप सुमन समदर्शी के अलावे साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुलिस निरीक्षक ज्ञान रंजन कुमार, पुअनि गौरव कुमार, सरोज कुमार मंडल, सुबल डे, संजय मुखियार, आरक्षी सौरभ सुमन, जितेंद्र नाथ महतो आदि शामिल थे।

# आईआईटी आईएसएम के 43वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** आईआईटी आईएसएम के 43 वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने आए उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ रविवार को भारतीय वायुसेना के हेलिकॉप्टर से धनबाद पहुंचें। माननीय उपराष्ट्रपति का शाम 4:40 बजे बरवाअड्डा हवाई अड्डे पर आगमन हुआ। तत्पश्चात उपराष्ट्रपति आईआईटी आईएसएम के कार्यक्रम में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखण्ड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी कार्यक्रम मे उपस्थित हुए। उपराष्ट्रपति का स्वागत उपायुक्त वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, आईआईटी आईएसएम के



चेयरमैन प्रोफेसर प्रेम व्रत, निदेशक प्रोफेसर जीके पटनायक, उप निदेशक प्रोफेसर धीरज कुमार आदि ने पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर किया। उपराष्ट्रपति द्वारा दीक्षांत समारोह में 43 स्वर्ण, 15 रजत, 19 प्रायोजित पदक दिए गए। एक छात्र को राष्ट्रपति स्वर्ण पदक मिला। इस वर्ष 2021 बैच के 1917 स्कालर्स और छात्रों को डिग्री प्रदान की गयी। सबसे अधिक डिग्री बीटेक में 806 छात्रों को मिली। इसके साथ ही 372 छात्रों को पीएचडी एवं 33 छात्रों को पीजी डिप्लोमा की डिग्री दी गयी। एक बीटेक इंजीनियरिंग छात्र को 2021-22 बैच के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो की राष्ट्रपति पुरस्कार जेईई एडवांस के माध्यम से प्रवेश पाने वाले उस छात्र को प्रदान किया जाता है जिसने उच्चतम सीजीपीए-ओजीपीए प्राप्त किया हो। कार्यक्रम के समापन के बाद उपराष्ट्रपति काजी नज़रुल इस्लाम एयरपोर्ट, दुर्गापुर के लिए रवाना हुए। इसके लिए धनबाद मोड़ से लेकर बराकर मोड़ (बंगाल बॉर्डर तक) दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। कार्यक्रम स्थल के मुख्य प्रवेश द्वार से कार्यक्रम स्थल तक जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा जोनल व सेक्टर पुलिस ऑफिसर की प्रतिनियुक्ति की गई थी। साथ ही मुख्य प्रवेश द्वार, लोअर ग्राउंड के तीनों प्रवेश द्वार सहित पुरे शहर मे सुरक्षा के अभूतपूर्व प्रबंध किए गए थे।

## तिब्बती शरणार्थियों ने आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा की पूजा अर्चना कर मनाया अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को तिब्बती रिफ्यूजी स्वेटर सेलर वेलफेयर एसोसिएशन, न्यू स्टेशन चिल्ड्रन पार्क, पुराना बाजार के तिब्बती शरणार्थियों ने दलाई लामा के नोबेल पुरस्कार प्राप्ति के 34वें वर्षगांठ अवसर पर सामूहिक पूजा अर्चना कर उनकी लंबी आयु के लिए प्रार्थना की। दलाई लामा के चित्र में खाडा वस्त्र चढ़ाकर नमन किया एवं 108 दिया जलाकर ओम माने पेमेहून मंत्र बहुत ही श्रद्धा से पढ़ कर मनाया। तिब्बती एसोसिएशन के प्रधान थुप्तम ताशी ने बताया की अहिंसा के प्रति प्रतिबद्धता और दलाई लामा को नोबेल पुरस्कार प्रदान किए जाने के उपलक्ष्य में, चीन से स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए तिब्बती संघर्ष के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण दिन के रूप में मना रहे हैं और हम तिब्बती लोगों के लिए 10 दिसंबर का महत्व इसलिए भी है यह दिन अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस है। उन्होंने भारत सरकार और भारत के सभी नागरिकों का अपार सहयोग एवं समर्थन के लिए का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा क्वालिटी युक्त गर्म वस्त्रों के साथ धनबाद की सेवा 1982 से निरंतर करते आ रहे हैं और खासकर उन्होंने स्थानीय लोगों को विशेष सहयोग और आदर देने के लिए अपना हार्दिक धन्यवाद दिया। दलाई लामा की पूजा अर्चना में थुप्तम ताशी, लोदेन, ओलो, टेसिंग, सोनम, डीचेन, ल्हामो, टेंसिंग ताशी, लोंडेन, टेंडर, कर्मा समेत अन्य तिब्बती शरणार्थी थे।

## टाटा डीएवी जामाडोबा में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता प्रारंभ



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डीएवी जामाडोबा में डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता, नई दिल्ली के तत्त्वावधान में राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। इस खेल महोत्सव के मुख्य अतिथि धनबाद के प्रतिष्ठित डॉ वी. एस. वी. प्रसाद, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा, टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा तथा प्राचार्य आशीष मंडल, डीएवी महुदा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इनकी गरिमामयी उपस्थिति से झारखण्ड जोन के अट्ठारह डीएवी विद्यालयों से आये लगभग 250 प्रतियोगी उत्साहित हुए। डीएवी जामाडोबा के छात्राओं ने प्रेरक नृत्य के द्वारा अतिथियों का मन मोह लिया। प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने अतिथियों को डीएवी खेल प्रतियोगिता की रूपरेखा और उद्देश्य से परिचित कराया तथा प्रतिभागियों को खेल के महत्व समझाते हुए अनुशासित एवं स्वस्थ जीवन के लिए उत्प्रेरित किया। मुख्य अतिथि वी. एस. वी. प्रसाद ने अपने उद्बोधन में छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया।

## दो दिवसीय राज्य स्तरीय डीएवी राष्ट्रीय खेल का हुआ आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को डीएवी कोयलानगर के प्रांगण में डीएवी सी.एम.सी. के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय डीएवी राष्ट्रीय खेल का आयोजन किया गया। इसके तहत बैडमिंटन, क्रिकेट, तैराकी, टेबल टेनिस, कबड्डी, खो-खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में डीएवी कोयलानगर, हेहल, गांधीनगर, रजरप्पा, ललपनिया, बिस्टुपुर, भरेचनगर, सरिया, कांके, निरजा सहाय समेत 28 विद्यालयों से आए हुए कुल 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



# सिद्धू कान्हू जन संघर्ष मंच का गठन जल-जंगल-जमीन पर अधिकार की लड़ाई तेज करने का निर्णय

### माले नेता राजेश यादव बनाए गए संरक्षक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद प्रखंड के खंडोली-शहरपुरा में सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर सिदो-कान्हू जन संघर्ष मंच का गठन करते हुए जल, जंगल, जमीन पर जनता के अधिकार की लड़ाई तेज करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीवन हेंब्रम तथा संचालन रामलाल मुर्मू ने करते हुए कहा कि, इस इलाके में जनता के सवालों पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वन भूमि पर बसे लोगों को पट्टा नहीं दिया जा रहा है। हमारे दूसरे सवाल भी मौजूद हैं। इसलिए इन मुद्दों पर लड़ाई तेज करने



की जरूरत है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, आदिवासियों सहित अन्य गरीबों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। लोग इसके खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई शुरू कर रहे हैं। सिदो-कान्हू जन संघर्ष मंच का गठन कर वन भूमि में बसे आदिवासियों व अन्य गरीबों को वन भूमि का पट्टा, भूमिहीनों के लिए जमीन सहित उनके अन्य अधिकारों पर लड़ाई तेज करने की बात है। हम पूरी तरह से इस लड़ाई का समर्थन करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि, मोदी सरकार आदिवासियों और गरीबों के बजाय जल, जंगल, जमीन सहित प्राकृतिक संपदाओं और सार्वजनिक संपत्तियों पर भी कंपनियों का कब्जा दिला रही है। इसलिए उन्होंने लोगों से भाजपा हटाओ देश बचाओ, संविधान बचाओ,जल-जंगल-जमीन बचाओ आह्वान के साथ 18 दिसंबर को धनवार में आहूत संकल्प सभा में भाग लेने की अपील की।

## अमित गुप्ता को बनाया गया भ्रष्टाचार निरोधक जांच ब्यूरो का प्रखंड प्रमुख

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** भारत सरकार के नीति आयोग से मान्यता प्राप्त मानवाधिकार संगठन भ्रष्टाचार निरोधक जांच ब्यूरो ने एक पत्र जारी कर बिरनी प्रखंड के प्रमुख के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता अमित कुमार गुप्ता का चयन किया । इस बीच जिला सेक्रेट्री टुनटुन यादव के द्वारा संगठन का आईडी कार्ड सौंपा गया, वहीं जिम्मेदारी मिलने के बाद अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि निष्ठा पूर्वक संगठन एवं लोक हित में काम करूंगा और किसी भी क्षेत्र में भ्रष्ट लोगों को कानूनी प्रक्रिया के तहत सजा दिलाने का प्रयास करूंगा,



ताकि आम जनों को राहत मिल सके। संगठन का दायित्व मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता अजय विश्वकर्मा ने खुशी जताते हुए कहा कि नव चयनित प्रखंड प्रमुख अमित गुप्ता को बधाई देता हूं और उनसे उम्मीद करता हूं की भ्रष्ट लोगों को कठघरे में खड़ा अवश्य करेंगे।

## राज्यसभा सांसद धीरज साहू की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गिरिडीह में भाजपाइयों ने निकाला आक्रोश रैली



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में रविवार को कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के अलग-अलग ठिकानों से 300 करोड़ रुपये से अधिक नगद बरामद होने के बाद जिले के भाजपाइयों ने शहर में आक्रोश रैली निकाली। यह रैली शहर के झंडा मैदान से निकल कर शहरी क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होते हुए बड़ा चौक पहुंची और जनसभा में तब्दील हो गयी। जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपाईयों ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए राज्यसभा सांसद धीरज साहू की गिरफ्तारी की मांग की। इस आक्रोश रैली में मुख्य रूप से जमुआ विधायक केदार हाजरा, जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, पूर्व मेयर सुनील पासवान, प्रकाश सेठ, संदीप डंगायच, विनय कुमार सिंह, शालिनी वैशख्यिर, नवीन सिन्हा, चुन्नुकान्त समेत सैकडों की संख्या में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह शहर स्थित झंडा मैदान में रविवार को सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डिलचंद महतो एवं संचालन जिला महासचिव जमाल उद्दीन अंसारी एवं जितेन्द्र मंडल जी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रदेश कमेटी सदस्य सिद्दीकी सेख जी एवं प्रदेश प्रधान सचिव सह प्रदेश कमेटी समन्वय समिति सदस्य सुमन कुमार सिंह जी तथा बोकारो जिला सचिव दिलशाद अहमद की उपस्थित रहे। इस बैठक में



उपस्थित सहायक अध्यापक साथियों ने अपने वक्तव्य में अपना विचार व्यक्त किया तथा सबने मिलकर झारखंड सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया । ज्ञात हो की हेमंत सरकार सत्ता में आने से पूर्व झारखंड के पारा शिक्षकों के लिए अपने हर चुनावी सभा में कहा करते थे की हमारी सरकार बनते ही झारखंड राज्य के पारा शिक्षकों को 3 माह के अंदर वेतनमान देंगे किंतु आज झारखंड सरकार का अंतिम वर्ष पूरा होने को है किंतु अब तक हम सबका मूल मांग वेतनमान नही मिला, जो खेद जनक है।

# निय्याह फाऊंडेशन के द्वारा ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन 160 बच्चों ने लिया भाग, सभी को मिला पुरस्कार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** निय्याह फाऊंडेशन एवं गाईनिका सिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में कलाकृति उत्सव कार्यक्रम के तहत ड्रॉइंग तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन शमशेर नगर स्थित गाईनिका सिटी हॉस्पिटल के प्रांगन मे हुआ। जहां शहर के विभिन्न स्कूल से आए 160 छात्र एवं छात्राओं ने अपनी प्रतिभा एवं कला का प्रदर्शन किया। कार्यकम मे मुख्य अतिथि के रूप मे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई कीर्तिमान स्थापित करने वाले ख्याति प्राप्त कलाकार परम शाह सहित अन्य लोग उपस्थित हुए जिनका स्वागत एवं



सम्मान निय्याह फाऊंडेशन की अध्यक्ष डॉ शबा खान एवं गाईनिका सिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ ज़ीनत परवीन तथा डॉ ए. आर. नून के द्वारा पुष्पगुच्छ, मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन निय्याह फाऊंडेशन की अध्यक्ष डॉ शबा खान ने किया। वहीं जजेस की भूमिका रमीज़ बारी, अविनाश कुमार एवं अखलाक अहमद ने निभाई। मौके पर मुख्य अतिथि परम शाह ने निय्याह फाऊंडेशन को बीस हज़ार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम मे विद्यार्थियों को तीन वर्गो मे बांटा गया था। सब जूनियर ग्रुप मे कक्षा एलकेजी से कक्षा दो तक, जूनियर ग्रुप मे कक्षा तीन से कक्षा छ्ः तक तथा सीनियर ग्रुप मे कक्षा सात से कक्षा दस तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। सभी वर्ग के विजेता एवं उप विजेताओं को मोमेंटो, गिफ्ट हैम्पर एवं नगद राशि देकर पुरुष्कृत किया गया। वहीं इस प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं सांत्वना पुरुष्कार दिया गया। इस मौके पर बच्चों के अभिभावक सहित कई लोग उपस्थित थे। सभी ने इस आयोजन की काफी प्रसंशा की।

## डहरे टुसू पर्व को मनाने को लेकर बेको में बैठक संपन्न



**बगोदर/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर प्रखंड के बेको पूर्वी पंचायत सचिवालय मे रविवार को कुड़मी जानजाति समाज की बैठक आयोजित की गई।जिसमे बीते 5 अक्टूबर को डहरे सोहराय कार्यक्रम की समीक्षा की गई।साथ ही धनबाद व जमशेदपुर आयोजित डसरे टुसू व बगोदर मे कुड़मी जानजाति की प्रशिक्षण की तैयारी पर जोर दिया गया।इस दौरान आगमी 31 दिसंबर को धनबाद तथा अगामी 5 जनवरी को जमशेदपुर मे आयोजित डहरे टुसु कार्यक्रम की सफलता को लेकर बगोदर से अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेने का निर्णय लिया गया। वही इस दौरान समाजिक कुरितियो को दुर करने का निर्णय लिया गया। शादी विवाह, भोज कुड़माली नेगाचारी पर करने पर जोर दिया गया।

# 28 को सहायक अध्यापक करेंगे मुख्यमंत्री आवास का घेराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा आगामी 28 दिसंबर को रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आवास को जाम करके रोषपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। यह निर्णय मोर्चा की बड़ा जमुआ मैदान बरवड्डा में हुई बैठक में ली गई। बैठक की अध्यक्षता नीलांबर रोजगार एवं संचालन नवीन चंद्र सिंह व राजीव सिंह ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मोर्चा राज्य कई सदस्य निरंजन कुमार दे व सुशील कुमार पांडेय भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की हेमंत सरकार सहायक अध्यापक अध्यापिका के साथ दोहरी



नीति अपना रहे हैं। राज्य के 62000 सहायक अध्यापक अध्यापिकाओं का मानसिक एवं शारीरिक शोषण यह सरकार कर रही है। विद्यालय में बिना टीईटी एवं अन्यथा परीक्षा का शिक्षकों की नियुक्ति का 9300 -34800 रुपए का वेतनमान दिया जा रहा है जबकि पुराने 20 वर्षो से सेवारत टीईटी, सीटीईटी एवं आकलन परीक्षा उत्तर सहायक अध्यापकों को वेतन देने में सरकार एवं अधिकारियों को कानूनी एवं तकनीकी परेशानी हो रही है। यह सरकार की गंदी मानसिकता और दोहरे चरित्र को प्रमाणित करता है। हेमंत सरकार के द्वारा 2019 में विपक्ष के नेताओं के तौर पर झारखंड के पारा शिक्षकों से महागठबंधन की सरकार बनने के बाद 3 महीने के के भीतर वेतन देने का वादा किया था। किंतु सरकार के 4 वर्ष बीतने को है उक्त वादा अब तक पूरा नहीं हुआ। ऐसे में इस मामले को लेकर वह 19 दिसंबर को विधानसभा का घेराव करेंगे। उसके बाद भी सरकार की नींद नहीं खुली तो आगामी 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के रांची स्थित आवास को जानकर अनिश्चितकालीन घेराव शुरू करेंगे।

# कोल एम्प्लोइज वेलफेयर एसोसियेशन के पदाधिकारियों व कोल इंडिया के अधिकारियों के साथ एक दिवसीय वार्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** बैकवर्ड क्लास (ओ.बी.सी.) कोल एम्प्लोइज वेलफेयर एसोसियेशन के पदाधिकारियों और कोल इंडिया के अधिकारियों के साथ एक दिवसीय वार्ता सीआईएल मुख्यालय में हुई।

जिसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष महासचिव, कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। वार्ता में राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग का कोल इंडिया एवम अनुसंगी कंपनियों के दौरे के कार्यक्रम की ससमय सूचनाएं देने,



अनुकम्पा के आधार पर नोकरी के लिए दो से तीन वर्ष का समय लग रहा है उसमें सुधार की जरूरत है। ओबीसी रिटायर्ड कर्मचारियों के ग्रेच्युटी का भुगतान अतिशीघ्र करने, एसोसिएशन को वेलफेयर कमेटी में शामिल किया जाए। कोल इंडिया मुख्यालय अन्य इकाइयों में पूर्व प्रधानमंत्री व पूर्व मंडल अध्यक्ष स्व बीपी सिंह के प्रतिमा स्थापित किया जाए।

एसोसिएशन की बैठक के लिए वार्षिक कैलेंडर जारी किया जाए और समय पर बैठक करने की सुनिश्चित करना, अन्य मांगों पर करीब तीन घण्टे तक बैठक चली जिस पर बहुत मांगों पर सहमति बनी हुई है।

भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में किया गया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कहा,

## राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू पर मामला दर्ज करते हुए उन्हें अविलंब गिरफ्तार करें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई द्वारा रविवार को स्थानीय गुदड़ी बाजार संकट मोचन हनुमान मंदिर के निकट भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि झारखंड से कांग्रेस के राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और उससे जुड़े कारोबारियों पर आयकर विभाग की छापेमारी मे करोड़ों रुपये बरामद हुआ। श्री उरांव ने कहा कि अब देश मे भ्रष्टाचार नहीं चलेगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आवाज है भ्रष्टाचार्यों को बक्शा नही जायेगा एक एक पैसा जो जनता का है उसे लोटाना होगा। उन्होंने कहा कि



कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राजद की मिली जुली झारखंड सरकार गरीबों को लूटकर अपना तिजोरी भरने में मशगूल है। झारखंड की जनता बेहाल है कानून व्यवस्था चरमराई हुई है महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है दिनदहाड़े हत्या हो रही है विकास के नाम पर सिर्फ बैनर पोस्टर होर्डिंग लगाकर जनता की गाढ़ी कमाई को बेकार में खर्च कर रही है जनता से लूटा गया पैसा है एक राज्यसभा सांसद के घर जब अरबो रुपया मिलता है तो कांग्रेस के सैकड़ो ऐसे नेता हैं जो आजादी के बाद से मंत्री, सांसद, विधायक, मुख्यमंत्री रहे हैं तो उन लोगों के पास कितना काला धन होगा। ऐसे भ्रष्टाचारी धीरज प्रसाद साहू पर मामला दर्ज करते हुए अविलंब गिरफ्तार करें। पूर्व जिला अध्यक्ष राज किशोर महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के द्वारा घोटाला कर काला धन जमा किया गया है जो किसी भी संविधान में नहीं लिखा हुआ है कि इतना पैसा किसी व्यक्तिगत लोग अपने घर में रख सके चाहे वह कितना भी बड़ा करोबारी क्यों ना हो यह सारा पैसा जनता की गाड़ी कमाई है काला धन है हम ई डी,आई टी के पदाधिकारी से मांग करते हैं कि इतनी बड़ी नगद घर,कार्यालय में मिलने के मामले में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के ऊपर मामला दर्ज करते हुए जल्द गिरफ्तार किया जाए। साथ ही राज्यसभा से बर्खास्त किया जाए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि जनता अब सब जान चुकी है निश्चित तौर पर यह पैसा राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में लगनी थी लेकिन वह पैसा ईडी के डर से तीन राज्यों में हुए चुनाव पैसा नहीं लगा पाए और आज आईटी के हाथ लगी निश्चित तौर पर यह पैसा छत्तीसगढ़, राजस्थान,मध्य प्रदेश में लगी होती तो आज चुनाव को यह कांग्रेसी जरूर प्रभावित करते। कार्यक्रम को श्री चंद प्रजापति नीरज नलिन, हर्षनाथ महतो, समेला भगत, बालकृष्ण सिंह, अनिल उरांव, अमरेश भारती, विवेक सोनी, राजेश महतो, दिलीप पटनायक ने संबोधित किया। कार्यक्रम में जगनंदन पौराणिक, मीना बाखला, सरस्वती देवी, मुकेश साहू, अशोक साहू, सुरेश बैठा, संजय महतो, अशोक घोष, ओम गुप्ता, लक्ष्मण उरांव,प्रमोद प्रजापति, विकास कसकार, अनूप वर्मा, लखन लोहार, प्रदीप सिंह, राजकुमार मुंडा, कुलदीप सिंह, लालू सिंह, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री बाल कृष्णा सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन नगर महामंत्री शंकर प्रजापति ने किया।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 78 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,सभी ने वंदे मातरम,भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 38 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने डॉ कुमुद अग्रवाल को सेवा भारती की पुस्तिका एवं गुलाब फूल दे कर अभिवादन किया और कहा की मानव सेवा ही नारायण सेवा है जरूरतमंदों और असहायों का जितनी भी मदद की जाए कम है, डॉ कुमुद ने कहा की समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहने से



समय पर बिमारी का पता चल सकता है। उपाध्यक्ष शशि भूषण सिंह एंव सचिव जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में काफी दुर दुर से लोग यहाँ आ कर अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं, और यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है, आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिए, आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ. कुमुद अग्रवाल, शशि भूषण सिंह, जयप्रकाश शर्मा, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, सुबोध प्रसाद महतो, अशोक अग्रवाल, जागेश्वर प्रधान, अंजलि सर्राफ, गीता देवी, अतुल सर्राफ, अर्जुन अग्रवाल, रवि अग्रवाल, मुकेश लाल शाहदेव, मनमोहन प्रसाद, मीना देवी, रमेश शर्मा, शांति देवी, कृष्णा प्रसाद, नंदन कुमा, माही कुमारी, किशोर अग्रवाल, उदय कास्यंकार, प्रभु दयाल साहू, सुरेंद्र प्रसाद, चंपा देवी, ओमप्रकाश कास्यंकार, रामचंद्र गिरी, तारा देवी, प्रिया कुमारी, राहुल कुमार, नंदलाल कास्यंकार, चिंतामणि देवीखत्र, नीरज खत्री आदि थे।

## जीईएल चर्च शिवनाथपुर में कटनी पर्व का किया गया आयोजन, पूर्व मंत्री हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** प्रखंड के शिवनाथपुर स्थित जीईएल सर्च शिवनाथपुर में रविवार को धूमधाम के साथ मसीह समुदाय के द्वारा कटनी पर्व का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मुख्य रूप से मौजूद रहे जहां पर आगंतुक अतिथियों का उपस्थित लोगों के द्वारा पारंपरिक वाद्य यंत्र एवं माला पहनकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा हमारा क्षेत्र कृषि आधारित क्षेत्र है जहां पर जीविका पार्जन कृषि से संभव है ।इस क्षेत्र में धान की फसल काटने के बाद सभी लोग ईश्वर को धन्यवाद देने के लिए कटनी पर्व का आयोजन



करते हैं। और इसी के निमित्त आज यह पर्व का आयोजन किया है और परमपिता परमेश्वर को अच्छी फसल देने के लिए सभी लोगों ने धन्यवाद दिया है ,क्योंकि इस संसार को चलाने के लिए परमपिता परमेश्वर की मर्जी होती है। उन्हीं के बनाये इस संसार में हम सभी खेती करते हैं और ईश्वर प्राकृतिक आपदा एवं सभी प्रकार के संकटों से हमारे फसलों को बचाता है।ईश्वर की कृपा से नुकसान नहीं होता है और सुरक्षित रहता है। जिसके बाद हम सालों भर अपने परिवार का गुजारा उसी से करते हैं ।इसीलिए हम सभी को इस प्रो में ईश्वर को धन्यवाद देने की आवश्यकता है। आप समाज को एक सूत्र में बांधते हुए मजबूत करें समाज में पहले अंधविश्वासों को हटाए और समाज के युवा वर्गो को आगे आने का मौका दें ताकि समाज का भला हो।

## महर्षि दयानंद सरस्वती जी के जीवन को आत्मसात करने की जरुरत : कृपा प्रसाद सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण लोहरदगा में महर्षि दयानंद सरस्वती जी के 200 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आर्य युवा सम्मेलन आयोजित की गई। समाजसेवी हनुमान प्रसाद राजगढ़िया जी द्वारा आर्यवीर दल का धजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इससे पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किशन आर्य द्वारा हवन कराया गया। आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लोहरदगा के अलावे गुमला, लातेहार, सिमडेगा, बोकारो, रांची आदि जिलों से कुशल वक्ताओं द्वारा युवाओं का मार्गदर्शन किया गया। जिसमें वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद



सिंह, चिकित्सक डॉ. शंभू नाथ चौधरी, गिरिवर शिशु मंदिर से चंदन भारती, डीएवी के शिक्षक जितेंद्र मेहेर, सेवानिवृत्त शिक्षक वैद्यनाथ मिश्र, सतीश जायसवाल, आचार्य सोमनाथ शास्त्री, भूषण प्रसाद, समाजसेवी दीपक कुमार, आचार्य गणेश शास्त्री, डॉ. प्रतिभा शास्त्री, विजय साहू आदि ने अपने महत्त्वपूर्ण विचारों के साथ मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृपा प्रसाद सिंह ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों को महर्षि दयानंद सरस्वती जी के जीवनी,उनके द्वारा राष्ट्र के उत्थान के लिए किए गए कार्यो को युवाओं को बताकर उन्हें प्रेरित किया गया। कृपा प्रसाद सिंह ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती जी के कार्यो को हम सभी को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। आचार्य शरचचंद्र आर्य ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती जी के प्रयासों से ही राष्ट्र को आजादी मिली।

## लिंग आधारित भेद भाव के विरुद्ध फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक उच्च विद्यालय खेल मैदान मे लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध महिला मंडल द्वारा महिलाओं का फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। अयोजिय खेल प्रतियोगिता संकुल स्तर और ज्ञान ज्योति के बीच मैच कराया गया। जिस पर मैच में दोनों ही टीम बराबरी पर रही। जिसे ट्राइब्रेकर में संकेत कलस्टर की टीम 1-0 से ज्ञान ज्योति को पराजित विजयी रही। वंही औनँप्रखंड समन्वयक पूनम देवी ने कहा कि लिंग आधारित भेद भाव को मिटाने के उद्देश्य से महिला मंडल द्वारा इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया जा रहा है। जिसे की महिला पुरुष के बीच किसी तरह का भेद भाव न रहे। और बराबर समन्वय बना रहे। मौके पर जानकी देवी, राजमुनी कुजूर, जयंत कांडुलना, उमंग कुमार साहु, सुनैना उरांव, पूनम देवी, प्रतिमा कुजूर, शीतल कुमारी, प्रीति कुमारी, सुनैना उराँव सहित महिला मंडल सदस्य की अन्य दीदियाँ उपस्थित थे।

## आगामी 24 दिसंबर को रांची में रैली को सफल बनाने हेतु किया गया चर्चा



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनजाति सुरक्षा मंच लोहरदगा का बैठक बनवासी कल्याण केंद्र में किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से 24 दिसंबर को रांची में रैली को सफल बनाने हेतु चर्चा किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जनजाति सुरक्षा मंच के क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव, बनवासी कल्याण केंद्र के राघव राणा, जिला सचिव अजय पंकज, संजय विश्वकर्मा, राजेश्वर उरांव, दिलीप लकड़ा, अनिल यादव, हरी लाल उरांव, संजय उरांव, नंदकिशोर लोहार, करमू उरांव, धनेश्वर साहू, मंगल उरांव, महिला कमेटी से सुमति कश्यप, ललिता देवी, नीलू देवी, मुन्नी देवी, सुलेखा, पूनम कुमारी, निर्मला कुमारी आदि मौजूद थे।

## जेएसएलपीएस व आईएफसी प्रोग्राम के तहत खुला जैविक संसाधन केंद्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ठेठईटांगर :** प्रखंड के जामबाहर गांव में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी तथा तकनीकी सहायता प्रदान संस्था के द्वारा चल रहे एकीकृत कृषि संकुल (आईएफसी) प्रोग्राम अंतर्गत जैविक संसाधन केंद्र (बीआरसी) भजन्ती देवी के द्वारा खोला गया । इसका उद्घाटन टुकुपानी पंचायत के मुखिया रामचंद्र मांझी के द्वारा किया गया। इस संसाधन केंद्र में सभी तरह के जैविक खाद जैसे नाडेप खाद, वर्मी कंपोस्ट, केंचुआ खाद, बिजामबृत, जीवामृत तथा जैविक कीटनाशक जैसे ब्रह्मास्त्र, नीमस्त्र, अग्निअस्त्र आदि उचित मूल्य पर जैविक खेती करने वाले किसानों को मिलेगा। वर्तमान में ठेठईटांगर प्रखंड में बहुत सारे किसानों के द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा जेएसएलपीएस के द्वारा दिया जा रहा है इसमें रासायनिक खाद एवं कीटनाशक को छोड़कर लोग पुरानी परंपरा जैविक खेती की ओर लौट रहे है इसमें जेएसएलपीएस के सहयोगी संस्था प्रधान के द्वारा किसानों को प्रशिक्षित एवं जागरूक किया जा रहा है। इस उद्घाटन कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के लाइवलीहुड जिला प्रबंधक गायत्री भगत, प्रखंड के बीपीएम संदीप कुमार, क्षेत्रीय विषयक समन्वयक मरियाना गुड़िया, आईएफएससी समन्वय पंकज कुमार कौटिल्य, बीआरपी सुषमा प्रधान, परवीन गुड़िया तथा प्रखंड के कृषि मित्र पशु सखी एवं किसान उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी का मिलन समारोह में कंवलजीत सिंह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ की घर वापसी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी के मिलन समारोह में लोहरदगा जिले से सैकड़ो की संख्या में लोगो ने रांची पहुंचकर आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी मुख्यालय हरमू रोड में माननीय पूर्व उपमुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में आज लोहरदगा से घर वापसी करते हुए पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व सचिव रँथु ऊराँव, नारी नवाडीह से भाजपा के इकारामूल अंसारी, ओबीसी मोर्चा के राजू ऊराँव, हरमू मुखिया सुनील उरांव, सेवा निवर्त बैंक प्रबंधक एन कुजूर, कांग्रेस पार्टी के पूर्व लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष मुस्तफा अंसारी, भारतीय मजदूर संघ के नेता रोहित भगत के अलावा राष्ट्रीय दल एवं क्षेत्रीय दल के अन्य कार्यकर्ताओं सहित सागर वर्मा, विनोद सिंह, मनोज गुप्ता, ब्रज सिंह, संदीप भगत, विक्रम कुमार, मिथुन चंदेल, जतरू मुंडा, तारकेश्वर महतो, राजेश शर्मा, संजीव शर्मा, अरुण सिंह, रिशु कुमार, सत्येंद्र उरांव, विजय भगत, रियाज अंसारी, मुस्ताक अंसारी, सनाउल्लाह अंसारी, समरूल अंसारी, अहमद राजा, शबनम खातून, सुनील उरांव, शमशेर अंसारी, विनोद साहू, करमचंद उरांव, अभय सिंह, सुनील छतरी, रामानंद सिंह सहित सैकड़ो लोगों का स्वागत केंद्रीय अध्यक्ष माननीय सुदेश महतो के द्वारा माला पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई गई।

## महिला हिंसा के खिलाफ लगातार आवाज उठाएंगे और इसे समाप्त कर के रहेंगे : जोसिमा खाखा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** गरजा पंचायत भवन में रविवार को एकल नारी संगठन के तत्वावधान में महिला हिंसा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर सभी ने एक स्वर में महिला हिंसा समाप्त करने की मांग बुलंद की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। जोसिमा का स्वागत संगठन की एभंजेलिस्ता कंडुलना एवं अगुस्टिना सोरेंग ने बुके देकर किया। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि केंद्र सरकार महिला हिंसा को रोकने के लिए कानून बनाने के नाम पर लीपापोती करने में लगी है। जबकि हकीहक तो यह है कि देश में महिलाओं पर हिंसा थमने के बजाय दिनों दिन तेजी से बढ़ता ही जा रहा है। दिल दहला देने ही घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारे खुलेआम सड़को में घूमते नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि आजकल का दौर ऐसा है कि लड़कियों के लिए भारत की सड़कें सुरक्षित नहीं हैं। वह किसी भी काम से रात को घर से बाहर नहीं निकल सकतीं। रात कितनी भी सुंदर या रूमानी क्यों न हो, रात हमारी बहन बेटियों की या हम महिलाओं की नहीं हो सकती। सरकारों और सुरक्षा का सिस्टम महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता पर नहीं रखता। जोसिमा ने कहा कि अब महिलाओं पर हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गांव, शहर और देश में महिला हिंसा के खिलाफ लगातार आवाज उठाएंगे और इसे समाप्त करेंगे। सरकार और सिस्टम को महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखना होगा। उन्होंने कहा कि लैंगिक समानता बढ़ाने के साथ महिलाओँ को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना होगा।

## मजदूरों के लिए सिमडेगा व केरसई में विधायक भूषण बाड़ा अपने मद से बनवाएंगे रैन बसेरा : जोसिमा खाखा



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मजदूर यूनियन जिला कमेटी के तत्वावधान में पर्यटक स्थल दनगद्दी में रविवार को राजमिस्त्री सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूनियन के जिलाध्यक्ष दीपक लकड़ा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। उन्होंने मजदूरों के साथ खड़ा रहने का भरोसा जातया। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा शुरु से ही मजदूरों का ख्याल रखते रहे हैं और आगे भी रखते रहेंगे। कोरोना के समय भी दूसरे दूसरे राज्यों में फंसे मजदूरों को वापस लाने का काम विधायक ने किया है। सिमडेगा और केरसई में मजदूरों के लिए जल्द ही विधायक मद से रैन बसेरा का निर्माण विधायक भूषण बाड़ा ने करने की घोषणा की है। उन्होंने मजदूरों को अपने हक और अधिकार के लिए जागरुक रहने की अपील की। वहीं विशिष्ट अतिथि ठेठईटांगर जिप सदस्य अजय एक्का व जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा ने कहा कि जिले में हमेशा से मजदूरों का शोषण होता रहा है।

## रैयत लोगों के साथ किया जा रहा है छलावा : कृष्ण पहान

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को लोहरदगा कैमो बड़का टोली में पेशा ग्राम सभा का आयोजन ग्राम प्रधान कृष्णा पहान की अध्यक्षता में की गई। बैठक में एन एच 143 ए बाई पास रोड़ बनाने के लिए इन गांवों हिरही, कैमो, गुड़गांवा, बाजार किस्को, जोरी सहेदा, बक्सी, सहेदा, बेटहठ, निंगनी, बगड़ू,चांदकोपा, पतरातु, हिसरी, आरेय, बंसरी, सेन्हा और अरू है। बैठक में विशेष रूप से बाई पास निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है को लेकर ग्रामीणों ने विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिन रैयतों का जमीन बाई पास रोड़ में जा रहा है के अलावे पूरे ग्रामीणों ने चर्चा के दौरान यह बात खुल कर आई कि भूमि अधिग्रहण का जो प्रक्रिया है संदेहास्पद है क्योंकि भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2015 झारखंड सरकार का मापदंड का घोर उल्लंघन साफ दिखाई दे रहा है। इसे रैयत अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। साथ ही बिना नोटिस बिना सूचना दिए बगैर रैयतों से बैंक पासबुक, आधार कार्ड, जमीन रशीद, खतियान का कोर्ट से शपथपत्र बनवाकर, एल पी सी, वंशावली बनाकर मुखिया से हस्ताक्षर मोहर लगाकर दास्तवेज कागजात जमा किया जा रहा है और अभी तक रैयत लोग जमा कर ही रहा है।

## बहुत जल्द मदरसा में क्लासरूम व छात्रावास का होगा निर्माण : वारिस कुरैशी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** 9 दिसम्बर दिन शनिवार को झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के माननीय सदस्य वारिस कुरैशी ने कुडु प्रखंड अंतर्गत ग्राम बारीडीह में मदरसा मुफीदुल इस्लाम का दौरा कर इस मदरसा के नाजिम मौलाना हुसैन साहब से सारी जानकारी ली। मौलाना साहब ने बताया कि इस मदरसा में 200 से अधिक बच्चे तालीम हासिल करते है यहां इस्लामिक शिक्षा के साथ-साथ स्कूली शिक्षा भी दी जाती है यहां से हर साल वोस्टानिया फोकानिया एवं मौलवी के लिए छात्र सामिल होते है। आगे मौलाना साहब ने माननीय सदस्य वारिस कुरैशी से आग्रह किया कि अधिक बच्चे होने के कारण बच्चों के बैठने और रहने मे काफी परिसानी होती है। बेहतर होता अगर इन बच्चों के लिए क्लास रूम और रहने के लिए छात्रावास अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से निर्माण हो जाता है। इस पर श्री कुरैशी ने आश्वस्त कराया कि इस दिशा में



बहुत जल्द प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत क्लासरूम एवं छात्रावास निर्माण कराने की दिशा में पहल किया जाएगा। श्री कुरैशी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक कल्याण से संबंधित योजनाओं कि जानकारी दी। आगे कहा कि एमएसडीपी का नाम बदलकर प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम कर दिया गया है अब इसी के तहत वो सारे अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़े काम जो एमएसडीपी के तहत होता था होता रहेगा। श्री कुरैशी ने ग्रामीणों को आगे बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत युवा एवं कारोबारी व्यवसाय एवं छोटे उद्योग लगाने के लिए आवेदन कर लोन प्राप्त कर सकते है। इस लोन योजना में लाभार्थियों को 40 प्रतिशत सब्सिडी पर लोन दिया जाता है। छात्रों, छात्राएं छात्रवृत्ति फार्म ऑनलाइन भर सकते है, राज्य सरकार के द्वारा गरीब ग्रामीणों की लिए अबुवा आवास योजना है इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों के लोग आवेदन कर आवास बनवा सकते हैं। साथ मे नसीम अंसारी, मुनीम अंसारी रौनक इकबाल, प्रवेज आलम, शहजाद अंसार, मौलाना अख्तर, जुबैर अंसारी एवं आदि काफी लोग उपस्थित थे।

## धीरज साहु पर एफआईआर कर जल्द हो गिरफ्तारी : कोचे मुंडा

### कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर भाजपा ने किया एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर 300 करोड़ से अधिक नगद राशि मिलने पर कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी ने महावीर चौक पर किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन धरना प्रदर्शन करते हुए **तोरपा विधायक सह धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कोचे मुंडा ने कहा कि :** जनता के सामने कांग्रेस का भ्रष्टाचारी चेहरा सामने आ गया है एक राज्यसभा सांसद के पास 300 कोरोड़ मिलना जो कि गिनती अभी जारी है ये आंकड़ा 700 करोड़ तक पहुंच सकती है ये गरीब राज्य झारखंड पर एक तमाचा है जो कांग्रेस ने झारखंड की गरीब जनता को मारने का काम किया है ऐसे भ्रष्टाचारी सांसद पर अविलंब स्न्ढ्क्र करते हुए गिरफ्तार करनी चाहिए। कांग्रेस या कांग्रेस गठबंधन की सरकार जब जब सत्ता में आती है लूट कर तिजोरी भरना सुरु कर देती है पर नरेंद्र मोदी जी की गारंटी है कि एक भी भ्रष्टाचारी नहीं बचेंगे ना खाऊंगा ना खाने दूंगा उन्हें एक एक पाई चुकानी



पड़ेगी। राज्य में कांग्रेस की गठबंधन सरकार बनते ही बालू कोयला और अवैध पत्थर खनन कर कांग्रेस राज्य को खोखला कर रही है भारतीय जनता पार्टी इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी कांग्रेस जो बतानी चाहिए कि क्या ये रकम झारखंड में आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए रखे गए थे राज्यसभा सांसद धीरज साहु द्वारा अवैध रूप से शराब की फैक्ट्रियां चलाई जाती है इनकी भी जांच होनी चाहिए । कांग्रेस पूरे देश मे मोहब्बत की दुकान खोल रही है पर उस मोहब्बत की दुकान में भ्रष्टाचार से अर्जित किये धन मिल रहे हैं, पर मोदी की गारंटी है कि कोई भी भ्रष्टाचारी कानून के चुंगल से नहीं बचेगा। साथ ही **पूर्व विधायक विमला प्रधान :** राज्य में विधि व्यवस्था पूरी तरीके से चौपट है राज्य की हेमंत सोरेन के नेतृत्व में एक भ्रष्टाचारियों का मंडली बना हुआ है जो राज्य को केवल लूटने का काम कर रहा है धीरज प्रसाद साहू के यहां बरामद रूपया कहीं ना कहीं आम जनता का पैसा है कांग्रेस पार्टी का भ्रष्टाचार एक ही सिक्के के दो पहलू मोदी जी सत्ता में आने के बाद पूरे देश मे विकास की गति तेज हुई है अभी पूरे देश मे हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम चल रहा है केंद्र सरकार की अनेक लोककल्याणकारी कार्य झारखंड में भी चल रही है पर झारखंड सरकार योजनाओं को धीमा करने का कार्य कर रही है।

